बैशाख कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 1 मई 2024
वर्ष-34, अंक-94, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





अंतरिक्ष में सबसे बड़े जटिल परमाणु की खोज 16

यिम्मी यिम्मी गाने में जैकलीन ने उड़ाए होश 15







## एक नजर

### लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो शूटर गिरफ्तार

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई-रोहित गोदारा गिरोह के दो शूटर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपियों - दिल्ली निवासी रवि कुमार (30) और गुरुग्राम निवासी विशाल उर्फ कालू (27) जवाबी गोलीबारी में घायल हो गए। दोनों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो देशी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए हैं। दोनों गुरुग्राम के व्यापारी सचिन उर्फ गोदा की हत्या में भी वांछित थे।

### धोखाधड़ी में विजया बैंक के पूर्व प्रबंधक को जेल

**हैदराबाद।** सीबीआई की एक अदालत ने हैदराबाद में विजया बैंक, नामपल्ली के पूर्व शाखा प्रबंधक वीपी पद्मनाभ को बैंक धोखाधड़ी मामले में दोषी करार देते हुए तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और 65 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई ने मंगलवार को बताया कि एजेंसी ने 20 अप्रैल, 2006 को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### हादसे का शिकार होने से बची नैनी जनशताब्दी एक्सप्रेस

**मुरादाबाद।** देहरादून से काठगोदाम जाने वाली नैनी जनशताब्दी एक्सप्रेस मंगलवार देर रात हादसे का शिकार होने से बच गई। रेलवे प्रशासन ने जांच बैठाई है। ट्रेन संख्या 12091 नैनी जनशताब्दी एक्सप्रेस मंगलवार शाम देहरादून से काठगोदाम के लिए रवाना हुई। बताया गया कि ट्रेन स्योहारा रेलवे स्टेशन के नजदीक पहुंची तो पटरियों पर बड़े पत्थर रखे हुए थे। ड्राइवर ने दूर से ही पत्थरों को देख लिया और ट्रेन की गति कम कर दी। जिससे ट्रेन हादसे का शिकार होने से बच गई। ड्राइवर की सूझबूझ से हादसा टल गया। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मामले में जांच बैठाई गई है।

# रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम घोषित

**टी-20 क्रिकेट विश्वकप**

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 क्रिकेट विश्वकप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सीनियर चयन समिति ने मंगलवार को आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का एलान किया।

टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया है। वहीं, रिजर्व खिलाड़ी के रूप में शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान को रखा गया है।




● **आईपीएल :** राजधानी के इकाना स्टेडियम में मार्कस स्टोइनिस की शानदार बल्लेबाजी से एलएसजी ने मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हराया।

# आईएमए अध्यक्ष के बयान से सुप्रीम कोर्ट नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी

**पतंजलि मामला**



- **पीठ ने कहा- अदालती कार्यवाही पर दुर्भाग्यपूर्ण और परेशान करने वाली हैं टिप्पणियां**
- **आईएमए के अधिवक्ता से कहा, यह सबसे गंभीर बात होगी...परिणामों के लिए तैयार रहें**

सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव की कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों से उत्पन्न अदालती कार्यवाही के खिलाफ आईएमए के अध्यक्ष डॉ आर वी अशोकन की टिप्पणियों को गंभीरता से लिया और मंगलवार को उसके अधिवक्ता से कहा कि आप यह कैसे तय करेंगे कि हमें अपनी कार्यवाही किस तरह से करनी चाहिए।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने बाबा रामदेव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी को आईएमए अध्यक्ष द्वारा मीडिया के समक्ष दिए गए बयानों को अदालत के रिकॉर्ड पर लाने की अनुमति दी। पीठ ने आईएमए के वकील से मौखिक रूप से कहा आप यह कैसे तय करेंगे कि हमें अपनी कार्यवाही किस तरह से करनी चाहिए। न्यायमूर्ति कोहली की पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 7 मई की तारीख मुकर्रर करते हुए रोहतगी को दो दिनों के भीतर इस संबंध में (बयान) एक आवेदन दाखिल करने की अनुमति देते हुए कहा हम इस मुद्दे से अलग से निपटेंगे। इससे पहले पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता रोहतगी ने आईएमए अध्यक्ष के हवाले वाली खबरों को सामने लाने की मांग करते हुए कहा कि ये अदालती कार्यवाही पर दुर्भाग्यपूर्ण और परेशान करने वाली टिप्पणियां हैं। पीठ ने रोहतगी की दलील पर जवाब देते हुए पीठ ने आईएमए के अधिवक्ता से कहा यह सबसे गंभीर बात होगी...परिणामों के लिए तैयार रहें।

### उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण को फटकारा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड से जुड़े भ्रामक विज्ञापनों के मामले में छह साल तक उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के कार्रवाई नहीं करने को लेकर मंगलवार को उसे कड़ी फटकार लगाई और कहा कि यदि यह सहानुभूति एवं दया चाहता है तो अदालत के प्रति ईमानदार रहना होगा। स्पष्टीकरण पर असंतोष प्रकट करते हुए शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि प्राधिकरण कोर्ट के 10 अप्रैल के आदेश के बाद ही क्यों जगा।

## अमित शाह के फर्जी वीडियो मामले में देश के कई राज्यों में कार्रवाई

# कांग्रेस व आप नेता गिरफ्तार 17 पर रिपोर्ट, 12 को नोटिस

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का फर्जी वीडियो साझा करने के आरोप में कांग्रेस के एक नेता और आप के एक पदाधिकारी को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान बनासकांठा के पालनपुर निवासी सतीश वंसोला और दाहोद जिले के लिमखेड़ा शहर से राकेश बारिया के रूप में हुई है। वहीं महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल सहित 17 लोगों पर केस दर्ज किया गया है। दूसरी ओर दिल्ली पुलिस ने 12 और लोगों को नोटिस भेजा है।

वंसोला पिछले छह वर्षों से कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी के निजी सहायक के रूप में काम कर रहे हैं, जबकि बारिया पिछले चार वर्ष से आप की दाहोद इकाई के अध्यक्ष हैं। दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले वंसोला बनासकांठा जिला कांग्रेस के महासचिव भी हैं।

### सपा उम्मीदवार लालजी वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**अंबेडकरनगर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का एडिटेड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में कटेहरी विधायक और जनपद से सपा के लोकसभा उम्मीदवार लालजी वर्मा पर दिल्ली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया है। सोमवार देर रात दिल्ली पुलिस ने लालजी वर्मा के घर पर दबिश दी। उनको नोटिस थमाया व जवाब भी मांगा है। लालजी वर्मा पर गृहमंत्री अमित शाह के बयान को फर्जी ढंग से सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप है। नोटिस मिलने की पुष्टि करते हुए लालजी वर्मा ने कहा कि भाजपा विपक्षी नेताओं को डरा धमका कर गलत आचरण कर रही है।

दोनों के खिलाफ विभिन्न समूहों में वैमनस्य को बढ़ावा देना, वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा पैदा करने या बढ़ावा देने वाले बयान के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस उपायुक्त लवीना सिन्हा ने कहा कि दोनों आरोपियों ने अमित शाह के संपादित वीडियो को अपने फेसबुक पेज पर साझा किया था।

वहीं गुजरात में मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल और 16 अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

डीपफेक द्वारा बनाए गए फर्जी वीडियो में अमित शाह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण अधिकारों को खत्म करने की घोषणा करते हुए नजर आ रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में भाजपा की मुंबई इकाई के पदाधिकारी प्रतीक करपे ने सोमवार को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, इसके पीछे आरोपियों का मकसद केंद्रीय मंत्री को बदनाम करना था। शिकायतकर्ता ने पुलिस से डीपफेक वीडियो को तुरंत हटाने और उन आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का भी अनुरोध किया, जिन्होंने विभिन्न जातियों में दुश्मनी और नफरत पैदा करने के लिए इसे कथित तौर पर साझा किया था। इस मामले में जम्मू-कश्मीर में भी केस दर्ज किया गया है।

### फर्जी वीडियो मामले में सियासी घमासान तेज

**नई दिल्ली।** फर्जी वीडियो मामले में राजनीतिक घमासान भी तेज हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने के मामले में 12 और लोगों को नोटिस भेजा गया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी समेत कई अन्य को मामले के जांच अधिकारी के सामने पेश होने को नोटिस जारी किया गया है।

# हम आतंकवाद पर डोजियर नहीं भेजते, घर में घुसकर मारते हैं

लातूर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मुंबई हमले के बाद कांग्रेस सरकार के दौरान डोजियर भेजने के चलन के विपरीत भाजपा नेतृत्व की सरकार ने आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारा।

मोदी ने महाराष्ट्र के लातूर में एक चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान खबरों की सुर्खियां होती थीं कि भारत ने आतंकी गतिविधियों के बारे में पाकिस्तान को एक और डोजियर सौंपा। उन्होंने कहा कि यह बड़ी खबर हुआ करती थी। मीडिया में हमारे कुछ मित्र ऐसे किसी भी डोजियर के भेजे जाने पर ताली बजाते थे। मोदी ने कहा कि आज भारत डोजियर नहीं भेजता बल्कि घर में घुस के मारता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नए भारत की सुर्खियां हैंः मिशन एलओसी, भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान को दंडित किया। उन्होंने ने यह भी दावा किया कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' ने एक ''फॉर्मूला'' तैयार किया जिसके तहत विपक्षी गठजोड़ में शामिल दलों को सत्ता में आने पर एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री का पद मिलेगा। मोदी ने कहा कि ऐसी व्यवस्था से देश के हित की आशा नहीं की जा सकती।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग किस्तों में प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्होंने हर साल एक प्रधानमंत्री बनाने का फैसला किया है। मोदी ने कहा कि 2014 और 2019 में आपने हमें भारी जनादेश दिया।



लातूर, महाराष्ट्र में चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित करते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस। ● एजेंसी

- **महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को घेरा**
- **हर साल प्रधानमंत्री बदलने के विपक्ष के फार्मूले पर किया कटाक्ष**

### कांग्रेस ने लोगों के सपनों को कुचला

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में भारत की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब मैं एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात करता हूं तो कांग्रेस के शहज़ादे को बुखार आ जाता है। उन्होंने कहा कि देश को लूटने वाले जेल में हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश के लोग हमेशा मेहनती और प्रतिभाशाली रहे हैं, लेकिन कांग्रेस ने उनके सपनों को कुचलने का पाप किया।

# कूकी महिलाओं को पुलिस ने ही भीड़ को सौंप दिया था

नई दिल्ली, एजेंसी

**सीबीआई की चार्जशीट**

- **पीड़ित महिलाओं में से एक करगिल युद्ध में शामिल सैनिक की पत्नी थी**

मणिपुर में कूकी-जोमी समुदाय की दो महिलाओं को पुलिसकर्मियों ने ही कथित तौर पर उस भीड़ के हवाले कर दिया था, जिसने उन्हें निर्वस्त्र कर घुमाया था। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के आरोपपत्र में यह जानकारी दी गई है।

सीबीआई के आरोपपत्र में कहा गया कि कांगपोकपी जिले में इन महिलाओं ने पुलिसकर्मियों के सरकारी वाहन (जिप्सी) में शरण मांगी थी, लेकिन वे दोनों महिलाओं को वाहन में बिठाकर करीब 1000 मेइती दंगाइयों की भीड़ के सामने ले गये। इसमें कहा गया कि इसके बाद दोनों महिलाओं से सामूहिक दुष्कर्म करने से पहले उन्हें निर्वस्त्र कर घुमाया गया। यह घटना राज्य में जातीय हिंसा के दौरान की है। आरोप पत्र का विस्तृत ब्योरा देते हुए अधिकारियों ने कहा कि पीड़ित महिलाओं में से एक करगिल युद्ध में शामिल सैनिक की पत्नी थी। अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं ने पुलिसकर्मियों से उन्हें वाहन से सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए कहा था, लेकिन पुलिसकर्मियों ने कथित तौर पर उनसे कहा कि उनके पास वाहन की चाबी नहीं है तथा कोई मदद नहीं की। मणिपुर में पिछले साल चार मई की घटना के लगभग दो महीने बाद जुलाई में एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था जिसमें देखा गया कि दो महिलाएं पुरुषों की भीड़ से घिरी हैं और उन्हें निर्वस्त्र घुमाया जा रहा है। सीबीआई ने पिछले साल 16 अक्टूबर को गुवाहाटी में विशेष न्यायाधीश, सीबीआई अदालत के समक्ष छह आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया। इसमें कहा गया कि एके राइफल, एसएलआर, इंसास और .303 राइफल जैसे अत्याधुनिक हथियार से लैस लगभग 900-1,000 लोगों की भीड़ से बचने के लिए दोनों महिलाएं भाग रही थीं। इसमें कहा गया है कि एक भीड़ सैकुल थाने से लगभग 68 किलोमीटर दक्षिण में कांगपोकपी जिले में उनके गांव में जबरदस्ती घुस गई थी। भीड़ से बचने के लिए महिलाएं अन्य पीड़ितों के साथ जंगल में भाग गईं, लेकिन दंगाइयों ने उन्हें देख लिया। अधिकारियों ने बताया कि भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने महिलाओं को मदद मांगने के लिए सड़क किनारे खड़े पुलिस वाहन के पास जाने के लिए कहा। सीबीआई ने कहा कि आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं, जिनमें सामूहिक दुष्कर्म, हत्या, एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना और आपराधिक साजिश से संबंधित धाराएं शामिल हैं।

# बंदी वाहन में लगी आग, चालक समेत 23 ने कूदकर बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **वाहन में सवार थे 14 पुलिसकर्मी और 9 महिला कैदी**

**अमृत विचार :** राजभवन के गेट नंबर-14 के पास मंगलवार सुबह बंदी वाहन के केबिन में अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठते देख चालक समेत 14 पुलिसकर्मियों व 9 महिला कैदियों ने वाहन से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई।

जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पाया, लेकिन तब तक वैन पूरी तरह से खाक हो चुकी थी। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया वाहन में लगे जीपीएस सिस्टम और कैमरों के शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी बताई गई।



वाहन चालक बालेंद्र सिंह ने बताया कि जेल की पुलिस टीम महिला कैदी अनुराधा, अवधरानी, अनुपमा, मिनाक्षी, समेत नौ महिला कैदियों को गोसाईगंज जिला कारागार से न्यायालय में पेशी के लिए ले जा रही थी। राजभवन के गेट नंबर-14 के पास पहुंचते ही केबिन में लगे जीपीएस व कैमरे के पास स्पार्किंग हुई।

### महिला कैदियों को ले जाया जा रहा था कोर्ट

मुख्य शमन अधिकारी मंगेश कुमार के मुताबिक, हजरतगंज फायर स्टेशन के कंट्रोल रूम पर सुबह 11.46 बजे सूचना मिली कि राजभवन गेट नंबर-14 के सामने बंदी वाहन में आग लगी है। जानकारी मिलते ही एफएसओ हजरतगंज रामकुमार रावत दमकल की दो गाड़ियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

## दिल्ली एम्स के छात्रावास में युवती ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के छात्रावास में 21 वर्षीय एक युवती ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार छात्रावास के एक कर्मचारी ने पूर्वाह्न करीब 11.30 बजे युवती का शव फंखे से लटका देखा और संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान एक सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसमें उसने लिखा था कि वह अपनी नर्सिंग की पढ़ाई और बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी के कारण अवसाद में थी।

# सलमान खुर्शीद व उनकी भतीजी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, कायमगंज, फर्रुखाबाद

- **पूर्व विदेश मंत्री की भतीजी मारिया ने वोट जिहाद छेड़ने की अपील की**
- **कहा, भाजपा की बैठकें कराने वाले मुसलमानों का हुक्का-पानी बंद हो**

**अमृत विचार।** कायमगंज कस्बा में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डा. नवल किशोर शाक्य के समर्थन में आयोजित जनसभा में मंगलवार को पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी एवं सपा नेता मारिया आलम खां ने वोट जिहाद छेड़ने की अपील की।

उन्होंने कहा कि भाजपा की बैठकें कराने वाले मुसलमानों का हुक्का-पानी बंद कर देना चाहिए। वोट जिहाद के मामले की गंभीरता देखते हुए मारिया व पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद के विरुद्ध भड़काऊ भाषण देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जनसभा में पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की मौजूदगी में मारिया ने समुदाय विशेष के लोगों से कहा कि बहुत अक्लमंदी के साथ वोट जिहाद करो। यदि हम अभी एक न हुए तो यह समझ लेना हमारा नामोनिशान यहां से मिट जाएगा। संघी सरकार वैसे भी हमारे पीछे पड़ी है। मारिया ने आगे कहा कि कुछ मुसलमानों ने आज यहां भाजपा सांसद मुकेश राजपूत की मीटिंग कराई है। मुझे लगता है समाज को ऐसे लोगों का हुक्का-पानी बंद कर देना चाहिए। एसपी विकास कुमार ने बताया कि उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट मनोज शर्मा की तहरीर पर दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## ईडी ने जब्त की 90 करोड़ की क्रिप्टो संपत्ति

**गेमिंग घोटाला**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने एक ऑनलाइन गेमिंग ऐप 'घोटाले' में बाइनेंस, जेबपे और वजीरएक्स जैसे मंचों के क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में रखे 90 करोड़ रुपये जब्त किया है। वित्तीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि गेमिंग घोटाले से संबंधित धनशोधन जांच के क्रम में इन क्रिप्टो संपत्तियों को कब्जे में लिया गया और फिर उसे ईडी के क्रिप्टो वॉलेट में स्थानांतरित कर दिया गया। यह जांच ई-नगेट नाम के एक फर्जी ऑनलाइन गेमिंग ऐप से संबंधित है।

**अनदेखी** | दो साल पहले 43 जिलों में एनआरएलएम ने खोले थे 204 टीएचआर प्लांट

# 'कुपोषण' की जंग में 153 प्लांट बंद, केंद्रों पर नहीं पुष्टाहार

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की तरफ से 43 जिलों में संचालित 204 टेक होम राशन प्लांट में 153 बजट के अभाव में बंद हो गए हैं।

इस वजह से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार की आपूर्ति प्रभावित है। बंद प्लांटों की जगह एक संस्था द्वारा पुष्टाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन, तीन माह का एक साथ, कम मात्रा में वह भी देर-सबेर मिलने के कारण बच्चों व महिलाओं को नियमित खुराक नहीं मिल रही है। केंद्रों पर नियमित वितरण और पारदर्शिता से पुष्टाहार खरीदने के लिए ठेकेदारी व्यवस्था खत्म की गई थी और दो साल पहले बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से अनुबंध कर ब्लॉकों पर प्लांट खोले गए थे।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार वितरण की हकीकत समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पर दर्ज सर्वाधिक शिकायतें ही बता रहीं हैं। दिसंबर में वितरण संबंधित 7667 शिकायत जिलों से दर्ज हुईं। इसकी फरवरी में मुख्यमंत्री कार्यालय से समीक्षा की गई तो सर्वाधिक शिकायत वाले पांच जिले चिह्नित कर सुधार के निर्देश दिए गए थे।

### इन जिलों में प्लांट

लखनऊ, बदायूं, बागपत, सहारनपुर, उन्नाव, वाराणसी, अमेठी, औरैया, संत कबीर नगर, शामली, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बिजनौर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, इटावा, फतेहपुर, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, झांसी, कन्नौज, लखीमपुर, ललितपुर, महाराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, सोनभद्र, सिद्धार्थ नगर, सुल्तानपुर, आगरा, अलीगढ़, अंबेडकर नगर, आजमगढ़।

- **बजट के अभाव में आंगनबाड़ी केंद्रों पर नहीं हो रही नियमित आपूर्ति**

" प्लांट एनआरएलएम द्वारा संचालित हैं। बंद होने की जानकारी नहीं है। जिन केंद्रों पर समस्या है वहां पुष्टाहार वितरण कराया जा रहा है। आईजीआरएस की शिकायतें निस्तारित कर रहे हैं।

-**सरनीत कौर ब्रोका**, निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग।

### इन जिलों की थी सर्वाधिक शिकायत

सीतापुर - 374, अलीगढ़ - 271, लखीमपुर खीरी - 267, बहराइच - 265, बुलंदशहर - 252

### तीन से छह वर्ष के बच्चों की खुराक में रिफाइंड की कटौती

प्लांट द्वारा सात माह से तीन वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती महिलाओं को घरों पर चना की दाल, दरिया व रिफाइंड मिलता है। इसी तरह केंद्र पर आने वाले तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को तीनों चीजें दी जती हैं। लेकिन, केंद्र पर रिफाइंड नहीं बांटा जा रहा है। जहां प्लांट से आपूर्ति नहीं वहां संस्था प्रीमिक्स यानी तैयार मूंग दाल खिचड़ी, दरिया, लड्डू दे रही है। आपूर्ति पोषण ट्रैक से लाभार्थियों की संख्या के अनुसार होती है, लेकिन डाटा पुराना उठाने के कारण बढ़े लाभार्थी छूट जाते हैं।

# चिकित्सा विशेषज्ञ बोले, कोविशील्ड को लेकर न हों भयभीत

## संशय को किया खारिज, चिंतामुक्त और निडर रहने की दी सलाह

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

▸▸ वैक्सीनेशन से जुड़ीं आशंकाओं पर अमृत विचार ने ली विशेषज्ञों की राय

**अमृत विचार :** हृदयाघात के बढ़ते मामलों के मध्य कोविड वैक्सीन के दुष्प्रभाव की ताजा जानकारी चिंतित करने वाली है। दरअसल, ब्रिटेन की एक कोर्ट में कोविड-19 रोधी वैक्सीन 'कोविशील्ड' निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया कि कुछ मामलों में वैक्सीन के दुष्प्रभाव के रूप में खून के थक्के जम सकते हैं या प्लेटलेट्स की संख्या कम हो सकती है। हालांकि, राजधानी के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने इस संशय को एक सिरे से खारिज कर दिया। विशेषज्ञों ने बताया कि कोविशील्ड पर संशय आधारहीन है। किसी को भी चिंतित नहीं होना चाहिए। इन चर्चाओं से जुड़ी आशंकाओं की सच्चाई जानने को 'अमृत विचार' ने चिकित्सा विशेषज्ञों की राय ली।

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शरद चंद्रा का कहना है कि हृदयाघात से होने वाली अधिकांश मौतों को कोविशील्ड से जोड़कर देखना ठीक नहीं है, कोविशील्ड वैक्सीनेशन का लंबा समय व्यतीत हो चुका है, इसलिए दुष्प्रभाव और भी कम हो चुके हैं।

केजीएमयू के ही फिजियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. नरसिंह वर्मा का कहना है कि एस्ट्राजेनेका कंपनी ने बहुत ही कम मामलों में खून के थक्के होने की आशंका व्यक्त की है। स्पष्ट किया कि दुष्प्रभाव वैक्सीनेशन के तुरंत बाद दिखते



प्रो. नरसिंह वर्मा

हैं, सालों बाद नहीं। इसलिए वैक्सीनेशन कराने वालों को निर्माता कंपनी की इस स्वीकारोक्ति से किसी को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

केजीएमयू में मेडिसिन विभाग के प्रो. डी. हिमांशु ने बताया कि कोरोना रोधी टीकाकरण के बाद केजीएमयू में आने वाले मरीजों के ब्लड की जांच की जाती थी। देखा जाता था कि इनमें खून का थक्का जमने की समस्या तो नहीं है। लेकिन राहत की बात यह थी कि उस दौरान इस तरह के मामले सामने नहीं आये थे।



प्रो.डी. हिमांशु

डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन जामवाल का कहना है कि कोविड महामारी के बाद हार्ट अटैक या हृदयाघात व थम्बोसिस के मामले बढ़ने से चिकित्सकों में पहले भी संदेह उत्पन्न हुआ था। वर्तमान में कंपनी ने दुष्प्रभाव संबन्धित 160-180 मरीजों के जो आंकड़े इंग्लैंड में पेश किये गए हैं, वह पुराने हैं। डॉ. जामवाल के अनुसार संभावित दुष्प्रभाव की अधिकतम अवधि छह माह से दो साल तक रहती है, जो कि बीत चुकी है।



डॉ. नवीन जामवाल

महामारी के दौरान राजधानी स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में कोविड वैक्सीनेशन के नोडल अधिकारी रहे व वर्तमान में बलरामपुर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एनबी. सिंह का कहना है कि कोविशील्ड मॉलीक्यूलर वैक्सीन थी। जिसमें थम्बोसिस व क्लॉटिंग संभावित होती है। किंतु सभी के साथ समस्या होगी, जरूरी नहीं है। सिगरेट पीने वाले सभी को कैंसर तो नहीं हो जाता। उन्होंने कहा कि वैक्सीन के प्रभाव दशकों तक देखने को मिलते हैं। ऐसे में कई लाख लोगों में एक-दो मामले मिल सकते हैं। इसलिए इसे चिंता का विषय न बनाया जाए तो ही बेहतर।

### यह है चिंता का विषय

वैक्सीन निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने सोमवार को ब्रिटेन की अदालत में पहली बार माना है कि कोविड-19 रोधी कोविशील्ड वैक्सीन से थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) व प्लेटलेट्स की संख्या कम पड़ सकती है। यह सिंड्रोम शरीर में खून के थक्के जमने की वजह बनती है, व्यक्ति में ब्रेन स्ट्रोक, कार्डियक अरेस्ट होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं।

### दो हफ्ते के बाद साइड इफेक्ट की संभावना कम

केजीएमयू के न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. आरके गर्ग ने कहा कि खून में प्लेटलेट्स की संख्या कम पड़ सकती है। प्लेटलेट्स आपस में चिपकने लगते हैं, जो थक्के बन जाते हैं। हृदय में खून की धमनियों में या मस्तिष्क को जाने वाली रक्त वाहिकाओं में थक्के जमने से हृदयाघात या ब्रेन हैमरेज की आशंका बढ़ जाती है। हालांकि उन्होंने यूरोपीय औषधि एजेंसी (ईएमए) का हवाला देते हुए बताया कि साइड इफेक्ट की संभावना वैक्सीन लगने के दो सप्ताह तक रहती है। भारत में भी ऐसे कुछ केस रजिस्टर्ड हुए, जो कि वैक्सीन लगवाने वालों की संख्या की अपेक्षा बहुत ही कम हैं।

# आयुर्वेदिक औषधियों की बढ़ेगी विश्वसनीयता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ चरक संहिता में प्रमाणित दावे ही प्रयोग किए जाएं आयुर्वेदिक दवाओं में

▸▸ सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हरकत में आया आयुर्वेद विभाग

**अमृत विचार :** आयुर्वेद दवा कंपनियां, अब भ्रामक प्रचार व बढ़ा-चढ़ाकर प्रलोभन देकर कर आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री नहीं कर सकेंगी। इससे आयुर्वेदिक दवाओं के प्रति विश्वास कायम रहने के साथ ही गुणवत्ता भी बरकरार रहेगी। आयुर्वेदिक औषधियों पर नियमानुसार वहीं अंकित होना चाहिये, जो चरक संहिता में वर्णित शास्त्रीय योग हो या अनुभूति योग से प्रमाणित हो।

उक्त कार्रवाई, उच्च न्यायालय द्वारा पतजंलि व दिव्य फार्मेसी की दवाओं पर अंकित प्रचार को लेकर की गई, टिप्पणी व आदेश के बाद शुरू हो गई है।

न्यायालय के आदेश के बाद सोमवार को उत्तराखंड में राज्य औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें, देहरादून द्वारा दिव्य फार्मेसी व पतजंलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा निर्मित 14 आयुर्वेद औषधियों के उत्पादन पर रोक लगा दी गई है। उक्त संबन्ध में टूड़ियागंज स्तिथ राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो.माखन लाल का कहना है कि पतजंलि की दवाओं के डिब्बे या पैकेट, उन बीमारियों को दर्शाया गया है जिनका आयुर्वेद से सीधा वास्ता ही नहीं है। जैसे श्वासरी औषधि फेफड़े संबन्धी तमक श्वास अंतर्गत आने वाली बीमारियों में लाभदायक है, जोकि उस पर अंकित नहीं है। इसी प्रकार मुक्तावटि, वात-पित्त शामक, हृदय रोग विकार में उपयोगी है, मधुनाशिनी को मधुमेह के लिए उपयोगी बताया है जबकि आयुर्वेद में मधुमेह, प्रमेह का एक प्रकार है। साथ ही प्रधानाचार्य ने बताया कि आयुर्वेद में कोलेस्ट्राल का अलग से प्रावधान इलाज नहीं है। हृदय धमनी में रक्त प्रवाह होता है, कभी कभी चर्बी जमा होने का जिक्र है। फिर भी कालेस्ट्राल दवा बिक्री हो रही है। इसी प्रकार आयुर्वेद में आई ड्राप का प्रावधान नहीं है, फिर भी आई ड्राप की बिक्री धड़ल्ले से बाजार में उपलब्ध है।

इस तरह के भ्रामक प्रचार से आमजन में भ्रांतियां फैलती हैं और अपेक्षित लाभ न मिलने पर आयुर्वेदिक दवाओं के प्रति अविश्वास उत्पन्न होता है। न्यायालय का निर्णय, आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के लिए हितकर है। आमजन को सही जानकारी के साथ आयुर्वेदिक औषधियां उपलब्ध हो सकेंगी।

### एक्ट में संशोधन के बाद बिकने लगी लिव-52 व सिस्टोन सीरप

आयुर्वेद विभाग द्वारा प्रतिबन्धित 32 आयुर्वेदिक दवाओं में लिव-52 व सिस्टोन सीरप बाजार में फिर से बिकने लगे हैं। उन्हें सेंट्रल ड्रग स्टैण्डर्ड कंट्रोल आर्गेनॉइजेशन द्वारा नियमों से संशोधन के बाद प्रतिबन्ध मुक्त किया गया है। इस बाबत आयुर्वेद निदेशक डॉ.पीसी सक्सेना ने बताया कि सैंपल जांच में लिव-52 और सिस्टोन सीरप में शास्त्रीय औषाधियों का मिश्रण पाया गया था। जोकि ड्रग कॉस्मेटिक एक्ट के नियम विपरीत था, प्रतिबन्धित कर दी गई थी। मगर, सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल आर्गेनाइजेशन द्वारा नियमों में संशोधन कर, शास्त्रीय औषधियों के मिश्रण की अनुमति प्रदान कर दी गई है। जिसके बाद उक्त दोनों दवाओं के साथ, उन सभी दवाओं को प्रतिबन्ध मुक्त कर दिया गया है, जिनमें शास्त्रीय औषधि का मिश्रण पाया गया था।

## एक नजर

### डीजीपी ने खिलाड़ी पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. पुलिस के खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर 146 पदक उप्र पुलिस के नाम करने वाले खिलाड़ी जवानों को डीजीपी ने सम्मानित किया। । गौरतलब हो कि वर्ष-2023 में हुई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में उप्र. पुलिस के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर 48 स्वर्ण, 47 रजत एवं 41 कास्य पदक सहित कुल 146 पदक प्राप्त किये थे। इस मौके पर एडीजी पीएसी सुजीत पांडेय, पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मध्यजोन, सचिव उप्र. पुलिस स्पोर्टस कन्ट्रोल बोर्ड एवं पुलिस उप महानिरीक्षक लखनऊ सेक्टर उपस्थित रहे।

### सूचना न देने पर दो सचिवों पर 25-25 हजार जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में सूचना का अधिकार के तहत मांगी गई सूचना न देने पर आयोग ने दो सचिवों पर 25-25 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। ग्रामीणों ने विकास कार्य संबंधित बीकेटी और माल के सचिवों से सूचना मांगी थी। जो निर्धारित समय पर न देने पर आयोग में अपील की थी। इस पर आयोग ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। इस पर डीपीआरओ हिमांशू शेखर ठाकुर ने संबंधित सचिव को नोटिस जारी धनराशि जमा करने को कहा है। चेतावनी दी यदि जुर्माना जमा नहीं किया तो वेतन के कटौती की जाएगी।

### मंडी समितियों के केंद्रों पर गेहूं की खरीद धीमी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गेहूं का बाजार भाव समर्थन मूल्य से अधिक होने पर मंडी समितियों पर संचालित केंद्रों पर खरीद धीमी है। इसे बढ़ाने के लिए मंडी अधिकारी और कर्मचारी किसानों से गांव-गांव संपर्क करने लगे हैं। प्रदेश में गेहूं खरीद के लिए मंडी समितियों ने 80 क्रय केंद्र खोले हैं। कुल 80 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य है, जो मंडियों को बांटा गया है। केंद्र मंडी परिसर में 1 मार्च से खुले थे। लेकिन खरीद अप्रैल से शुरू हुई। समर्थन मूल्य 2,275 रुपये क्विंटल है। जबकि बाजार भाव 2300 से 2400 तक है। इस वजह से खरीद की रफ्तार धीमी है। मंडी में आवक तो रही लेकिन, ज्यादातर किसान केंद्र के बजाय आढ़तियों को गेहूं बेच रहे हैं। इस वजह से अब तक 8 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा सका है। मंडी परिषद से समीक्षा की गई तो धीमी खरीद होने पर अधिकारी और कर्मचारियों को किसानों से संपर्क पर खरीद बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। उपनिदेशक प्रशासन/विपणन मुख्यालय चंदन कुमार पटेल ने बताया कि किसानों से वार्ता कर खरीद करा रहे हैं। इससे कुछ तेजी आई है।

### नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का प्रश्नपत्र हिंदी में

**अमृत विचार, लखनऊ :** अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय की ओर से 14 जून को प्रस्तावित नर्सिंग प्रवेश परीक्षा इस बार हिंदी में होगी। इस संबंध में विवि प्रशासन की तरह से नोटिफिकेशन जारी किया गया है। अभी तक सिर्फ अंग्रेजी में ही नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का प्रश्नपत्र आता था। जिसे समझने में कुछ अभ्यर्थियों को दिक्कत का सामना करना पड़ता था। जिसको देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने नई व्यवस्था शुरू करने का फैसला किया है। प्रदेश के सरकारी और निजी नर्सिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय करा रहा है। विवि की ओर से नर्सिंग के लिए प्रवेश परीक्षा के आवेदन फॉर्म जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी बीएससी व एमएससी नर्सिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं जबकि प्रवेश परीक्षा ऑफलाइन कराई जाएगी। 29 मई आवेदन की अंतिम तिथि है।

# जातीय रैली के मामले में अपना पक्ष रखने कोई नहीं पहुंचा कोर्ट

## आयोग ने 18 अप्रैल को हाईकोर्ट में दाखिल किया था जवाबी हलफनामा

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 22 को होगी



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में उप्र में जातीय रैलियों पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि नोटिस के बावजूद भाजपा, कांग्रेस, सपा व बसपा की ओर से न तो कोई उपस्थित हुआ है और न ही इन राजनीतिक दलों की ओर से किसी अधिवक्ता ने वकालतनामा दाखिल किया है। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 22 मई की तिथि नियत कर दी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव द्वारा वर्ष 2013 में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। पिछली सुनवाईयों के दौरान चुनाव आयोग की ओर से न्यायालय को बताया गया था कि उसने ऑनलाइन जवाबी हलफनामा दाखिल कर दिया है। हालांकि न्यायालय के रिकॉर्ड पर उक्त हलफनामा नहीं पाया गया। इस पर न्यायालय ने आयोग को जवाबी हलफनामा दाखिल करने का अंतिम अवसर दिया था। इसके पश्चात आयोग ने 18 अप्रैल को मामले में अपना जवाबी हलफनामा दाखिल कर दिया। याची के अनुसार, न्यायालय ने पूर्व के आदेश में चुनाव आयोग समेत केंद्र व राज्य सरकारों को जातीय रैलियों के विरुद्ध गाइडलाइंस बनाने का आदेश दिया था।

याची ने बताया कि पूर्व में न्यायालय इस मामले में प्रदेश के चार प्रमुख दलों भाजपा, कांग्रेस, सपा व बसपा को नोटिसें जारी करने का आदेश 11 नवंबर 2022 दे चुकी है, हालांकि इन दलों को नोटिस न मिलने के कारण पुनः नई नोटिस जारी करने का आदेश दिया गया था, नई नोटिस भेजे जाने के बावजूद उक्त राजनीतिक दलों की ओर से उपस्थित नहीं हुआ।

### टैक्सी देने से किया इंकार तो चोरी के फर्जी मामले में दिखाई गिरफ्तारी

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक बुजुर्ग मां ने याचिका दाखिल कर आरोप लगाया है कि एमबीए शिक्षित उसके बेटे अलख मिश्रा को चोरी के फर्जी मामले में सिर्फ इसलिए गिरफ़्तारी दिखा दी गई, क्योंकि उसने रायबरेली के एसपी अभिषेक अग्रवाल को टैक्सी देने से इंकार कर दिया था।

न्यायालय ने मामले को बहुत गंभीर मानते हुए, पुलिस महानिदेशक को मामले में एसआईटी गठित कर जांच कराने का आदेश दिया है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि एसआईटी में ऐसे अधिकारी रखे जाएं जो एसपी अभिषेक अग्रवाल व मामले में शामिल अन्य पुलिस अधिकारियों से वरिष्ठ हों। इसी के साथ न्यायालय ने दो माह में एसआईटी को अपनी रिपोर्ट पेश करने का भी आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति एनके जौहरी की खंडपीठ ने गोमती मिश्रा की याचिका पर पारित किया।

# चुनाव के बीच फिर गरमाई कोविड वैक्सीन पर राजनीति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सांसद डिंपल यादव और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उठाया मुद्दा

**अमृत विचार :** वैक्सीन कोविशील्ड के दुष्प्रभावों पर चली ताजा चर्चा के बीच एक बार फिर इस मुद्दे पर राजनीति गरमा रही है। विपक्ष की राजनीतिक प्रतिक्रियाओं में भाजपा और सरकार को निशाना बनाया जाने लगा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी सांसद डिंपल यादव ने मंगलवार को जहां सरकार को घेरते हुए कई गंभीर आरोप लगाए वहीं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी सवाल खड़े किए हैं।

डिंपल ने कहा कि जब सपा प्रमुख (अखिलेश यादव) ने वैक्सीन लगवाने से इनकार कर दिया था तो भाजपा के लोगों ने कई स्टोरी प्लांट कराई। कहा था कि यह देश हित में नहीं है। डिंपल ने कहा कि जल्दबाजी के चक्कर में कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वालों से चंदा लिया गया और लोगों को जबरदस्ती वैक्सीन लगाई गई। पूरे विश्व में कहीं इस तरह से जबरदस्ती नहीं की गई। डॉक्टरों को जबरदस्ती वैक्सीन लगवाई गई। यह एक तरह का भ्रष्टाचार है जो आज उजागर हुआ है। इस भ्रष्टाचार की वजह से लोगों की जानें जा रही हैं।

वहीं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी कहा कि पार्टी के नेता राहुल गांधी ने वैक्सीन का विरोध नहीं किया था बल्कि उसके जांच की बात उठाई थी, उन्हें बदनाम किया गया। देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था, तब देशवासियों से ताली थाली बजवायी जा रही थी।

# लोकतंत्र के पर्व को उत्सव के रूप में मनाया जाए: नवदीप रिणवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व को उत्सव के रूप में मनाया जाय। उन्होंने कहा कि आगे चरणों में होने वाले चुनाव में हर हाल में मतदान प्रतिशत बढ़ाया जाय।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर जहां तक मतदाताओं की कतार हो, वहां तक छाया की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मतदान प्रभावित न हो, इसके लिए मतदान केंदों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाय। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए मतदान करने में उनकी सहायता की जाय। मतदाताओं को मतदान करने के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े।

प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदेय स्थल की जानकारी के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाय। मतदान केंद्रों पर शुद्ध पीने का पानी और शौचालय की व्यवस्था भी की जाय। उन्होंने कहा कि मतदाता पर्ची का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए। मतदाताओं व मतदान कार्मिकों को लू से बचाने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर की जा रही मूलभूत सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय।

# लोस चुनाव : 5वें चरण के लिए 29 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 13 सीटों के लिए नामांकन की अंतिम तारीख 3 मई

**अमृत विचार :** प्रदेश में पांचवें चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए मंगलवार को 29 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें लखनऊ व मोहनलालगंज सीटों से बसपा प्रत्याशियों के अलावा सपा से पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। नामांकन की अंतिम तारीख तीन मई है। 20 मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि नामांकन करने वालों में मोहनलालगंज (अजा) में दो, लखनऊ में तीन, अमेठी में पांच, जालौन (अजा) में एक, हमीरपुर में तीन, बांदा में छह, फतेहपुर में दो, कौशाम्बी (अजा) में दो, फैजाबाद में तीन व गोंडा के दो प्रत्याशी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मोहनलालगंज (अजा) लोकसभा सीट के बसपा से राजेश कुमार ने नामांकन किया, जबकि लखनऊ सीट से बसपा से मोहम्मद सरवर मलिक ने नामांकन पत्र भरा। जालौन (अजा) सीट के लिए बसपा से सुरेश चन्द्र गौतम ने नामांकन किया। हमीरपुर सीट के लिए बसपा से निर्दोष कुमार दीक्षित ने नामांकन पत्र भरा। बांदा सीट के लिए सपा से कृष्णा देवी व शिव शंकर ने नामांकन किया। फैजाबाद सीट के लिए सपा से पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद व बसपा से सच्चिदानंद ने नामांकन भरा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी सीटों पर नामांकन के लिए समुचित व्यवस्था की गई है।

### गैर न्यायिक स्टाम्प से दो अरब का फायदा

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में वर्ष 2023-24 में गैर न्यायिक स्टाम्प का सरकारी विभागों के कार्यों खूब उपयोग हुआ। इसकी अधिक बिक्री से निबंधन विभाग को 20 अरब का राजस्व प्राप्त हुआ है। जबकि वर्ष 2022-23 में न्यायिक स्टाम्प की बिक्री से 18 अरब का राजस्व मिला था। न्यायिक स्टाम्प व्यापार कर, पीडब्ल्यूडी, आबकारी समेत अन्य सरकारी विभागों में ज्यादा खरीदे गए। सबसे ज्यादा निबंधन विभाग में लेखपत्रों के साथ प्रयोग हुए। सहायक महानिरीक्षक निबंधक सतीश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जितने भी लेखपत्र, बैनामा, इकरार नामा, पट्टा, बंधक पत्र, दान पत्र आदि होते हैं, इन सभी में स्टाम्प ड्यूटी अदा करने करने के लिए गैर न्यायिक स्टाम्प का उपयोग होता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अधिक बिक्री से दो अरब रुपये का अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है।

# 400 पार का मतलब आरक्षण पर वार

## पुनिया बोले, कांग्रेस सत्ता में आते ही शुरू करेगी जातिगत जनगणना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करते पूर्व सांसद पीएल पुनिया। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का 400 पार का मतलब आरक्षण पर वार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आते ही देश में जातिगत गणना शुरू करेगी। पुनिया मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कदम रखते ही वंचितों-शोषितों का शोषण शुरू कर दिया था, जो इस बात का संकेत था कि भविष्य के भारत में भाजपा अपने प्रचंड बहुमत का दुरुपयोग कर संविधान पर आक्रमण करेगी। उन्होंने कहा कि 2014 में सत्ता में आते ही मोदी सरकार ने किसानों की भूमि के उचित मुआवजा कानून पर आक्रमण किया था, फिर बाद में किसानों की आमदनी हड़पने के लिए कृषि के काले कानून लाने का दुस्साहस किया। सरकार का यह आक्रमण देश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी वर्ग के किसान परिवारों पर था।

पुनिया ने कहा कि मोदी सरकार ने दूसरा बड़ा आक्रमण सार्वजनिक उपक्रमों को बेच कर शुरू किया। सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया था कि सार्वजनिक उपक्रमों को बेचने के बाद एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण निजी क्षेत्र में बरकरार नहीं रखा जा सकता।

प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सुशीला पासी, महिला कांग्रेस मध्य जोन की अध्यक्ष ममता चौधरी, प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन मनोज यादव, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### हर व्यक्ति के नाम पर जारी कराए छह-छह सिम

**अमृत विचार, लखनऊ :** गरीब और अनपढ़ ग्रामीणों का आधार कार्ड लेकर अवैध सिम जारी कराने वाला अभय एक-एक व्यक्ति के नाम पर छह-छह सिम जारी कराकर दुबई भेजता था। प्रति सिम तीन सौ खर्च कर तीन हजार कमाने का धंधा इतना भाया कि उसने गिरोह बनाकर यह काम करना शुरू कर दिया। एसटीएफ की पूछताछ में अभय सिंह ने बताया कि 2021 से अब तक 32 से अधिक फर्जी कंपनियों के नाम से लगभग 4000 कॉर्पोरेट सिम खरीद कर दुबई भिजवाया है, जिनका प्रयोग व्हाट्सएप और टेलीग्राम एकाउंट बनाने के लिए किया गया है।

एसटीएफ की गिरफ्त में आए अभय सिंह ने पूछताछ के दौरान बताया कि इस समय आईपीएल चल रहा है, जिसमें प्रतिदिन भारत से लाखों लोग, हम लोगों द्वारा बनाये गये टेलीग्राम व व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से हजारों करोड़ रुपए का अवैध सट्टा लगाते हैं।

# अगली सेवानिवृत्ति के बाद ही डीजी पद पर होगी पदोन्नति

## दो डीजी के सेवानिवृत्त होने पर भी मुख्यालय में संख्या पूरी

विनय सिंह, लखनऊ

▸▸ पीवी रामाशाष्त्री की वापसी के बाद डीजी के सभी 14 पदों पर अफसर मौजूद

▸▸ अगले महीने एक डीजी की सेवानिवृत्ति के बाद ही हो सकता है अगला प्रमोशन

**अमृत विचार :** उप्र. पुलिस में तैनात रहे दो महानिदेशक मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। ऐसे में कयास लगाए जा रहे थे कि इन दोनों रिक्त पदों को भरने के लिए दो एडीजी का प्रमोशन कर उन्हें डीजी बनाया जाएगा, फिलहाल ऐसा होने की स्थिति नहीं है।

दरअसल, उप्र. पुलिस में महानिदेशक के कुल 14 पद सृजित हैं। डीजी पीवी रामाशास्त्री की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापसी के बाद भी 14 पद पूरे हैं। ऐसे में डीजी रैंक के किसी अफसर के रिटायर होने पर ही अगला प्रमोशन हो सकेगा। उधर, पुलिस सूत्रों के मुताबिक सीबीसीआईडी का चार्ज डीजी पीवी रामाशास्त्री को मिलने की संभावना है। बस, शासन की हां का इंतजार किया जा रहा है।

**समारोह आयोजित कर दोनों अफसरों को दी विदाई**

डीजी आनंद कुमार एवं डीजी सुभाष चंद्र मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस दौरान पुलिस मुख्यालय में समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। डीजीपी प्रशांत कुमार ने दोनों अधिकारियों को मोमेंटो भेट किया और उनके सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मालूम हो कि डीजी आनन्द कुमार अपराध शाखा, अपराध अनुसंधान विभाग में तैनात थे। वहीं पुलिस महानिदेशक सुभाष चंद्र साइबर क्राइम में तैनात थे। दोनों अफसरों की विदाई के दौरान उप्र. पुलिस के सभी महानिदेशक और अपर महानिदेशक मौजूद रहे।

### रामाशास्त्री की वापसी न होने पर होता प्रमोशन

डीजी पीवी रामाशास्त्री की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापसी होने के बाद डीजी पद के सभी पद भर गए हैं। अगर रामाशास्त्री की वापसी न होती तो डीजी पद को भरने के लिए किसी वरिष्ठ की प्रोन्नति की जाती। फिलहाल नियमत: कुल डीजी पद के लिए कुल 14 पद ही सृजित हैं।

### ये हैं मौजूदा महानिदेशक

आईपीएस आशीष गुप्ता और पीवी रामाशास्त्री 1989 बैच के हैं, जबकि 1990 बैच के संदीप सालुंके, रेणुका मिश्रा, वीके मौर्य, एसएन साबत, अविनाश चंद्र, डॉ संजय एम तारडे, तनुजा श्रीवास्तव, मनमोहन कुमार बसाल, प्रशांत कुमार और तिलोतमा वर्मा हैं। वहीं, 1991 बैच के राजीव कृष्णा एवं अभय कुमार प्रसाद हैं।

# नवलोक और गोंडवाना पार्टी ने दिया भाजपा को समर्थन

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को सामाजिक न्याय नवलोक पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने भाजपा को समर्थन की घोषणा की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रदेश महामंत्री संजय राय ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी हिमांशु दुबे और डॉ. अंकुश त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। भाजपा को समर्थन देने के क्रम में सामाजिक न्याय नवलोक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. लेखराज सिंह और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ गोंड ने अपने पदाधिकारियों के साथ अपने संगठनों का समर्थन पत्र सौंपा।

# सेवानिवृत्त हुईं एससीईआरटी की निदेशक, डॉ. सचान ने संभाला चार्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (यूपीएससीईआरटी) और साक्षरता, वैकल्पिक शिक्षा, उर्दू एवं प्राच्य भाषाएं की निदेशक सरिता तिवारी मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गईं। उनके विदाई समारोह का आयोजन एससीईआरटी के सभागार में किया गया।

सरिता तिवारी के सेवानिवृत्त होने के बाद संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. पवन सचान को दूसरी बार एससीईआरटी का कार्यवाहक निदेशक बनाया गया है। सरिता तिवारी ने डॉ सचान को चार्ज सौंप दिया। इस दौरान प्रमुख सचिव बेसिक डॉ. शन्मुगा सुन्दरम और शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा उनके कार्यों की सराहना करते हुए विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल, व एससीईआरटी के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही साक्षरता, वैकल्पिक शिक्षा, उर्दू एवं प्राच्य भाषाएं का भी चार्ज दिया गया है।



एससीईआरटी के निदेशक पद से सेवानिवृत्त हुईं सरिता तिवारी ने डॉ. पवन सचान को सौंपा कार्यभार।

SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षो से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

## शहर में आज



- मजदूर दिवस पर संयुक्त ट्रेड यूनियनों की ओर से श्रम एसोसिएशन सभागार में समारोह का आयोजन सुबह 11 बजे।
- यायावर रंगमंडल की 40 दिवसीय कार्यशाला में तैयार नाटक हैप्पी का मंचन संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में सायं 7.00 बजे।
- सिक्खों के पांचवे गुरू साहिब गुरू अरजन देव के शहीदों दिवस पर सुखमनी साहिब का 40 दिवसीय पाठ की शुरूआत माता गुजरी सत्संग सभा में सुबह पांच बजे से।
- यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन द्वारा प्रेस क्लब में अखबारकर्मियों की सभा का आयोजन सुबह 11 बजे।
- लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों का नामांकन, लखनऊ लोकसभा प्रत्याशी
- पूर्व मंत्री व विधायक रविदास मेहरोत्रा का नामांकन जुलूस समाजवादी पार्टी कार्यालय विक्रमादित्य मार्ग से सुबह 10.30 बजे।
- पूर्व मंत्री व मोहनलालगंज से सपा प्रत्याशी आरके चौधरी का नामांकन जुलूस कैसरबाग बारादरी स्थित जिला कार्यालय से सुबह 10 बजे।

# बिजली मीटर टूटा हो या केबल कटा, नहीं होगी कोई कार्रवाई

## कटे केबल की जगह आर्मर्ड केबल लगाकर बदल दिया जाएगा तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चेकिंग के दौरान केबल के कटे होने और मीटर की बॉडी टूटने के बाद भी पावर कॉरपोरेशन अब उपभोक्ताओं पर कोई कार्रवाई नहीं करेगा। इसकी जगह विभाग की ओर से कटे केबल की जगह आर्मर्ड केबल और नये मीटर को लगा दिया जायेगा।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इस कदम के बाद उपभोक्ता अपने खराब मीटर और कटे केबल की शिकायत उपकेंद्र पर आसानी से कर सकेंगे। इसके बाद अधिकारी इसे बदलवाने की प्रक्रिया को शुरू कर मीटरों मे छेड़छाड़ और बिजली चोरी की होने वाली घटनाओं पर आसानी से अंकुश लगा सकेंगे।



- आशंका के आधार पर नहीं दर्ज होगा मुकदमा
- बदला जाएगा मीटर, उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

**आर्मर्ड केबल से ही परिसर में लगायें जाएंगे नये मीटर :** पावर कॉरपोरेशन ने उपभोक्ताओं के परिसर से उतारे गये मीटरों की ब्रांट-इन के आधार पर विद्युत अधिनियम की धारा 135 के अंतर्गत टेम्पर का केस दर्ज करने से पूर्व लैब में मीटर की जांच को अब अनिवार्य कर दिया है। मीटर में छेड़छाड़ के सबूत के अभाव में केबल मीटर की बॉडी सील टूटी होना या किसी एलईडी का लेग कटा होना के साथ मीटर मे टेम्पिरिंग के संदेह होने पर मुकदमें और असेसमेंट का आधार विभाग नहीं बना सकेगा।

> उपभोक्ता अब सर्विस केबल और मीटर संबंधी समस्याओं को दूर कराने के लिए खुद ही पहल करेगा। इससे जहां विभाग के राजस्व मे बढ़ोत्तरी होगी, वहीं बिजली चोरी की घटनाओं को रोकने में भी मदद मिलेगी।
>
> -सुनील कपूर, मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

### अब ऐसे ही दर्ज नहीं होगा उपभोक्ता पर मुकदमा

बिजली विभाग की ओर से सिर्फ आशंका के आधार पर अब उपभोक्ता पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज नहीं कराया जा सकेगा। चेकिंग के दौरान उपभोक्ता के परिसर की सर्विस केबल कटी हो या फिर मीटर टूट गया हो, बिजली चोरी के सबूत के तौर पर नहीं लिया जायेगा। ऐसे मामले में अब लेसा कर्मचारी पुरानी सर्विस केबल को बदलकर नये आर्मर्ड केबल के माध्यम से नये मीटर को परिसर में लगाएंगे। इसके साथ ही तीन महीनों के बिजली उपभोग के आधार पर नये बिल को जनरेट कर उपभोक्ता को बिल दिया जा सकेगा।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पांच पंचायत को पुरस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले की पांच ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार 2023-24 मिला है। गांवों में कराये गए उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर चयन हुआ था। इसमें 35 लाख रुपये तक मिले हैं। जो विकास कार्य में खर्च होंगे।

जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने बताया कि पुरस्कार मलिहाबाद की ग्राम पंचायत रुसैना, बीकेटी की मानपुर लाला व सोनवा, माल की करौरा व जिंदाना को मिला है। इन पंचायतों का चयन गांव में कराये गए उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर हुआ है। पुरस्कार के तौर पर रुसैना को 35 लाख, मानपुर लाला को 30 लाख, करौरा को 20 लाख, सोनवा को 12.5 लाख जिंदाना को 12.50 लाख रुपये मिले हैं। पिछले वर्ष न्यूनतम दो लाख व अधिकतम 10 लाख रुपये मिलते थे। जो इस बार बढ़कर न्यूनतम 10 लाख व अधिकतम 35 लाख रुपये किए गए हैं।

# चढ़ा पारा, रात में बढ़ी गर्मी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ समेत आसपास के क्षेत्रों में तापमान में तो थोड़ी राहत मिली, लेकिन रात में गर्मी बढ़ गई। 24 घंटे के भीतर तापमान में दो डिग्री बढ़ोतरी हुई है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि गर्म हवाएं तापमान में और भी बढ़ोतरी ला सकती हैं।

मंगलवार को दिन में चली गर्म हवाओं के बीच अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब दर्ज किया गया। 24 घंटे के भीतर दिन में अधिकतम तापमान में दो डिग्री की कमी रिकॉर्ड की गई। वहीं रात के तापमान का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के करीब रिकॉर्ड किया गया। लखनऊ समेत आसपास के क्षेत्रों की स्थिति भी ऐसी ही रही। मौसम अनुसंधान विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, चार दिनों में रात के तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। तेज हवाएं/आंधी चलने की भी संभावना है।



- तेज हवाएं व आंधी चलने की संभावना : मौसम वैज्ञानिक

### नगर निगम राहगीरों के लिए लगवाएगा 150 प्याऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी को देखते हुए लखनऊ नगर निगम जनता की सहूलियत के लिए 150 स्थलों पर प्याऊ लगायेगा। यहां राहगीरों को पीने का ठंडा पानी उपलब्ध कराया जाएगा। नगर निगम ने पहला प्याऊ हजरतगंज में विधानसभा के सामने लगवाया है। नगर निगम के सहायक अभियंता किशोरी लाल ने बताया कि नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह की पहल पर प्याऊ लगवाने की शुरुआत की गयी है। मुख्य अभियंता के निर्देश पर लगभग 150 स्थानों पर प्याऊ लगवाये जाएंगे। प्याऊ लगवाने पर 14,000 रुपये खर्च आयेगा।

## एक नजर

### प्रशिक्षण छोड़ने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** चुनाव के लिए चल रहे प्रशिक्षण से नदारद रहने वाले अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। चुनावी ड्यूटी में लगे कर्मियों को स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बोर्ड में ऑडियो विजवुल माध्यम से ट्रेनिंग कराई जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार केकेसी कॉलेज पहुंचे और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मियों से संवाद किया। प्रशिक्षण सुबह नौ बजे से दोपहर डेढ़ बजे से दो पालियों में हुआ। 1550 पीठासीन अधिकारी और 1564 प्रथम मतदान अधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अनुपस्थित कार्मिकों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



# दो घंटे में बदल जाएंगे सीवर के टूटे ढक्कन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जलकल विभाग ने जोन आठ में तैनात किया दस्ता

**अमृत विचार :** सीवर के गायब मैनहोल और टूटे ढक्कन की शिकायत का दो घंटे के भीतर निस्तारण किया जाएगा। इसके लिए जलकल विभाग के जोन आठ में विशेष दस्ता बनाया गया है। यह दस्ता हर समय गाड़ी पर सीवर के मैनहोल का ढक्कन, सीमेंट व मोरंग लेकर तैयार रहेगा। शिकायत मिलते ही दस्ता मौके पर रवाना हो जाएगा। यह दस्ता एक साथ दो जगह के मैनहोल सही कराएगा।

जोन आठ के अधिशासी अभियन्ता सचिव यादव ने बताया कि जोन आठ में विशेष दस्ता तैनात कर दिया गया है। यह तत्काल रिस्पांस करने वाली टीम होगी। जैसी ही शिकायत मिलेगी टीम मौके पर पहुंच जाएगी। दो घंटे में ढक्कन लग जाएगा। टूटे सीवर के ढक्कन बदल जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रयोग के तौर पर अभी इसे केवल जोन आठ में शुरू किया गया है। जल्दी ही अन्य जोन में भी दस्ता तैनात किया जाएगा।

### बच्चे की मौत मामले में जवाब तलब

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में मैनहोल में गिरकर आठ साल के बच्चे शाहरुख की मौत की घटना मामले में स्वत: संज्ञान द्वारा दर्ज याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। न्यायालय ने मामले में लखनऊ नगर निगम और लखनऊ विकास प्राधिकरण को विस्तृत जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 31 मई को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने 'लखनऊ में खुले हुए मैनहोल व पाइप लाइन से नगरवासियों के जीवन के खतरे का मामला' शीर्षक से दर्ज सुओ मोटो जनहित याचिका पर पारित किया है।

# बसपा से सरवर मलिक और राजेश ने किया नामांकन

## लखनऊ लोकसभा सीट के लिए तीन और मोहनलालगंज से दो लोगों ने भरा पर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा की दोनों सीटों के लिए मंगलवार को पांच प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। लखनऊ लोकसभा सीट से तीन और मोहनलालगंज से दो ने पर्चा भरा।

लखनऊ लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के मोहम्मद सरवर मलिक, गांधीयन पीपुल्स पार्टी से गोपाल प्रसाद जायसवाल और किसान विश्व पार्टी से बृजेश कुमार यादव ने नामांकन जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार को सौंपा। जबकि मोहनलालगंज सीट से बहुजन समाज पार्टी से राजेश कुमार और सुरक्षा समाज पार्टी से शत्रोहन लाल रावत ने पर्चा भरा। दोनों प्रत्याशियों ने नामांकन रिटर्निंग अधिकारी/सीडीओ अजय जैन को सौंपा।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि मंगलवार को लखनऊ लोकसभा के लिए 10, मोहनलालगंज (अज) लोकसभा के लिए 03 और पूर्वी विधानसभा के लिए 03 नामांकन पत्रों का वितरण किया गया।



मोहनलालगंज से लोकसभा सीट के लिए नामांकन करने जाते प्रत्याशी राजेश कुमार।



लखनऊ लोकसभा सीट के लिए नामांकन करने जाते बसपा के प्रत्याशी सर्वर मलिक।

- नामांकन करने वालों में बसपा, गांधीयन पीपुल्स पार्टी, सुरक्षा समाज पार्टी और किसान विश्व पार्टी के प्रत्याशी

### मलिक 23 करोड़ की संपत्ति के मालिक, राजेश कारों के शौकीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी लखनऊ संसदीय सीट से नामांकन करने वाले मोहम्मद सरवर मलिक के पास 23 करोड़ की अचल संपति हैं। जबकि मोहनलालगंज से बसपा प्रत्याशी राजेश कुमार गाड़ियों के शौकीन हैं। बसपा प्रत्याशी मलिक के पास 20 हजार रुपये की नकदी है। उनके पास 10 लाख 61 हजार रुपये का 153.500 ग्राम सोना है। साथ ही एक .32 एमएम की पिस्टल है। बैंक खाते, सोना-चांदी और गाड़ियों को मिलाकर 1 करोड़ 52 लाख 93 हजार रुपये हैं। मलिक के ऊपर 3 करोड़ 79 लाख का कर्ज है। इनकी वार्षिक आय 9 लाख 9 हजार 90 रुपये है। इनकी पत्नी शाहीन बानो के पास दस हजार रुपये की नगदी, 14 लाख 53 हजार 187 रुपये का 210.150 ग्राम सोना है। 52 लाख 50 हजार रुपये की अचल संपति है। इनकी वार्षिक आय 2 लाख 43 हजार रुपये है। वहीं मोहनलालगंज से प्रत्याशी राजेश कुमार के पास 1 लाख 90 हजार रुपये की नकदी, 6 लाख रुपये का सोना है। बैंक खाते, एफडीआर आदि मिलाकर कुल 61 लाख 24 हजार 850 रुपये की संपति है। जबकि 20 लाख की अचल संपति है। राजेश के पास महिंद्रा एंड महिंद्र का वाहन, एक्टिवा, टाटा नेक्सान, बुलेट, वैगनार, डस्टर, ट्रैक्टर आईसर, ट्रैक्टर स्वराज और अल्टो है। इनके ऊपर पांच आपराधिक मामले हैं। पत्नी लक्ष्मी के पास 40 हजार रुपये की नकदी, 6 लाख का सोना है।

# चारबाग स्टेशन पर जल्द मिल सकती है पॉड होटल की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कम कीमत में यात्रियों को दिए जाएंगे सुविधा युक्त कमरे

**अमृत विचार :** मुंबई के सेंट्रल स्टेशन की तरह ही लखनऊ में भी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को पॉड होटल की सुविधा दिए जाने की तैयारी चल रही है। अयोध्या और वाराणसी में भी इसकी शुरुआत किए जाने की तैयारी है।

कुछ दिनों पूर्व उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा के साथ वेंडर्स की बैठक हुई थी। इसमें वेंडर्स ने कई सुझाव दिए थे, जिनमें पीपीपी मॉडल पर लखनऊ मंडल के बड़े रेलवे स्टेशनों पर पॉड होटल का भी सुझाव सामने आया है। कम कीमत में सुविधा युक्त कमरे दिए जाने को लेकर रेलवे अधिकारियों के बीच विचार-विमर्श हुआ है। उम्मीद है कि जल्द ही इस सुझाव पर काम किया जाएगा।

बताते चले कि पॉड होटल में छोटे-छोटे केबिन की तरह बेड सहित कमरे यात्रियों की सुविधा के लिए होंगे। इन कमरों में होटलों की तरह फ्री वाईफाई, वॉशरूम समेत अन्य सुविधाएं यात्रियों को मिलती हैं।



**मजबूरी** मिलावट मजबूरी है जनाब... गर्मी के कारण दूध न फटे इसलिए दूध से भरे कैन में बर्फ काटकर डालते हुए दूध वाला। अमृत विचार

# रविदास और आरके चौधरी आज करेंगे नामांकन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के लखनऊ लोकसभा सीट से प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा का जुलूस बुधवार को सपा पार्टी के प्रदेश कार्यालय से निकलेगा। वहीं मोहनलालगंज सीट से प्रत्याशी आरके चौधरी पार्टी के जिला कार्यालय से निकलकर कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। जुलूस में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के समर्थक भी मौजूद रहेंगे।

रविदास मेहरोत्रा का जुलूस बुधवार को प्रातः दस बजे प्रदेश कार्यालय से निकलेगा। यहां से सभी मेफेयर तिराहा, नावेल्टी सिनेमा, नूर मंजिल, कैसरबाग चौराहा होते हुए नजीराबाद और फिर अमीनाबाद पहुंचेगे। यहां से जुलूस बस स्टेशन होकर कलेक्ट्रेट पहुंचेगा। इनके साथ सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल और राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी रहेंगे। पार्टी प्रवक्ता अब्बास हैदर ने बताया कि जुलूस में जनपद की पांचों विधानसभा के प्रभारी मौजूद रहेंगे। उधर, मोहनलालगंज सीट से गठबंधन प्रत्याशी आरके चौधरी भी प्रातः दस बजे कैसरबाग स्थित सपा के जिला कार्यालय से निकलकर कलेक्ट्रेट पहुंचेगे।



रविदास



आरके चौधरी

जुलूस में लोगों को शामिल करने के लिए समाजवादी पार्टी कार्यालय में कई चरणों में बैठक की गई। महानगर कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान इरशाद अहमद, जितेन्द्र सिंह, मीरा वर्धन और अमित सक्सेना की ओर से सुझाव दिये गए। इस अवसर पर शैलेन्द्र सिंह, प्रदीप शर्मा, जावेद खान, अनीस अहमद सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हर होर्डिंग और यूनिपोल की बनेगी यूनिक आईडी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में बिना अनुमति के अवैध तरीके से होर्डिंग व यूनिपोल लगाने वाली विज्ञापन एजेंसियों पर नगर निगम शिकंजा कसने की तैयारी कर रहा है। पहचान के लिए नगर निगम सभी होर्डिंग व यूनिपोल की यूनिक आईडी बनाएगा। इनमें क्यूआर कोड लगा रहेगा। एक क्लिक करते ही शहर में लगीं सभी होर्डिंग व यूनिपोल का रिकॉर्ड नगर निगम के सामने आ जाएगा। इसके लिए नगर निगम एक सॉफ्टवेयर बनवाने जा रहा है।

**अवैध होर्डिंग हटाने के साथ ऑनलाइन नोटिस देगा नगर निगम :** विज्ञापन एजेंसियां नगर निगम से अनुमति लिए बिना अवैध तरीके से होर्डिंग व यूनिपोल लगा देती हैं। इससे नगर निगम को राजस्व का नुकसान होता है। सॉफ्टवेयर तैयार हो जाने से सभी वैध होर्डिंग व यूनिपोल आसानी से चिन्हित हो जाएंगे और विज्ञापन एजेंसियों को मौके पर ही ऑनलाइन नोटिस जारी कर देगा।

नगर निगम शहर में प्रचार सामग्री लगाने के लिए टेंडर कराता है। स्थलों की संख्या भी निर्धारित रहती है। लेकिन उसके पास विज्ञापन साइट का ऑनलाइन रिकॉर्ड नहीं रहता। इससे वैध और अवैध होर्डिंग पहचान पाना मुश्किल होता है। सॉफ्टवेयर बन जाने से निरीक्षकों को होर्डिंग की अनुमति और अवधि की जानकारी मिल जाएगी।




- अनुमति के बिना लगीं होर्डिंग व यूनिपोल होंगी चिन्हित
- क्यूआर कोड बता देगा कहां लगी हैं नगर निगम की होर्डिंग

> नगर निगम द्वारा लगायी गयीं सभी होर्डिंग व यूनिपोल की एक यूनिक आईडी बनायी जाएगी। इसमें क्यूआर कोड भी रहेगा। इससे साइट पर लगीं अवैध होर्डिंग व यूनिपोल की आसानी से पहचान हो जाएगी।
>
> -पंकज श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम

## अयोध्या गईं 40 ई-बसें नहीं लौटीं, यात्री परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में ई वातानुकूलित बसों की मांग बढ़ रही है। लेकिन बसों की कमी के चलते यात्रियों को सीएनजी वाली साधारण बसों में सफर करना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 90 ई बसों को वहां भेजा गया था। एक महीने के बाद इन बसों की वापसी होनी थी, लेकिन इनमें 50 बसें ही राजधानी वापस आई। अभी 40 ई बसें राजधानी नहीं पहुंच सकी है। सिटी बस प्रबंधन के एमडी आरके त्रिपाठी के अनुसार जिस रूट पर यात्रियों की संख्या अधिक है, वहां बसों की फ्रीक्वेंसी बढ़ा दी जाती है। जितनी मांग है, उसके अनुरूप संचालन किया जा रहा है।

गर्मी का असर | श्रमिक गए घर, निर्माण पर लगा ब्रेक

# ईंट की सुर्खी हुई कम, मौरंग की कीमत बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी ने निर्माण कार्यों पर ब्रेक लगा दिया है। श्रमिक और खरीदार दोनों ही नदारद हें। यहां तक भवन और सड़क के काम में लगे ठेकेदार तक गायब हैं।

नतीजा यह है कि भट्ठा मालिकों ने अपना भट्ठा बैठते देख ईंट के भाव में बड़ी कमी की है। ईंट के दाम में करीब 500 रुपया प्रति हजार कम किया गया है। वहीं मौरंग के रेट में 3,000 हजार रुपये प्रति टन की तेजी है। कारोबारियों की मानें तो बरसात में खनन बंद हो जाता है। बरसात शुरू होने के मात्र दो माह ही शेष हैं। ऐसे में मौरंग रोकी जा रही है।



- मौरंग में 3,000 रुपये प्रति टन की बढ़ोत्तरी, ईंट का दाम घटा, बालू, गिट्टी की कीमत स्थिर

इस संबंध में उत्तर प्रदेश सीमेंट व्यापार संघ के अध्यक्ष श्याममूर्ति गुप्ता ने बताया कि भवन निर्माण सामग्री में बालू, गिट्टी और सीमेंट में कोई अंतर नहीं है। बस सरिया और मौरंग में तेजी है। चुनाव का समय है और गर्मी अधिक। न निर्माण कार्य और न खरीदार, श्रमिक तक नहीं मिल पा रहे हैं। इससे निर्माण कार्य में ब्रेक लगा हुआ है।

> पारा चढ़ने की वजह से श्रमिक अपने गांवों को वापस चले गए है। अभी तक वैवाहिक कार्यक्रम चल ही रहे थे। अब चुनाव भी है। ऐसे में निर्माण पूरी तरह से बंद हैं। सरकारी काम भी आदर्श आचार संहिता के चलते रुके पडे हैं। जाहिर सी बात है कि न खरीदार हैं और न ही ईंट बनाने वाले श्रमिक। यही वजह है कि ईंट की कीमतों में कमी की गई है। सर्दियों के सीजन में तैयार हुई ईंटों को ही निकाला जा रहा है।
>
> -मुकेश मोदी, अध्यक्ष लखनऊ ब्रिक एवं क्लिन एसोसिएशन

### भवन सामग्री रुपये प्रति ट्रक (प्रति टन)

| | 15 अप्रैल | 30 अप्रैल |
|---|---|---|
| मौरंग | 62,000 | 64,000 से 65,000 |
| सरिया | 62,000 | 63,000 से 65,000 |

### ईंट के रेट

| पहले | अब (रुपये प्रति हजार) |
|---|---|
| अव्वल | 8,500 -8,000 |
| दूसरे नंबर | 7,500 -7,000 |
| तीसरे नंबर (पीली ईंट) | 4,500 |
| | 4,000 से 4,200 |

## एक नजर

### सप्लाई बाधित होने की दशा में जवाबदेही तय हो

लखनऊ, अमृत विचार : ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता ने मंगलवार को कई उपकेंद्रो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में किये गये अनुरक्षण कार्य का ब्योरा लेकर इलाके में सप्लाई बाधित होने की दशा में कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि उन्होंने जीएसआई, जीवीआरए और आदिल नगर उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में जर्जर तारों, खंभे, ट्रांसफार्मर, पेटीफ्यूज के बारे में उपकेंद्र अधिकारियों से जानकारी ली।

### लविवि में वेबकास्टिंग एवं मानिटरिंग प्रकोष्ठ शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों की परीक्षाओं को नकलविहीन कराने के उद्देश्य से वेबकास्टिंग एवं मानिटरिंग प्रकोष्ठ का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। इस अवसर पर प्रो. अरविन्द अवस्थी, प्रो. संगीता साहू, प्रो. राकेश द्विवेदी, प्रो. पंकज माथुर, प्रो. आरबी सिंह, प्रो. अनित्य गौरव, विद्यानन्द त्रिपाठी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### 22 मई को होगी लघु परियोजना परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए-बीएससी की लघु परियोजना मौखिक परीक्षा का आयोजन होगा। छठे सेमेस्टर की परीक्षा सांख्यिकी विभाग में 22 मई को आयोजित की जाएगी। सांख्यिकी विभाग के प्रो. मसूद एच. सिद्दीकी ने बताया कि प्रात: 10 बजे से परीक्षा आरंभ होगी।

### कुलपति ने शोधार्थियों से किया संवाद

अमृत विचार : लखनऊ। विश्वविद्यालय में कुलपति और छात्रों के बीच संवाद स्थापित हुआ। इस अवसर पर शोधार्थियों की ओर से कई सुझाव भी दिये गए। संवाद कार्यक्रम का मुख्य विषय अनुसंधान समस्या को समझने, एक वैचारिक ढांचा बनाने, विषय ज्ञान में योगदान देने पर आयोजित था। वाणिज्य संकाय विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शोधार्थियों ने अपने शोधों से जुड़े विषयों को विस्तार दिया। शोध ग्रंथ को प्रस्तुत करने के तरीके बताते हुए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की ओर से सुझाव दिये गए।

### सम्मानित होंगे पत्रकार

लखनऊ, अमृत विचार : अखिल भारतीय हिंदी पत्रकार संघ एवं रंग भारती संस्थाओं की ओर से हिंदी पत्रकारिता दिवस पर 30 मई को वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा।

# सोलर एनर्जी की ओर बढ़ेंगे कदम, नए अध्ययनों पर लगी मुहर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**एकेटीयू**

- विवि में हुई बैठक में नए अध्ययनों को लेकर लिये गए निर्णय
- कोर इंजीनियरिंग को नई उभरती तकनीक से जोड़ने पर बल



एकेटीयू में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथिगण और शोधार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल और एएसएमई ने मिलकर नए अध्ययनों पर अंतिम मुहर लगा दी है। जल्द ही इंजीनियरिंग के छात्र सोलर मशीन, डिजाइन, मैनुफैक्चरिंग से जुड़े अध्ययनों पर फोकस करेंगे, जिसके सहारे औद्योगिक क्षेत्र में वे अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दे सकें।

एकेटीयू में आयोजित कार्यक्रम में नेशनल सोलर एनर्जी फाउंडेशन ऑफ इंडिया के डायरेक्टर जनरल दीपक गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए सोलर एनर्जी को बढ़ावा देना होगा। ऐसे में छात्रों को सोलर मशीन, डिजाइन, मैनुफैक्चरिंग क्षेत्र से जुड़ने के लिए इन विषयों की जानकारियों को विस्तार से समझना होगा।

विशिष्ट अतिथि के रूप में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के सदस्य प्रो. राजीव कुमार ने कोर इंजीनियरिंग को नई उभरती तकनीक से जोड़ने पर बल दिया। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि दिये गए सुझावों के आधार पर जल्द ही अध्ययनों के सहारे छात्रों को अतिरिक्त जानकारियां साझा कराई जाएंगी, ताकि छात्र औद्योगिक समूहों में अपनी मजबूत सहभागिता दे सकें। समूह चर्चा में उद्योग विशेषज्ञों के रूप में सम्मिलित संजय प्रकाश, डॉ. नरेंद्र कुमार, पुनीत शर्मा ने भी नए अध्ययन को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किये। इस अवसर पर संबद्ध संस्थानों के निदेशक, शिक्षक, शोधार्थी और काफी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# एकेटीयू में नवाचार और उद्यमिता पर दिया बल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के प्रबंधन संकाय ने उद्यमिता विकास -अवसर एवं चुनौतियां विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज आजमगढ़ के कुलसचिव डॉ. अम्बरीश सिंह ने उद्यमिता विकास पर प्रकाश डाला। कहा कि वर्तमान दौर नवाचार और उद्यमिता का है। छात्रों को नौकरी करने के बजाय नौकरी देने वाला बनना होगा। इसके लिए उद्यमिता ही रास्ता है। केंद्र और राज्य सरकार उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए तमाम योजनाएं और वित्तीय सहायता दे रही हैं।



- छात्रों को नौकरी देने वाला बनना होगा : डॉ अम्बरीश सिंह

विशेष व्याख्यान का संयोजन एसो. प्रोफेसर डॉ. रवि शर्मा ने किया। उन्होंने छात्रों को उद्यमिता की वर्तमान स्थिति, संभावनाओं आदि के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर डॉ. वर्षा शुक्ला, शेफाली सिंह, आरजू गुप्ता सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# अब हर महीने परीक्षा देंगी बालिकाएं गुरुजी की मेहनत का भी इम्तिहान

## केजीबीवी में शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने का लक्ष्य, राज्य परियोजना निदेशालय का आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रत्येक जिले के हर ब्लाक में गरीब बेटियों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए स्थापित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता को और बेहतर करने के लिए राज्य परियोजना कार्यालय ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यहां पढ़ने वाली छात्राओं को अब हर माह परीक्षा देनी होगी। इस मासिक परीक्षा के अंकों को छात्राओं के शैक्षणिक प्रोफाइल से भी जोड़ा जायेगा। इस बारे में शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। बता दें कि राज्य परियोजना कार्यालय ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बालिकाओं के बेसलाइन असेसमेन्ट, मूल्यांकन के साथ-साथ मासिक, त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा को लेकर गाइडलाइन जारी की है। इसके पीछे का उद्देश्य है कि हर माह छात्राओं की शैक्षिक गुणवत्ता के बारे में पता चल सकेगा, साथ ही इन विद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की भी मेहनत का पता चल सकेगी।





- अध्यापकों को पढ़ाई की देनी होगी प्रगति रिपोर्ट
- मासिक परीक्षा के अंक शैक्षणिक प्रोफाइल में जुड़ेंगे

**75 प्रतिशत से अधिक गरीबी रेखा से नीचे हैं बेटियां:** पिछड़े विकासखण्डों में अपवंचित वर्ग की बालिकाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 746 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की स्थापना की गयी। इन विद्यालयों में अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़े वर्ग की कुल 75 प्रतिशत एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की बालिकाओं को 25 प्रतिशत की सीमा तक प्रवेश दिये जाने की व्यवस्था है।

**बीएसए कार्यालय से निगरानी बनाये रखने के निर्देश -**

केजीबीवी में पढ़ाई से लेकर खेल गतिविधियों की निगरानी के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सभी विद्यालयों की आनलाइन निगरानी की जा रही है। शिक्षा महानिदेशक ने सभी विद्यालयों पर लगातार निगरानी बनाये रखने का निर्देश भी जारी किया है।

### ये गाइडलाइन हुई जारी

- प्रत्येक माह की पहली एवं दूसरी तारीख में मासिक परीक्षा होगी।
- मासिक परीक्षा के विषयवार प्रश्नपत्र विद्यालय स्तर पर तैयार करना होगा।
- प्रश्नपत्रों को विद्यालय में संरक्षित किया जायेगा।
- सभी विषयों की मासिक परीक्षा के लिए बनेगी एक ही कॉपी
- मूल्यांकन के बाद कॉपी को सुरक्षित रखा जायेगा।
- मासिक परीक्षा के अंकों को बालिकाओं की शैक्षणिक प्रोफाइल में अंकित किया जायेगा।
- हर अधिकारियों को चेक करनी होगी मासिक परीक्षा पुस्तिका

# पोर्टल पर डॉटा लाक करने का अंतिम अवसर

**अमृत विचार, लखनऊ:** समाज कल्याण विभाग की ओर से मास्टर डाटा लॉक न कर पाने वाले विश्वविद्यालय ओर एफिलियेटिंग एजेंसियों के लिए मंगलवार को पोर्टल खोल दिया गया है। पोर्टल तीन मई तक खुला रहेगा।

अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति की कक्षा दस से ऊपर की कक्षाओं और पाठ्यक्रमों की छात्रवृत्ति योजना के तहत शिक्षण संस्थानों को फीस डाटा पिछले वित्तीय वर्ष में लॉक नहीं कर पाए थे। इससे 13 हजार 500 छात्रों की फीस फंस गई थी। पोर्टल खोलने के लिए समाज कल्याण विभाग ने केंद्र सरकार से अनुमित ली थी। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि विश्वविद्यालय और एफिलियेटिंग एजेंसी 3 मई के बीच फीस लॉक कर सकते हैं। इसके बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी 4 से 7 मई तक डाटा को सत्यापित कर अग्रसारित करेंगे। बता दें कि छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति स्तर से वेरीफाइड डाटा वाले छात्रों को 40 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार स्तर से और 60 प्रतिशत धनराशि भारत सरकार से सीधे बैंक खातों में भेजी जाती है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं नं. JC482497A सूबेदार यशवन्त कुमार सिंह पुत्र श्री परशुराम सिंह (41, इन्फेन्ट्री ब्रिगेड), लखनऊ, मेरे सर्विस रिकॉर्ड में त्रुटिवश मेरी पत्नी की जन्मतिथि 01.02.1980 दर्ज है जबकि उनकी सही जन्मतिथि 10.05.1976 है। अत: मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी की जन्मतिथि 10.05.1976 दर्ज की जाये।

**सूचना**

मैं नं. JC482497A सूबेदार यशवन्त कुमार सिंह पुत्र श्री परशुराम सिंह (41, इन्फेन्ट्री ब्रिगेड), लखनऊ, मेरे सर्विस रिकॉर्ड में त्रुटिवश मेरे पिता की जन्मतिथि 01.07. 1958 दर्ज है जबकि उनकी सही जन्मतिथि 01.01.1952 है तथा मेरी माता का नाम SUNAR PATU DEVI तथा जन्मतिथि 01.07.1960 अंकित है जबकि सही नाम SUNARPATO DEVI तथा जन्मतिथि 01.01.1956 है। अत: मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पिता की जन्मतिथि 01.01.1952 तथा माता का सही नाम SUNARPATO DEVI तथा सही जन्मतिथि 01.01.1956 दर्ज किया जाये।

**सूचना**

मैं नं. JC482541Y चैन सिंह पुत्र श्री बलरंग सिंह, यूनिट–24 राजपूत (41, इन्फेन्ट्री ब्रिगेड), लखनऊ, मेरे सर्विस रिकॉर्ड में त्रुटिवश मेरे पिता की जन्मतिथि 01.07.1945 दर्ज है जबकि उनकी सही जन्मतिथि 01.01.1939 है तथा मेरी माता का नाम Sufer Kanwar तथा जन्मतिथि 01.07.1950 अंकित है जबकि सही नाम Supyar Kanwar तथा जन्मतिथि 01.01.1943 है। अत: मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पिता की जन्मतिथि 01.01.1939 तथा माता का सही नाम Supyar Kanwar तथा सही जन्मतिथि 01.01.1943 दर्ज किया जाये।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम शिवा दर्ज हो गया है जबकि आधार व पैन कार्ड में मेरा नाम शिवा कनौजिया है मुझे शिवा कनौजिया के नाम से जाना व पहचाना जाए। **शिवा कनौजिया पुत्र नरेश कनौजिया ग्राम गोड़वा पट्टी पोस्ट अतरौली जिला हरदोई।**

**सूचना**

मैं परशुराम अपने एकलौते पुत्र विरेन्द्र (24) के गलत चलो चलन से आहत होकर अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। विरेन्द्र द्वारा कारित किसी भी कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नही होगा। **परशुराम निवासी नौबस्ता, शाहमऊ माल, लखनऊ।**

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे पति देवी दयाल मौर्या पुत्र राम आधार मौर्य के बीमा पालिसी संख्या 217328763 में मेरा नाम बतौर नामिनी कमला देवी दर्ज है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम रामपति दर्ज है। कमला देवी और रामपति दोनो नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है। **रामपति उर्फ कमला देवी पत्नी देवी दयाल मौर्या निवासिनी – पूरे प्रयागदीन, हरपुर हल्ला जिला – रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि पूर्व में मेरा नाम समीर अहमद पुत्र श्री अब्दुल अजीज था। वर्तमान में मेरा नाम मोहम्मद शकील पुत्र श्री अब्दुल अजीज है जो कि मेरे आधार कार्ड सं0– 336776133410 में दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अत: मुझे मोहम्मद शकील के नाम से जाना व पहचाना जाये। अगर किसी को आपत्ति हो तो 15 दिनों में अपनी आपत्ति दर्ज कर सकता है **मोहम्मद शकील पुत्र श्री अब्दुल अजीज निवासी– 462/16क/1, रामगंज हुसैनाबाद, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने दोनों पुत्रों अभय सिंह और निर्भय सिंह को उनके गलत कृत्यो व अभद्र व्यवहार के कारण आज दिनांक 30.04.2024 से अपनी समस्त प्रॉपर्टी से बेदखल करता हूँ। आज के बाद से उपरोक्त दोनों पुत्र उनके द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक तथा फौजदारी कार्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझसे व मेरे परिवार से कोई लेना–देना नहीं होगा। **विद्यासागर सिंह पुत्र स्व0 चन्द्रशेखर सिंह निवासी– आनंद लोक कॉलोनी फेज–2, रहमानपुर, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा सर नेम कंडोला है। मुझे गुरमुख सिंह कंडोला व गुरमुख सिंह दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता है। आज से मुझे गुरमुख सिंह कंडोला के नाम से जाना व पहचाना जाये। **गुरमुख सिंह कंडोला पुत्र चरन सिंह निवासी ग्राम पतवारा बड़ा, सरखनापूरब, तहसील पलिया, जिला– लखीमपुर खीरी (उ0प्र0)**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं सुशील कुमार सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह नि. ग्राम हरिहरपुर पो. कोरारी हीरशाह तह. गौरीगंज जनपद अमेठी का निवासी हूं मेरे पुत्र का सही नाम श्रेयश सिंह पुत्र सुशील कुमार सिंह माता का नाम अमृता सिंह है जबकि कुछ अभिलेखों में मेरे पुत्र का नाम सिद्धार्थ अंकित हो गया है जो गलत है।


# गरीब बच्चों के लिए वरदान बन रहा विद्याज्ञान



विद्याज्ञान स्कूल में छात्रा से बातचीत करते हुए प्रमुख सचिव बेसिक डॉ. शन्मुगा सुन्दरम।

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- प्रमुख सचिव बेसिक ने परखी शैक्षिक गुणवत्ता, छात्राओं से भी की बातचीत

**अमृत विचार:** निजी विद्यालयों से कहीं आगे बढ़कर विद्याज्ञान विद्यालय गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण निशुल्क शिक्षा प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रहा है। विद्यालय की वर्तमान स्थिति को परखने को लिए प्रमुख सचिव बेसिक डॉ. शन्मुगा सुन्दरम ने यहां का दौरा किया और प्रधानाचार्य, शिक्षकों और छात्रों से बातचीत की। इस दौरान प्रमुख सचिव ने पाया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है।

शिव नादर फाउंडेशन की ओर से चल रहे इस विद्यालय में बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा पांच पास बच्चों के छठी में प्रवेश प्राथमिकता से दिया जाता है।

प्रमुख सचिव ने बताया कि यहां लगभग 800 विद्यार्थी हैं। इसमें 55% लड़कियां और 45% लड़के हैं। छठी से 12वीं तक पढ़ाई के लिए 71 शिक्षकों को तैनात किया गया है। शिक्षकों को बच्चों के साथ आवास में ही यहां रुकना अनिवार्य किया है।

### सभी विषयों के साथ खेलों को भी प्राथमिकता

विद्यालय में गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के लिए अलग–अलग प्रयोगशालायें भी स्थापित हैं। यहां फुटबॉल और वालीबॉल जैसी खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाता है। स्कूल में बच्चों के लिए व्यापक पुस्तकालय सुविधा है। छात्रों को नीट और जेईई की तैयारी के लिए भी बताया जाता है।

### राज्य भर से छात्रों का होता है चयन

सचिव ने बताया कि इस विद्यालय में छात्र राज्य भर से पढ़ने आत हैं। जो निम्न आय वर्ग से हैं। उनका चयन स्काउटिंग प्रणाली द्वारा एक सुस्थापित परीक्षण के माध्यम से किया जाता है। पाठ्यक्रम, छात्रावास और सभी सुविधाओं के उपयोग की पूरी लागत स्कूल प्रबंधन द्वारा वहन की जाती है। प्रमाणपत्रों के सत्यापन के बाद कक्षा कक्षा 6 चयनित होने पर, छात्र सीधे स्कूल में प्रवेश ले सकते हैं।

# मूक बधिर बच्चों को उपहार में दिए लैपटॉप





स्कूल में लैपटॉप देते हुए क्लब के पदाधिकारी। फोटो : अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- क्लब की ओर से दिए गए लैपटॉप पाकर बच्चे खुश हुए

**अमृत विचार:** इनरव्हील क्लब लखनऊ बारादरी की ओर से गोमतीनगर स्थित मूक बधिर विद्यालय के बच्चों को उपहार स्वरूप लैपटॉप दिया गया है।

क्लब की पदाधिकारी सुषमा गर्ग ने बताया कि यहां के बच्चों में अलग ही प्रतिभा दिखती है। बच्चों को पढ़ाई के लिए लैपटॉप की जरूरत थी। क्लब की ओर से दिए गए लैपटॉप पाकर बच्चे खुश हुए। इस मौके पर क्लब की प्रेसिडेंट अंजलि गोयल सहित क्लब की अन्य सदस्य और स्कूल की प्रिंसिपल मौजूद रहीं। सुषमा के मुताबिक इससे पहले क्लब की ओर से गोद लिए वृद्धाश्रम शांतिधाम का निरीक्षण किया गया। यहां शौचालय की सीट खराब होने पर उसे बदलवाया गया। इसके अलावा क्लब के सदस्यों ने पीलीभीत स्थित टाइगर रिजर्व में लोगों को जानवरों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

# लविवि : कैमरों की निगरानी में 22989 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पांच जिलों के 263 परीक्षा केन्द्रों में आयोजन, 378 छात्र रहे अनुपस्थित



लविवि के मुख्य परिसर में परीक्षा देते स्नातक के छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में तीन पालियों में स्नातक की परीक्षाएं हुईं। कैमरों की निगरानी में पहले दिन की परीक्षाओं में कुल 22 हजार 989 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। तीन पालियों में अनुपस्थित छात्रों की संख्या 378 रही। पहली पाली में एक परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्र कम पड़ गए थे। हालांकि कालेज प्रशासन ने इससे इनकार किया है।

लखनऊ विवि की पहले दिन की परीक्षाओं में बीए-बीएससी के विषयों से जुड़ी परीक्षाएं आयोजित की गईं। लखनऊ विवि के अलावा लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, रायबरेली और उन्नाव के 263 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा हुई। पहली पाली में 9023 छात्र और 9440 छात्राएं सम्मिलित हुए। वहीं दूसरी पाली में 755 छात्र और 1528 छात्र उपस्थित रहे। अंतिम पाली में उपस्थित छात्रों की संख्या 2128 और छात्राओं की 2398 रही। तीनों पालियों में कुल 22989 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विवि और उससे संबद्ध जनपदों में आयोजित परीक्षाओं की तीनों पालियों में कोई भी छात्र अनुचित सामग्री के साथ नहीं मिला। केन्द्रों पर लगे सीसीटीवी की मदद से आयोजित परीक्षा के दौरान निगरानी रखी गई।

**378 छात्र रहे अनुपस्थित:** पहली पाली में सबसे अधिक 335 छात्र अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 36 और तीसरी पाली अनुपस्थित छात्रों की संख्या 43 रही। कुल 378 छात्र अनुपस्थित रहे।

**8 से बीटेक रेगुलर और बैकपेपर परीक्षा :** परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीटेक रेगुलर व बैकपेपर आठवें सेमेस्टर की परीक्षा 8 मई से 16 मई तक आयोजित की जाएगी। वहीं छठे सेमेस्टर की परीक्षा नौ से 22 मई, चतुर्थ की 24 मई से पांच जून और द्वितीय की 30 मई से 10 जून तक होगी। इसी तरह बीफार्मा छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ से 22 मई, चतुर्थ की 24 मई से 6 जून और द्वितीय की 27 मई से 6 जून तक आयोजित होगी। बीसीए रेगुलर, बैकपेपर व एग्जेम्पेटेड छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 से 31 मई, चतुर्थ की 27 मई से आठ जून और द्वितीय की तीन से 12 जून तक चलेंगी।

### प्रश्न पत्रों को लेकर रहा असमंजस

प्रश्न पत्र वितरण को लेकर कुछ केन्द्रों पर पहली पाली के दौरान असमंजस की स्थिति देखी गई। बताते हैं कि मेजर और माइनर प्रश्न पत्रों के वितरण के समय प्रश्न पत्र कम पड़ गए, हालांकि बाद में वितरण व्यवस्था के दौरान स्थितियां सामान्य हो गईं। विवि प्रशासन का कहना है कि सभी केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों का सामान्य तरीके से वितरण किया गया है। कहीं कोई समस्या की जानकारी नहीं मिली है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 25/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से ''**खुली**'' निविदा आमंत्रित करते हैं : **क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण : जोन सं. 12** कासगंज (सहित) से मरेहरा (रहित) किमी. 253/0 तक कासगंज सिटी (सहित) से किमी. 417/0 तक जाफरी कालोनी एवं मालगोदाम कालोनी कासगंज, **अनुमानित लागत** : रु. 1,42,14,718.63, **बयाना राशि** : रु. 2,21,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 30.06.2025 तक। **क्र. सं. : 2, कार्य का विवरण : जोन सं. 13** कासगंज समपार सं. 310 से पटियाली (सहित) किमी. 204/0 तक, **अनुमानित लागत** : रु. 79,62,641.46, **बयाना राशि** : रु. 1,59,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 30.06.2025 तक। **क्र. सं. : 3, कार्य का विवरण : जोन सं. 14** पटियाली (रहित) से फतेहगढ़ (रहित), **अनुमानित लागत** : रु. 1,24,60,440.50, **बयाना राशि** : रु. 2,12,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 30.06.2025 तक। **क्र. सं. : 4, कार्य का विवरण : जोन सं. 15** फतेहगढ़ (सहित) से कमालगंज (रहित) किमी. 132/0 तक, **अनुमानित लागत** : रु. 1,40,66,716.38, **बयाना राशि** : रु. 2,20,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 30.06.2025 तक। **क्र. सं. : 5, कार्य का विवरण : जोन सं. 16** फतेहगढ़ (रहित) किमी. 132/0 से अरौल मकनपुर (रहित), **अनुमानित लागत** : रु. 1,20,45,464.13, **बयाना राशि** : रु. 2,10,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 30.06.2025 तक। **क्र. सं. : 6, कार्य का विवरण : जोन सं. 17** किमी. 2/2 (कानपुर-अनवरगंज को छोड़कर) से किमी. 65/0 (अरौल-मकनपुर सहित) तथा मंधना बृहमावर्त ब्रान्च लाइन, **अनुमानित लागत** : रु. 1,42,90,716.13, **बयाना राशि** : रु. 2,21,500/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 30.06.2025 तक। **क्र. सं. : 7, कार्य का विवरण : जोन सं. 18** मारेहरा (सहित) किमी. 253/0 से मुरसान (रहित), **अनुमानित लागत** : रु. 1,39,26,296.11, **बयाना राशि** : रु. 2,19,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 30.06.2025 तक। **क्र. सं. : 8, कार्य का विवरण : जोन सं. 19** मुरसान (सहित) से मथुरा समपार सं. 357 (सहित) तक, **अनुमानित लागत** : रु. 1,21,92,321.39, **बयाना राशि** : रु. 2,11,000/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 30.06.2025 तक। **क्र. सं. : 9, कार्य का विवरण : जोन सं. 20** मथुरा समपार सं. 357/ रहित से मथुरा आर.ई. कालोनी एवं दिल्ली लाजपत नगर अधिकारी विश्राम गृह, **अनुमानित लागत** : रु. 1,22,35,321.39, **बयाना राशिः** रु. 2,11,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 30.06.2025 तक।

**1.** ई-निविदा दिनांक 24.05.2024 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)**
**मुजाधि/डब्ल्यू-42** **इज्जतनगर**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**



प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

**मो. 9412151327, 7521001992**

पता

**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

## एक नजर

### एक हफ्ते में 57 टिकट दलाल गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** रेल टिकटों की अवैध बिक्री करने को लेकर आरपीएफ ने पिछले एक हफ्ते में 57 दलालों को गिरफ्तार किया। इन दलालों के पास से जून माह के मुंबई, दिल्ली, पंजाब और दक्षिण भारत की यात्रा वाले 117 आरक्षित टिकट बरामद किए गए। उत्तर रेलवे लखनऊ के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त आशुतोष पांडेय के अनुसार पर्सनल यूजर आइडी पर 2.05 लाख रुपये के टिकट बनाए गए थे। इनसे 6.26 लाख रुपये के 366 ऐसे ई-टिकट भी मिले जिन पर यात्रा हो चुकी है। पांच ऐसे दलालों का पता चला है जिनकी 198 पर्सनल आइडी सक्रिय है। इन दलालों पर 20 हजार रुपये तक जुर्माना लगाए जाने की तैयारी चल रही है।

### चालक पर 10 लाख के गबन की एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरोजनीनगर थाने में गुटखा कंपनी के निदेशक ने चालक पर दस लाख रुपये गबन करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। हिंदनगर निवासी मेघराज सिंह नादरगंज के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित शिमला गोमती पान प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। उन्होंने बताया कि कम्पनी का 10 लाख रुपये चौरसिया जनरल मर्चेंट महाराजगंज की मालकिन आशा चौरसिया के पास रखवाया था। आशा ने रुपये चालक को देकर कॉल कर जानकारी दी। निदेशक ने बताया कि आरोपी चालक विकास 10 लाख लेकर गायब हो गया।

### केवीएम इंटर कॉलेज में लगी उद्यान प्रदर्शनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरोजिनी नगर तहसील अंतर्गत कल्ली पश्चिम के किरण जय विद्या मंदिर में वनस्पति उद्यान प्रदर्शनी लगी। कॉलेज व गिरगो कृषि जतन गोशाला के प्रबंधक अजय सिंह यादव के प्रयासों से विभिन्न प्रकार के 500 पौधे लगाए गए। उप प्रधानाचार्य श्रीमती वैज्ञानिक मृदुल शुक्ला, स्कूल के उप प्रधानाचार्य मोनिका श्रीवास्तव, शिशुपाल सत्रोहन लाल, बृजेश, हीरालाल भारती राजेश, राहुल कनौजिया आदि ने हिस्सा लिया।

# श्रमिकों में काम की मांग से बढ़ी प्रदेश में रोजगार की गारंटी

## पिछले वित्तीय वर्ष में 34.35 करोड़ मानव दिवस सृजित, 5.28 लाख परिवार को मिला 100 दिन काम



रकाबगंज की गल्ला मंडी में बोरी उठा कर दुकान में ले जाते मजदूर। अमृत विचार

**मजदूर दिवस आज**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में बढ़ती काम की मांग को देखते हुए रोजगार की गारंटी बढ़ गई है।

यानी वर्ष 2024-25 में जॉबकार्ड श्रमिकों को पहले चरण में 26 करोड़ मानव दिवस का लक्ष्य मिला है। जबकि वर्ष 2023-24 में पहले चरण में 24 करोड़ मानव दिवस का लक्ष्य मिला था। जो श्रमिकों की संख्या और रुचि के आगे कुछ माह में खत्म हो गये थे और पूरे वर्ष चार चरण में कुल 34.50 करोड़ मानव दिवस मिले थे।

मार्च तक 34.35 करोड़ सृजित यानी श्रमिकों ने काम कर पूर्ण किए। इसमें 5.28 लाख परिवार को 100 दिन बराबर काम मिला है। श्रमिकों में काम की बढ़ती मांग को देखते हुए इस वर्ष पहले चरण में दो करोड़ मानव दिवस अधिक मिले हैं। वहीं, 230 से 237 रुपये मजदूरी भी 1 अप्रैल से मिलने लगी है। अफसरों का दावा है कि आने वाले दिनों में स्थिति और अच्छी होगी।



ठाकुरगंज में काम के लिए इंतजार में बैठे मजदूर। अमृत विचार

**जिलों को मिला लक्ष्य**

लखनऊ 16,12,115, बरेली 34,40,979, कानपुर नगर 11,69,183, मुरादाबाद 25,93,093, अयोध्या 37,17,474, प्रयागराज 51,24,635, गोरखपुर 58,23,448, वाराणसी 14,75,368, आगरा 27,32,021

**2023-24 में मानव दिवस की प्रगति (करोड़ में)**

| जिला | लक्ष्य | पूर्ति |
|---|---|---|
| लखनऊ | 14.59 | 14.58 |
| बरेली | 41.27 | 39.99 |
| कानपुर नगर | 14.93 | 14.68 |
| मुरादाबाद | 35.90 | 35.38 |
| अयोध्या | 42.28 | 42.11 |
| प्रयागराज | 70.83 | 69.55 |
| गोरखपुर | 68.73 | 66.71 |
| वाराणसी | 25.71 | 24.70 |
| आगरा | 50.04 | 47.97 |



कैसरबाग स्थित एक इमारत पर जान जोखिम में डालकर पुताई करते मजदूर। अमृत विचार

**मानव दिवस व प्रगति (करोड़ में)**

| वर्ष | लक्ष्य | पूर्ति |
|---|---|---|
| 2020-21 | 40 | 39.32 |
| 2021-22 | 32 | 32.56 |
| 2022-23 | 31 | 31.15 |
| 2023-24 | 34.50 | 34.35 |

**34.35 करोड़ में ये परिवार लाभान्वित**

*74.51 लाख परिवारों ने काम मांगा
*68.45 लाख परिवारों ने काम किया
*5.28 लाख परिवार ने 100 दिन काम किया

"योजना का मकसद एक परिवार को गांव में 100 दिन का रोजगार देना है। पिछले वर्ष अधिक संख्या में परिवार लाभान्वित हुए हैं। गांव में रोजगार मिलने से पलायन रुका है और श्रमिकों की संख्या के साथ काम की मांग बढ़ी है।
– विजय चौधरी, उपायुक्त ग्राम्य विकास मुख्यालय

# बलरामपुर अस्पताल में शिफ्ट होगा डीआरडीओ का ऑक्सीजन प्लांट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कोविड के बाद से डीआरडीओ में बंद पड़े लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट को बलरामपुर अस्पताल में शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए शासन में पत्राचार किया गया था, जहां से मंजूरी मिल गई है। शिफ्टिंग प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

बलरामपुर अस्पताल करीब 756 बेड की क्षमता का अस्पताल है। यहां पर मरीजों के लिए दो ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट लगे हैं। हालांकि, यह प्लांट ऑक्सीजन सिलेंडर से भी महंगे पड़ रहे हैं। दोनों प्लांट हर माह हजारों यूनिट बिजली की खपत कर रहे हैं। अफसरों ने लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किए जाने के लिए शासन को पत्र भेजा था। अफसरों ने डीआरडीओ में बंद पड़े लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट को बलरामपुर अस्पताल में शिफ्ट किए जाने का फैसला लिया है। अस्पताल निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण के मुताबिक, लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट के लिए जगह तलाश ली गई है। इसके स्थापित होने बाद उससे ओटी में आपूर्ति की जाएगी।

**एक जनरेटर प्लांट फिर हुआ खराब**

बलरामपुर अस्पताल में दो ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट लगे हैं। इसमें एक प्लांट में खराबी आ गई है। प्लांट की मरम्मत का काम चल रहा है। ऐसे में जंबो सिलेंडर से ऑक्सीजन की आपूर्ति शुरू हो गई है। गौरतलब है कि जिस कंपनी पास उपकरणों की मरम्मत का ठेका है, उसके जरिए करीब दो माह पहले ही प्लांट में आई खराबी को दूर किया गया था। इसकी एवज में करीब दस लाख रुपये का स्टीमेट बनाकर दिया था। कुछ माह प्लांट चलने बाद फिर से उसमें खराबी आ गई है।

# बाजार में ढूंढे नहीं मिल रहीं एनसीईआरटी की किताबें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कक्षा नौ से 12 तक एनसीईआरटी की किताबों की किल्लत बाजार में लगातार बनी हुई है। जो किताबें मिल रही हैं उनके दाम ज्यादा है। ऐसे में परेशानी अभिभावकों को हो रही है। दुकानदार बता रहे हैं कि एनसीईआरटी की ओर से पर्याप्त किताबें नहीं छप सकी हैं, जिसके चलते ये समस्या बनी हुई है।

दुकानदारों का कहना है कि उनके थोक सप्लायर का कहना है कि अभी किताबें मई के अंत तक आ पायेंगी। इधर अप्रैल माह में नया शैक्षिक सत्र शुरू होने के कारण अभिभावकों को डर है कि कहीं उनके बच्चों का कोर्स न पिछड़ जाए। बाजार में एनसीईआरटी की किताबें न होने के कारण कई निजी विद्यालय दूसरे प्रकाशकों की भी किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों पर दबाव बना रहे हैं। अलीगंज स्थित एक दुकान पर बच्चे का कोर्स खरीदने आये विकास नगर निवासी अतुल शर्मा ने बताया कि 12वीं एनसीईआरटी की किताबें नहीं मिल पा रही हैं। इसी तरह से डंडइया बाजार स्थित एक बुक डिपो के मालिक का कहना है कि एनसीईआरटी यदि समय से किताबों की सप्लाई पूरी कर दे तो कभी किताबों की किल्लत नहीं होती।

## सार-संक्षेप

### मेधावी छात्रों किए गए सम्मानित



देशभारती पब्लिक इंटर कॉलेज में सम्मानित किए गए मेधावी।

**अमृत विचार लखनऊ :** देश भारती पब्लिक इंटर कॉलेज में मंगलवार को यूपी बोर्ड के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुरली धर आहूजा वफा अब्बास, प्रतिभा मिश्रा सभासद धर्मेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह और संस्था के प्रबंधक वेद व्रत वाजपेई अध्यक्षा साधना वाजपेई ने लगभग 250 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले मेधावियों में हाई स्कूल के अनुज वर्मा 91.66%, हर्षित प्रजापति 90%, प्राची मौर्य 90.16%, आस्था मिश्रा 86.5%, निशा यादव 84.33%, सक्षम मौर्य 84%, इशिता 83.83%, तन्मय गुप्ता 83.5%, रुद्राक्ष दीक्षित 83% और इंटरमीडिएट के लक्ष्मी गुप्ता 88.6%, अमरीन बानो 88%, सत्यम शर्मा 88% नित्या गुप्ता 87.8%, खुशी सिंह 87%, श्रेया गुप्ता 81.4%, श्रेया शुक्ला 81.4% वंश वर्मा 80.6% शामिल रहे।

### आर्थिक उत्पाद व अपशिष्टों पर चर्चा

**अमृत विचार , लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में भारत में नवीकरणीय ऊर्जा विकास विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रो. नायक ने आर्थिक उत्पाद एवं अपशिष्ट निर्वहन, पर्यावरण की आत्मसात करने की क्षमता, राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन (2023) जैसे सम्बंधित तथ्यों पर प्रकाश डाला। प्रो. नायक ने भारत में नवीकरणीय ऊर्जा के चुनौतियां तथा नेट जीरो जैसे विषय से भी उपस्थित विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर डॉ. राशि कृष्ण सिन्हा, डा. अभिषेक पाडेय सहित अर्थशास्त्र विभाग के स्नातक एवं परास्नातक के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### अग्नि सुरक्षा के बताए गए उपाय

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीएन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी ने अग्नि सुरक्षा पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम में बख्शी का तालाब (बीकेटी) के फायर ऑफिसर प्रशांत कुमार ने विभिन्न अग्नि सुरक्षा तकनीकियों का प्रर्दशन करते हुए सूचनाएं साझा कीं। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अग्नि के खतरों से बचने के उपाय भी बताए गए।

### कचरे के प्रति लोगों को किया गया जागरूक



गीले व सूखे कचरे की जानकारी देते अर्बन कोऑर्डिनेटर सुभाष द्विवेदी।

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** बख्शी का तालाब नगर पंचायत के वार्ड 17 रुदही द्वितीय में आईटीसी मिशन सुनहरा कल व उमंग सुनहरा कल सेवा समिति के संयुक्त प्रयास से बैठक हुई। इसमें वार्ड के सुपरवाइजर अजय रावत के द्वारा वार्ड के लोगों को अपने घरों से निकलने वाले कचरे को दो भागों में देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान यूपी के आरसी से अर्बन कोऑर्डिनेटर सुभाष द्विवेदी के द्वारा लोगों को कचरे के प्रबंधन के फायदे तथा घरेलू एवं सामुदायिक स्तर पर जैविक खाद बनाने की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। इसके बाद एक मोहल्ला समिति का गठन किया गया, जिसका नाम सैनिक स्वच्छता समूह रखा गया।

### बीबीएयू में तकनीकी बारीकियों पर प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में गौतम बुद्ध केंद्रीय पुस्तकालय की ओर से ड्रिलबिट प्लेगरिज्म डिटेक्शन टूल का उपयोग कैसे करें, विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण हुआ। शिक्षकों एवं शोधार्थियों को ड्रिलबिट के प्रयोग से जुड़ी सावधानियों के बारे में बारीकी से बताया गया। साइंस कम्यूनिकेटर डॉ. निकिता वन्जारी ने ड्रिलबिट सॉफ्टवेयर की जानकारी दी। भारतीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं में प्लेगरिज्म की जांच को विस्तार दिया। संगठन, संस्थान, शोधार्थी एवं विद्यार्थी से जुड़े सॉफ्टवेयर तकनीकी बारीकियां बताई गईं। कार्यक्रम में उपस्थित शोधार्थियों की ओर से ड्रिलबिट सॉफ्टवेयर से संबंधित विभिन्न प्रश्न भी पूछे गये। ऑनलाइन ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शोधार्थी एवं अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।



उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत।

# उत्सव में पुरस्कृत किए गए नवोदित कलाकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी (संस्कृति विभाग) की ओर से संत गाडगे सभागार में हुए उल्लास उत्सव में भातखंडे संस्कृति विवि की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह और प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन मुकेश मेश्राम ने नवोदित कलाकारों को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम में वर्ष 2023 और 2024 में अयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। वर्ष 2023 के प्रतिभागियों में कानपुर संभाग से प्रियांशी पांडेय, मेरठ से श्रेयशी बेरा, लखनऊ से अनुषा त्रिवेदी बाल वर्ग में, किशोर वर्ग में वाराणसी से आद्या मुखर्जी, आगरा से गोपाल मिश्रा, मऊ से चंद्रकांत भारती एवं युवा वर्ग में अयोध्या से भास्कर प्रसाद मिश्रा, वाराणसी से अक्षत प्रताप सिंह एवं मऊ से श्वेता राय शामिल हैं। वहीं, 2024 में लखनऊ से यशराज मिश्रा, कानपुर से श्रेष्ठा मिश्रा, वाराणसी से शिउली भट्टाचार्य, प्रयागराज से वागीशा पांडेय, अयोध्या से अर्चिता मौर्या, गाजियाबाद से देवांश मिश्रा, लखनऊ से अनुराग मौर्य, मऊ से दुर्गेश यादव, कानपुर से मृदुल कुमार अवस्थी को पुरस्कृत किया गया।

# कमजोर लोगों में आसानी से फैलता है कैंसर

## बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में सेमिनार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में बढ़ती उम्र में प्रतिरक्षा - प्रतिरक्षा विज्ञान का संचालन विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आए संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रसिद्ध रोबोटिक्स सर्जन डॉ. ज्ञानचंद ने कहा कि कैंसर कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों में आसानी से फैलता है। सही समय पर कैंसर का पता लगा कर उसका उपचार करने से बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

आईक्यूएसी डायरेक्टर प्रो. राम चन्द्रा ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के कारण भी हमारी प्रतिरोधक क्षमता को नुकसान पहुंचता है। प्रो. डीआर मोदी ने सेमिनार में मौजूद सभी को पौष्टिक आहार के माध्यम से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आईक्यूएसी डायरेक्टर प्रो. राम चन्द्रा, प्रो. संगीता सक्सेना, प्रो. डीआर मोदी, डॉ. सुनील बाबू गोसीपटाला, प्रो. वेंकटेश कुमार सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शोधार्थी एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



बीबीएयू में आयोजित प्रतियोगिता में छात्रों से सवाल पूछते विशेषज्ञ।

**पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता हुई :** जूनियर एवं सीनियर वर्गों में क्विज, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। आयोजन समिति के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**दिक्कत** | एनएचएम से आईसीडीएस को योजना ट्रांसफर होने की प्रक्रिया में शिथिलता के कारण प्रसूताएं नहीं हो पा रही पोषित

# प्रसूताओं को एक साल से नहीं मिला पीएमएमवीवाई का लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ये दो उदाहरण महज बानगी भर के लिए दिए गए हैं। जिले में ऐसे हजारों की तादाद में प्रसूताएं हैं जिन्हें आवेदन के बाद भी प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) का लाभ नहीं मिल पा रहा है। करीब एक साल से लाभार्थी योजना से वंचित हैं। उनके सवालों से बचने के लिए आशा कार्यकर्ताओं ने तो आवेदन तक कराना बंद कर दिया है।

दरअसल, प्रसूताओं को डिलीवरी के बाद सरकार की ओर से एनएचएम के माध्यम से पीएमएमवीवाई के तहत पांच हजार रुपये पोषण भत्ता के नाम पर दिए जाने की योजना है। योजना के शुरुआत में यह रकम तीन किस्तों में मिलती थी।

बाद में इसे दो किस्तों में दिए जाने का बदलाव किया गया। लेकिन महिलाओं के खाते में पिछले एक साल से इसकी धनराशि ट्रांसफर नहीं की जा सकी है।

**500 लाभार्थियों के हर माह हो रहे आवेदन :** योजना से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि जिले में इस योजना के तहत करीब 500 लाभार्थियों के आवेदन आशाओं के माध्यम से कराए जा रहे हैं। इस हिसाब से करीब एक साल में छह हजार लाभार्थी होती हैं। पांच हजार रुपये एक लाभार्थी को दिए जाने का प्राविधान है। लिहाजा तीन करोड़ से अधिक का भुगतान होना शेष है। एक साल से लाभ न मिलने से प्रसूताओं और आशाओं का इस योजना से मोहभंग हो रहा है।

**पोर्टल में तकनीकी समस्या के कारण भी घटे आवेदन :** पीएमएमवीवाई पोर्टल का आए दिन बंद होना और स्लो चलना भी एक समस्या है। नतीजा समय अधिक बीत जाने के बाद गर्भवती महिलाएं योजना के लाभ से वंचित रह जाती हैं।

कई महीनों से पोर्टल पर काम होने की बात कहकर अफसर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। पीएमएमवीवाई में कार्यरत कर्मचारी के अनुसार पोर्टल में समस्या होने से पहले हर माह करीब एक हजार महिलाओं का रजिस्ट्रेशन हो रहा था। वहीं करीब छह माह से पोर्टल में तमाम तरह की दिक्कतें चल रही हैं। लिहाजा अब आवेदन पहले की अपेक्षा आधे ही हो पा रहे हैं।

**केस-1** मोहनलालगंज की कविता गर्भवती हुई तो आशा कार्यकर्ता ने उनका पीएमएमवीवाई के तहत आवेदन कर दिया। आशा ने बताया था कि उसे सरकार की ओर से 5 हजार रुपये सीधे बैंक खाते में दिए जाएंगे। जन्म के बाद उनका बेटा 7 महीने का हो चुका है। लेकिन अभी तक पैसा नहीं मिला।

**केस-2** इंदिरानगर निवासी रजनी का भी पीएमएमवीवाई के तहत आवेदन हुआ था। रजनी के मुताबिक लगभग एक साल होने वाला है। लेकिन लाभ नहीं मिला। आवेदन कराने में करीब 200 रुपये भी खर्च हो गए थे। आशा भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रही हैं।

"अब यह योजना इंटीग्रेटेड चाइल्ड डेवलपमेंट सर्विसेज (आईसीडीएस) को ट्रांसफर हो रही है। इसलिए योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ट्रांसफर प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसका लाभ मिलने लगेगा।
– सतीश कुमार, जिला प्रबंधन अधिकारी एनएचएम



## एक नजर

### होटल में रिसेप्शन पार्टी से महिला का हार चोरी

**अमृत विचार लखनऊ :** विभूतिखंड थाना अंतर्गत विराजखंड एक होटल में रिसेप्शन पार्टी से एक महिला का हार चोरी हो गया। महिला के पति ने हार चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा निवासी मो . हसन जेब खान दोस्त अनुज के घर आए थे। बीते 27 अप्रैल को वह विराजखंड के एक होटल में रिसेप्शन पार्टी में पत्नी के साथ गए थे। पार्टी के दौरान जेब हसन की पत्नी का हार चोरी हो गया। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर दो युवक नजर आए। जिनके हाथ में सोने का हार था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### महिला डॉक्टर के घर से ज्वैलरी चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर थाना अंतर्गत विश्वासखण्ड में महिला डॉक्टर के घर से चोरों ने की कीमती ज्वैलरी पार कर दी। प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे ने बताया कि विश्वासखण्ड निवासी डॉ . रागिनी सहगल के घर में जुगौली निवासी रेनू का करती थी। उनका आरोप है कि रेनू ने कंगन चोरी कर लिए। जिसकी जानकारी रागिनी को काफी दिन बाद हुई। मंगलवार को उन्होंने गोमतीनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

### घर से नकदी व गहने पार कर रहे शातिर को पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बंथरा में हिंदुस्तान एयरक्राफ्ट कॉलेज निवासी मयंक दीप सिंह धारीवाल सोमवार शाम सब्जी लेने बाजार गए थे। रात करीब 8 :30 बजे वापस लौटे तो घर के मेन गेट का ताला टूटा मिला। यह देखकर वह प्रथम तल के ऊपर वाले कमरे में गए। जहां अलमारी का दरवाजा टूटा होने के साथ ही उसमें रखा कीमती झुमका और पायल व पर्स में रखे 800 रुपये और आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि की छाया प्रति गायब मिली। उन्हें छत किसी की चहल-कदमी सुनाई पड़ी। छत पर पहुंचने पहुंचने पानी की टंकी के बगल एक युवक छिपा मिला, जिसको पकड़ लिया। उसकी पहचान उन्नाव के पुरवानिवासी रोहित चौरसिया के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि साथी राकेश राठौर और परशुराम उनके घर का सामान लेकर भाग चुके हैं।

### रेस्टोरेंट में मारपीट के बाद तोड़फोड़

**अमृत विचार, बीकेटी :** बीकेटी थाना अंतर्गत हरधौरपुर गांव निवासी रेस्टोरेंट संचालक सुधांशु गौड़ सोमवार रात को रेस्टोरेंट बंद करने के बाद उसी में सो रहे थे। आरोप है कि रात 2 बजे मुबारकपुर निवासी संदीप और पर्वतपुर गांव निवासी आकाश यादव कई लोगों लेकर रेस्टोरेंट का गेट तोड़कर अंदर घुस आए। विरोध करने पर दबंगों ने रेस्टोरेंट संचालक से मारपीट कर अंदर रखा सामान तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# किसान ने जलाई पराली, जला जंगल

## जंगल के बीच बनी सड़क से गुजर रही ट्रैक्टर ट्रॉली जली, चालक झुलसा

- दमकलकर्मियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मोहनलालगंज कोतवाली अंतर्गत गोपालखेड़ा गांव में मंगलवार दोपहर किसान ने गेंहू के खेत की पराली में आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने जंगल को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में जंगल के बीच से निकली सड़क से गुजर रही ट्रैक्टर ट्राली भी जल गई। हादसे में चालक झुलस गया। लोगों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों से करीब दो घंटे में आग पर काबू पा लिया।

गोपालखेड़ा गांव के रहने वाले एक किसान ने मंगलवार दोपहर ढाई बजे अपने खेत में गेहूं की पराली में आग लगा दी। तेज हवा के चलते आग विकराल हो गई और जंगल तक पहुंच गयी। इसी बीच जंगल के बीच से निकली सड़क से ट्रैक्टर ट्राली लेकर जा रहे हीरामन खेड़ा निवासी राजू रावत आग की चपेट में आ गये और झुलस गए। राजू की चीख सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें आग से बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया। लोगों की सूचना पहुंचे दमकल कर्मियों ने राहत कार्य शुरू किया और दो गाड़ियों की मदद से दो घंटे में आग बुझा ली। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज आलोक राव के मुताबिक चालक राजू की तहरीर मिली। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


आग से जला ट्रैक्टर


आग से जली ट्राली

### घर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग गृहस्थी का सामान जला

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज में मंगलवार शाम एक मंजिला मकान में आग लग गई। हादसे से वहां अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने एक गाड़ी से आधे घंटे में आग बुझा ली। चंद्रलोक कॉलोनी में कृष्ण कुमार वैश्य परिवार के साथ एक मंजिला मकान में रहते हैं। मंगलवार शाम 4 बजे उनके मकान की छत पर बने स्टोर रूम में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपटों को देख परिजन घबरा गए। आनन-फानन सब लोग मकान के बाहर भाग गए। कृष्ण कुमार ने घटना की जानकारी दमकल को दी। वे खुद भी पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पाने लगे। इस बीच दमकलकर्मी भी वहां पहुंच गए। उन्होंने एक गाड़ी की मदद से आधे घंटे में आग बुझा ली। एफएसओ इंदिरानगर शत्रुघन के मुताबिक हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। गृहस्थी का थोड़ा सामान जल गया है।

### शॉर्ट सर्किट से दुकान व गैराज में लगी आग


गैराज में लगी भयंकर आग। अमृत विचार

गोमतीनगर में उजरियांवा गांव में मंगलवार दोपहर 12 :45 बजे आरआर इंटरप्राइजेज नामक ई-रिक्शे की दुकान व बगल में स्थित गैराज में आग लग गई। दुकान से निकलती आग की लपटों व उठते धुएं के गुबार को देख वहां हड़कंप मच गया। दुकान के मालिक धीरज ने घटना की जानकारी दमकल को दी। वे खुद भी आग लोगों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। इस तीन गाड़ियों के साथ दमकलकर्मी भी वहां पहुंच गए। दमकलकर्मियों ने 40 मिनट में आग बुझा ली। एफएसओ गोमतीनगर के मुताबिक आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी।

### होटल के किचेन में आग लगने से मची अफरा-तफरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर थाना अंतर्गत विराजखंड में एक होटल के किचन में सोमवार देर रात आग लग गई। चंद मिनट में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। लपट के साथ धुंआ के गुबार को देख कर्मचारियों ने तत्काल होटल में ठहरते मेहमानों को बाहर निकाला। हालांकि, घटनास्थल पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने करीब आधे घंटे की जद्दोजहद कर आग पर काबू पाया है। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। एफएसओ गोमतीनगर सुशील यादव के मुताबिक, विराजखंड के होटल रणवीर में सोमवार रात एक बजे किचन में आग लगने की सूचना कंट्रोल रूम पर प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से दमकल की दो गाड़ी घटनास्थल के लिए रवाना की गई थी। इसके बाद दमकल कर्मी राहत कार्य में जुट गए थे। एफएसओ ने बताया कि अग्निशमन कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया।

# कार ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में तेज रफ्तार वाहनों का कहर जारी है। वाहन चालक राहगीरों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। जबकि कई जख्मी हो गए। हालांकि, पीड़ितों की लिखित शिकायत पर पुलिस ने वाहनों चालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

तालकटोरा थाना अंतर्गत राजाजीपुरम गोल चौराहे के पास सोमवार देर रात तेज रफ्तार कार ने मूलरूप से मेरठ जनपद के मेडिकल कॉलेज निवासी स्कूटी सवार लैब टेक्नीशियन सुनील कुमार (45) को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक घटनास्थल से गाड़ी लेकर भाग निकला था। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था। जहां, कुछ घंटे के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। प्रभारी निरीक्षक कैलाश चंद्र दुबे ने बताया कि मृतक के भाई अतुल कुमार की लिखित शिकायत पर अज्ञात कार चालक पर प्राथमिकी दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की मदद से उसकी तलाश की जा रही है।

**घायल युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम :** बीते 16 अप्रैल की रात करीब 9 बजे मड़ियांव कोतवाली अंतर्गत ताड़ीखाना मछली मण्डी के पास तेज रफ्तार वाहन ने सीतापुर जनपद के लहरपुर निवासी रमाकान्त को कुचल दिया था। इस दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से उन्हें केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था। जहां अगले दिन अस्पताल में उनकी मौत हो गई।

**तेज रफ्तार वाहनों की जद में आने से राहगीर जख्मी**

| दिनांक | पीड़ित | समय | घटनास्थल |
|---|---|---|---|
| 28 अप्रैल | शैला | रात 10 .30 बजे | सीते विहार कॉलोनी |
| 28 अप्रैल | रोहित सिंह | रात 9 .30 बजे | सदर बाजार |
| 29 अप्रैल | लॉरेंस एंथोनी | सुबह 11 :30 बजे | दिलकुशा गार्डन |

**रफ्तार का कहर**

- वाहन चालकों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस
- राजधानी के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आए राहगीर


मृतक सुनील कुमार

### ठंडा पड़ गया अभियान

गौरतलब है कि 21 नवम्बर को गोमतीनगर विस्तार थाना अंतर्गत जनेश्वर मिश्र पार्क के पास एडिशनल एसपी श्वेता श्रीवास्तव के इकलौते बेटे नैमिश (10) की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसके बाद से राजधानी में तेज रफ्तार में वाहन चलाने वाले और स्टंटबाजी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने मोर्चा खोल दिया था, लेकिन समय बीतने के साथ ही ओवर स्पीडिंग वाहन चालकों पर की जाने वाली कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई। यही वजह है कि राजधानी में तेज रफ्तार का कहर मुसलसल जारी है।

प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र ने बताया कि मंगलवार को मृतक के भाई दिनेश कुमार की लिखित शिकायत पर पुलिस अज्ञात वाहन चालक पर गैर-इरादन हत्या की धारा में प्राथमिकी दर्ज की है।

### सड़क हादसे में युवक घायल


घायल युवक इखलाक

**अमृत विचार मलिहाबाद :** सआदतगंज कोतवाली अंतर्गत वजीरबाग चरही निवासी इखलाक की ससुराल हरदोई जनपद के थाना संडीला के ग्राम बेगमगंज में है। गत 26 अप्रैल की रात करीब साढ़े दस बजे इखलाक बाइक से अपनी ससुराल से घर लौट रहा था। रहीमाबाद के भतोइया के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी थी। जिससे बाइक से गिरे इखलाक बेहोश हो गया था। जिसकी सूचना इख़लाक के फोन से किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके परिजनों को दी। जब तक बेहोशी की हालत में पड़े युवक के परिजन आते तब तक वहां से बाइक व सूचना देने वाला अज्ञात व्यक्ति गायब था। प्रभारी निरीक्षक अनुभव सिंह ने बताया कि तहरीर के अनुसार मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा।

# तेजाब फेंकने की धमकी देकर दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गुडम्बा पुलिस ने शौहर पर दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार :** तीन तलाक पर भले ही कानून बन गया हो, लेकिन तीन तलाक देने वालों में कोई कानून का खौफ नहीं है। गुडम्बा थाने में एक महिला ने अपने शौहर के खिलाफ तीन तलाक दिए जाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि शौहर ने उसके चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी देते हुए उसे तीन तलाक दे दिया।

प्रभारी निरीक्षक नितीश श्रीवास्तव के मुताबिक, अब्बासनगर मिश्रीपुर निवासी शहनाज ने शौहर मो. इरशाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि शौहर से विवाद होने के चलते वह बहन के घर पर रहने लगी। जहां उसने एक दुकान चलाकर बच्चों की परवरिश करने लगी। पीड़िता का आरोप है कि बीते 9 सितम्बर को शौहर उसके पास पहुंचा और दुकान खाली करने दबाव बनाने लगा। मना करने पर शौहर ने उसकी पिटाई कर दी और चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी देने लगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

### तीन दिन बाद नगराम में मिला युवती का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी में बीते रविवार शाम रील बनाते समय इंदिरा नहर में गिरी मनीषा खान (19) का शव तीन दिन बाद मंगलवार को गोसाईगंज के पहाड़पुर टिकरिया गांव के पास नहर में उतराता मिला। प्रभारी निरीक्षक बीबीडी अजय नारायण सिंह के मुताबिक रविवार शाम 6 बजे मनीषा पांच लोगों के साथ रील बना रही थीं। तभी वह अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई थी। उसके ममेरे भाई ओंकार ने उसे बचाने की भी कोशिश भी की थी। मगर वह खुद डूबने लगा था। इस पर वहां से गुजर रहे लोगों ने उसे बचा लिया था। मगर मनीषा को बचाया नहीं जा सका था। मंगलवार को पुलिस ने सुबह 8 बजे फिर सर्च ऑपरेशन चलाया था। दोपहर 2 बजे मनीषा का शव पहाड़पुर टिकरी गांव में नहर में उतराता मिला। इंस्पेक्टर ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# कार का शीशा तोड़ महिला के गले से छीनी चेन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चिनहट पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** चिनहट थाना अंतर्गत सोमवार रात को बाइक सवार युवकों ने कार पर ईंट से हमला कर दिया। वहीं बाइक सवार युवकों ने महिला पर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाया है।

प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक, सेमरा निवासी मनोरमा चौधरी सोमवार रात को दोस्तों के साथ आदर्श ढाबा से खाना लेकर आ रही थी। तभी बीएमडब्लयू शोरूम के सामने सोनू यादव अचानक उनकी गाड़ी के सामने ईंट चलाने लगे। गाड़ी रोकने पर गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। अभद्रता करते हुए चेन लूट ली। उन्होने थाने पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई। वहीं शिवपुरी निवासी सोनू यादव ने बताया कि वह घर जा रहा था। सेमरा मोड़ के पास मनोरमा चौधरी और उनका प्रेमी जतिन सिंह ने बाइक के आगे कार लगा कर गाली-गलौज करते हुए कार से बाईक में टक्कर मारी। वह राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### इलेक्ट्रानिक्स व्यापारी से हड़पे पांच लैपटॉप

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज कोतवाली में एक इलेक्ट्रानिक्स व्यापारी हिंदुस्तान कार्पोरेशन के मालिक समेत कुछ कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित व्यापारी ने बताया कि जालसाजों ने उससे पांच महंगे लैपटॉप हड़प लिए है। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के मुताबिक नाजा मार्केट निवासी इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापारी गौरव अग्रवाल लैपटॉप का व्यवसाय करते हैं। बताया कि 29 फरवरी को फर्म हिन्दुस्तान करपोरेशन में कार्यरत विनोद कुमार लैपटॉप के बारे में पता करने उनके प्रतिष्ठान पर आए और अपनी फर्म का विजिटिंग कार्ड देते हुए फर्म के मालिक राजेश कुमार से बात कराई। राजेश कुमार द्वारा 5 लैपटॉप की आवश्यकता बतायी गयी। 5 मार्च को राजेश कुमार ने फोन पर 5 लैपटॉप बिल करके उनके कार्यालय में भेजकर भुगतान लेने के लिए कहा तो वह दो कर्मचारियों को लेकर बताए गए पते पर पहुंचा। कुछ ही मिनट बाद एक शख्स उनसे लैपटॉप लेकर चला गया और 10 मिनट में भुगतान कराने का आश्वासन दिया। 10 मिनट बीत जाने के बाद भी भुगतान प्राप्त न होने पर राजेश कुमार को फोन किया तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ था। वहां बैठी महिला कर्मचारी से पूछने पर पता चला कि उसको इस ऑफिस में ज्वाइन करे दो ही दिन हुआ है, उनको राजेश कुमार की कोई जानकारी नहीं है।

### कैफे संचालक पर भगोने से हमला, तोड़फोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी थाना अंतर्गत सोमवार रात कैफे संचालक ने मैगी बनाने से इंकार किया तो नाराज दबंगों ने उस पर भगोने हमला कर कैफे में जमकर तोड़फोड़ की। पीड़ित ने सम्बन्धित थाने में लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। मूलरूप से बाराबंकी निवासी सूर्य प्रकाश सिंह बीबीडी में राधा रानी कैफे पर काम करता है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि सोमवार रात करीब 1 बजे कैफे पर अंकित दुबे अपने तीन साथियों के साथ पहुंचा और उससे मैगी बनाने का दबाव बनाने लगा। पीड़ित ने बताया कि उसने मैगी बनाने से इंकार किया, तो इस बात से नाराज अंकित दुबे अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मारपीट करने लगा। विरोध पर दबंगों ने उस पर भगोने से हमला कर कैफे में जमकर तोड़फोड़ की। हंगामा बढ़ने पर हमलावर पीड़ित को धमकी देते हुए वहां से मौके से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर दबंगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### प्रेमी पर लगाया यौन शोषण का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाजारखाला थाने में एक युवती ने प्रेमी के खिलाफ यौन शोषण और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। बाजारखाला थानाक्षेत्र की रहने वाली युवती (26) ने बताया कि वर्ष 2016 में उसकी दोस्ती ठाकुरगंज के रहने वाले एक युवक से हुई थी। इसके बाद दोनों में नजदीकियां हो गई। इसी बीच युवक ने उससे शादी करने का प्रस्ताव रखा। जिस पर पीड़िता ने हामी भर दी। इसके बाद प्रेमी ने चोरी-छिपे उससे शादी रचा ली। पीड़िता ने बताया कि करीब दो माह पूर्व उसे जानकारी हुई कि प्रेमी ने अपने परिजनों की रजामंदी से दूसरी युवती से शादी कर ली है। इसका विरोध करने पर प्रेमी उसे धमकी दे रहा है। प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्या ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, पुलिस जांच कर रही है।

### मुकदमे की पैरवी करने गए युवक से मारपीट

**अमृत विचार, लखनऊ :** वजीरगंज कोतवाली में एक महिला ने तीन अधिवक्ताओं पर दामाद के साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। आलमबाग न्यूश्रीनगर निवासी सुशीला त्रिवेदी ने बतायाकि पुश्तैनी जमीन को लेकर एक मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। गत 5 फरवरी को दामाद वेद प्रकाश पैरवी के लिए बहुखंडी कोर्ट गए थे। जहां अधिवक्ता राधेश्याम पाण्डेय से मिलने के बाद वेद वापस लौट रहे थे। तभी विपक्षी प्रद्युम्न के अधिवक्ता उमेश चंद्र दीक्षित ने सर्वजीत शुक्ला और सुनील अवस्थी के साथ मिल कर वेद को रोक लिया और उनके साथ मारपीट की। घटना सेंट्रल बार एसोसिएशन दफ्तर के पास हुई थी। पीड़िता ने जेसीपी कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल से मिल कर शिकायत की थी। जिनके निर्देश पर वजीरगंज कोतवाली में उमेश चंद्र, सर्वजीत शुक्ल और सुनील अवस्थी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### इंश्योरेंस क्लेम के लिए दर्ज कराया था फर्जी मुकदमा

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभूतिखंड थाने में निर्माण निगम कर्मी ने इंश्योरेंस क्लेम हासिल करने के लिए दोस्त के साथ मिल कर अपनी ऑडी कार चोरी होने की फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हालांकि, मंगलवार को पुलिस ने मामले का मामले का पर्दाफाश कर निर्माण निगम कर्मी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पारा विक्रमनगर निवासी निर्माण निगम अंकुर श्रीवास्तव ने गत 28 अप्रैल को विभूतिखंड थाने में अपनी ऑडी कार चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि कार चोरी होने का स्थान निर्माण निगम कार्यालय दिखाया गया था। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर अंकुर की हकीकत सामने आ गई। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह ने बताया कि अंकुर के मोबाइल की सीडीआर रिपोर्ट चेक करने पर एक संदिग्ध नंबर भी मिला। इस पर कई बार बात हुई थी। फुटेज की मदद से अंकुर सिंह को पारा के सरोसा मोड़ से पकड़ा गया। उनके पास से कथित तौर पर चोरी हुई ऑडी कार मिली। पूछताछ में अंकुर ने बताया कि नई दिल्ली पीरागढ़ी निवासी हितेश पुरानी कार की खरीद-फरोख्त करता है। जिससे अंकुर की दोस्ती थी। आरोपी ने हितेश की मदद से कार चोरी का मुकदमा दर्ज करा और गाड़ी को कटवाने की साजिश रची थी।


नाले में दुग्ध पदार्थ फेंकता युवक । अमृत विचार

### नाले में दूध-दही पनीर फेंकने का वीडियो वायरल

**अमृत विचार, निगोंहा:** कस्बे में बांक नाले में दूध, दही, पनीर फेके जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ग्रामीणों का कहना ह है कि नाले में दूध, दही व पनीर फेंकने वाला युवक क्षेत्र में दुग्ध पदार्थों को कम दामों पर बेचता है। इस पर ग्रामीणों ने दुग्ध पदार्थों में मिलावट किए जाने की आशंका जताई है। सूत्रों की मानें तो, निगोहां के रघुनाथ खेड़ा के बांक नाले पर एक युवक खुले सीएनजी रिक्शा पर बड़ी मात्रा में दूध, दही, पनीर लादकर पहुंचता है। सन्नाटा देखकर वह दूध, दही, पनीर नाले में फेंकने लगता है। इसी बीच किसी ने इसका वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया।

# दो नर्सों के बीच मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- क्वीन मेरी प्रशासन ने दोनों आरोपितों से मांगा स्पष्टीकरण

> मामले की शिकायत मिली है, दोनों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिसकी गलती मिलेगी उस पर कार्रवाई सुनुश्चित की जाएगी। - प्रो .अंजू अग्रवाल एमएस क्वीनमेरी महिला अस्पताल

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (क्वीन मेरी) में दो नर्सों के बीच मारपीट हुई है। मामले की शिकायत विभागाध्यक्ष से की गई है। अस्पताल प्रशासन की ओर से दोनों नर्सों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

क्वीन मेरी में सोमवार को करीब 10:30 बजे ओपीडी में स्थायी नर्स मंजू मलिक और संविदा पर तैनात कांति देवी के बीच मरीज को भर्ती कराने को लेकर बहस हो गई। जिसके बाद कांति देवी ने मंजू मलिक की शिकायत एचओडी प्रो. एसपीज जैसवार से कर दी। आरोप है शिकायत से नाराज मंजू ने कांति देवी को लगातार दो थप्पड़ जड़ दिए। इसके बाद दोनों के बीच हाथापाई हुई। बताया जा रहा है कि थप्पड़ मारने से कांति देवी के कान में दर्द व सूजन की समस्या हो गई है। कांति का कहना है कि इस मामले में यदि आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो वह आरोपी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराएगी।

### युवती की आपत्तिजनक फोटोग्राफ वायरल

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद थाने मे एक पिता ने गांव के रहने वाले युवक पर बेटी की आपत्तिजनक फोटोग्राफ वायरल करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, रहीमाबाद क्षेत्र के रहने वाले युवती के पिता ने बेटी की शादी चैना रुसैना निवासी अशोक कुमार उर्फ छोटू से तय की थी। आरोप है कि शादी तय होने के बाद अशोक आए-दिन उनके घर आता जाता था। एक दिन शराब के नशे में अशोक पिता-पुत्री से अभद्रता कर उनकी पिटाई कर दी थी। आहत होकर पीड़ित ने आरोपी से बेटी का रिश्ता तोड़ दिया था। रिश्ता टूटने के बाद अशोक उनकी बेटी को बदनाम करने की धमकी देने लगा। इसी बीच सोशल मीडिया पर आरोपी ने उनकी बेटी की आपत्तिजनक फोटो वायरल कर दी।

### पुलिस की जिप्सी के चालक पर प्राथमिकी दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैंट थाना अंतर्गत सोमनाथ द्वार के पास बाइक सवार छात्र को टक्कर मारने वाली पुलिस जिप्सी के खिलाफ कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसीपी कैंट पंकज कुमार सिंह ने बताया कि जिप्सी पर किसकी ड्यूटी लगी थी। इसके बारे में पता लगाया जा रहा है। एसीपी ने बताया कि छात्र के पिता एक्सएवियर एंथोनी की तहरीर पर जिप्सी नंबर यूपी 32 बीजी 4632 पर मुकदमा दर्ज कर किया गया है। फुटेज की मदद से देखा जाएगा कि गाड़ी कौन चला रहा था। किसकी गलती मिलती है। उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीड़ित का आरोप था कि बिना नेम प्लेट के एक सिपाही ने अस्पताल पहुंचकर धमकाया था। उस सिपाही के बारे में पता लगाने के लिए पीड़ित की मदद ली जा रही है। साथ ही अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जाएंगे। पता लगने पर उसके खिलाफ जांच की जाएगी।

# फर्जी दस्तावेज से नियुक्ति पाने वाले सात लोगों पर प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण में फर्जीवाड़ा कर पाई नौकरी

**अमृत विचार :** हजरतगंज कोतवाली में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के उपनिदेशक ने फर्जीवाड़ा कर नियुक्ति पाने वाले सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। जालसाजों ने खाद्य प्रसंस्करण डिप्लोमा का फर्जी सर्टिफिकेट लगाया था। यह बात सर्टिफिकेट की जांच में सामने आई।

सप्रू मार्ग स्थित उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण में प्रवीन कुमार उपनिदेशक हैं। वर्ष 2016 में पर्यवेक्षक वर्ग-तीन के 72 पदों पर भर्ती के लिए यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को सूचना उपलब्ध कराई गई थी। शैक्षिक अर्हता इण्टर के साथ एक वर्षीय डिप्लोमा थी। 5 अप्रैल 2022 को आयोग की तरफ से 9 लोगों की चयन सूची दी गई थी। साथ ही स्पष्ट निर्देश थे कि अभ्यर्थियों के दस्तावेज की जांच पूरी होने के बाद नियुक्ति आदेश जारी किया जाएगा लेकिन तत्कालीन निदेशक उद्यान ने आदेश की अनदेखी करते हुए नियुक्ति आदेश जारी किया था। जिसके आधार पर नौ लोगों ने ज्वाइनिंग की थी। जिसके साथ ही एक वर्षीय डिप्लोमा का सर्टिफिकेट भी प्रस्तुत किया था। जांच में पता चला सुलतानपुर निवासी आलोक अग्रहरि, प्रतापगढ़ निवासी पंकज यादव, कन्नौज निवासी अमित कुमार, बाराबंकी निवासी अनुराधा वर्मा, प्रयागराज निवासी वेद प्रकाश सिंह, हमीरपुर राठ निवासी राजकिशोर पटेल और रविंद्र सिंह ने आंध्र प्रदेश अनन्तपुरम स्थित कृष्णदेव आर्य विवि का डिप्लोमा सर्टिफिकेट लगाया था। जिन्हें जांच के लिए अनन्तपुरम स्थित कृष्णदेव आर्य विवि भेजा गया था। जहां से आई रिपोर्ट में पता चला कि किसी ने भी डिप्लोमा नहीं किया है।

# पैरा कमांडो बन साइबर ठगों ने व्यवसायी से हजारों ऐंठे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अधिवक्ता समेत दो के खाते से उड़ाए 37 हजार

**अमृत विचार :** साइबर अपराधियों ने पैरा कमांडो बन चौक के विनायक ठंडाई व्यवसाई को 13 हजार की चपत लगा दी। इसके अलावा दो अन्य मामलों में जालसाज ने दो के खाते से करीब 37 हजार रुपए ठग लिए है। इसके बाद पीड़ितों ने सम्बन्धित थाने में लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।

चौक कोतवाली अंतर्गत राजा ठंडाई के नाम से मशहूर विनायक त्रिपाठी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने खुद को अमौसी एयरपोर्ट पर तैनात पैरा कमांडो संदीप के रूप में अपना परिचय देते हुए 200 गिलास ठंडाई का ऑर्डर देते हुए बिल व्हाट्सएप पर मंगाया। माल तैयार कर विनायक एयरपोर्ट डिलेवरी के लिए निकल गया। इसी दौरान दूसरे नंबर से कॉल आई। संदीप का साथी बनकर कहा कि आप टर्मिनल एक पर पहुंच कर आधार कार्ड भेज दीजिएगा, ताकि गेट पास बनवा सकूं। साथ ही एक रुपए ऑनलाइन भेज दीजिए, ताकि पेमेंट कर सकूं। पीड़ित ने बताया कि जालसाज ने खाते से 13 हजार ऐंठ लिए।


इकाना स्टेडियम में बल्लेबाजी करते मुंबई टीम के कप्तान रोहित शर्मा।

# लखनऊ ने जीता मैच और मुंबई ने दिल

## भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के जन्मदिन पर दर्शकों ने दी वर्ल्ड कप जीतने की शुभकामनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बर्थडे ब्वायज रोहित-रोहित की आवाज से स्टेडियम गूंज रहा था। भारतीय टी-20 टीम में शामिल सूर्य कुमार और हार्दिक की झलक पाने को भी दर्शक बेताब दिखे।

शहर के इकाना स्टेडियम मंगलवार को मुंबई इंडियंस की जर्सी के रंग में रंगा नजर आया। दर्शकों के हाथों में लहराते तिरंगों ने दर्शकों को जोश दोगुना कर दिया। सूर्य कुमार यादव, हार्दिक और बुमराह की झलक पाने को दर्शक बेताब दिखे। स्टेडियम में एक से एक लहराते आकर्षक पोस्टरों ने भी रोमांच दोगुना कर दिया। लखनऊ सुपर जांयट्स ने भले ही आज मैच जीत लिया हो लेकिन मुंबई के स्टार खिलाड़ियों ने लखनऊ का दिल जीत लिया। मैच शुरू होने से पहले इकाना स्टेडियम के बाहर खासी भीड़ नजर आई। इतनी भीड़ लखनऊ में हुए किसी अन्य मैच में देखने को नहीं मिली।

भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ियों को लेकर स्टेडियम के बाहर पहुंची बस को देखते ही मौजूद दर्शक भारत माता की जय के जयकारे लगाने शुरू कर दिए। रोहित शर्मा का आज जन्मदिन था। वह आज लखनऊ में थे। लखनऊ में उनके दीवानें उन्हें बर्थडे विश करना नहीं भूले। पोस्टरों के माध्यम से दर्शकों ने रोहित को जहां जन्मदिन की बधाई दी, वहीं उन्हें विश्वकप जीतने की शुभकामनाएं भी दी। रोहित के आउट होने के बाद भी दर्शक उनके नाम का शोर मचाते रहे। स्टेडियम के बाहर मुंबई इंडियंस के नाम वाली टीशर्ट हाथों-हाथ बिकी। 200 रुपये में टीशर्ट, 150 रुपये में राउंड कैप, 100 रुपये में कैप लेनेके साथ ही लोगों ने 50 रुपये में फेस पेंटिंग भी कराई।



स्टेडियम के बाहर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को पोस्टर के जरिए जन्मदिन की शुभकामनाएं देते दर्शक। अमृत विचार

**▸▸ रोहित के आउट होने के बाद भी दर्शक लगाते रहे उनके नाम का शोर**

**दर्शकों को स्टेडियम तक पहुंचने में हुई खासी परेशानी** : इकाना स्टेडियम के चारों ओर सड़कों पर जाम लगा हुआ था। इससे स्टेडियम आने-जाने वाले ही नहीं बल्कि अहिमामऊ आने-जाने वाले लोग भी परेशान होते दिखाई पड़े। दो पहिया के साथ ही तमाम वाहन जाम में फंसे दिखे। लेकिन जैसे ही पुलिस के अधिकारियों के वाहन सायरन बजाते हुए पहुंचते, उनके लिए पलक झपकते ही रास्ता बना दिया जाता। वह चाहे उल्टे मार्ग से होते हुए स्टेडियम तक आते-जाते रहे। इनमें अधिकारियों का परिवार मौजूद रहा।

खुशी की बात है टी-20 विश्वकप में हिस्सा लेने वाली भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और उप कप्तान हार्दिक पंड्या आज हमारे शहर में मेहमान हैं। टीम में शामिल सूर्य कुमार यादव और जसप्रीत बुमराह भी यहां है। मैं इन सभी खिलाड़ियों जीत की शुभकामनाएं देता हूं।

–**उदय सिन्हा**, एमडी, इकाना स्पोर्ट्स सिटी

### टी-20 के खिलाड़ियों को एलएसजी ने दी बधाई

टी-20 वर्ल्डकप के लिए आज घोषित की गई भारतीय क्रिकेट टीम में कप्तान सहित चार खिलाड़ी राजधानी में मौजूद रहे। इसमें कप्तान रोहित शर्मा, उपकप्तान हार्दिक पंड्या और सूर्य कुमार यादव और गेंदबाज जसप्रीत बुमराह यहां मौजूद रहे। ये खिलाड़ी आज फार्म में दिखाई नहीं पड़े।, लेकिन इन खिलाड़ियों को शोर स्टेडियम में गूंज रहा था। भारतीय टीम में इन खिलाड़ियों को जगह मिलने के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ियों के साथ टीम प्रबंधन ने भी चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी।


स्टेडियम में एलएसजी की टीम को प्रोत्साहित करतीं चियरलीडर्स। अमृत विचार


मुंबई टीम के खिलाड़ी ईशान किशन को आउट करने के बाद एक-दूसरे बधाई देते एलएसजी के खिलाड़ी। अमृत विचार

## लखनऊ के गेंदबाजों के सामने मुंबई के सूरमा धराशाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ सपुर जायंट्स के गेंदबाजों ने आज शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की गिल्लियां बिखरे दी, बल्कि उन आलोचकों को भी करारा जवाब दिया जो पिछले कुछ मैच में टीम की गेंदबाजी को लचर बता रहे थे।

गेंदबाजों ने मुंबई टीम में शामिल भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाजों को इतनी आसानी से आउट कर दिया, जिसकी दर्शकों को उम्मीद भी नहीं थी। रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या और सूर्य कुमार यादव विकेट पर अधिक समय नहीं बिता सके।

भारतीय टी-20 टीम के कप्तान रोहित शर्मा के नाम इकाना स्टेडियम में पहले शतक का रिकॉर्ड दर्ज है। लेकिन आज लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ वह लंबी पारी खेलने से चूक गए। सूर्य कुमार यादव की विस्फोटक बल्लेबाजी देखने पहुंचे दर्शकों को भी उस समय झटका लगा, जब वह मात्र 6 गेंदों में 10 रन बनाकर आउट हो गए। इस दौरान उन्होंने एक छक्का जड़ा। मुंबई के कप्तान हार्दिक तो खाता भी नहीं खोल सके। पिछले वर्ष भी मुंबई इंडियंस को इकाना स्टेडियम में लखनऊ के हाथों मात मिली थी। इस बार जीत का सपना लेकर यहां मैदान में उतरी मुंबई टीम का सपना एक बार फिर चूर-चूर हो गया।

### होटल में रोहित ने काटा केट

इकाना स्टेडियम से होटल पहुंच कर साथी खिलाड़ियों ने रोहित का जन्म दिन मनाया। रोहित ने होटल में केक भी काटा। इस मौके पर खिलाड़ियों रोहित को विश्वकप में शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इस मौके पर मुंबई इंडियंस के साथ ही लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ी भी मौजूद रहे।


मैच के दौरान एलएसजी टीम के कप्तान केएल राहुल। अमृत विचार



रोहित के बैनर के साथ दर्शक।


विकेट लेने के बाद नबी को बधाई देते एलएसजी के खिलाड़ी। अमृत विचार


इकाना स्टेडियम के बाहर रोहित शर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने पहुंचे दर्शक। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


गुरु अरजन देव महाराज के प्रकाश पर्व पर शबद कीर्तन करते ग्रंथी। अमृत विचार

### धूमधाम से मना गुरु अरजन देव महाराज का प्रकाश पर्व

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहीदों के सरताज, सुखमनी साहिब जैसी मीठी और निर्मल बाणी के रचयिता, प्रेम भक्ति की मूरत, सहनशीलता और त्याग के प्रतीक,बाणी के बोहिथ, प्रतख हरि, शान्ती के पुंज सिखों के पांचवें गुरु साहिब अरजन देव महाराज का प्रकाश पर्व मंगलवार को नाका हिंडोला के गुरू नानक देव गुरूद्वारा में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान लोगो ने कार्यक्रम मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम रहिरास साहिब के पाठ से शुरू हुआ। हजूरी रागी राजिन्दर सिंह ने गुरु अरजन सच सिरजन हारा के शबद कीर्तन से समां बांध दिया। इसके बाद अहियागंज के ज्ञानी गुरमीत सिंह ने गुरुअरजन देव महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज ही के दिन गोइंदवाल साहिब का जन्म अमृतसर में हुआ था। जिनके पिता का नाम गुरु रामदास और माता का नाम बीबी भानी था। आगे उन्होंने कहा कि गुरु जी का बचपन गोइंदवाल साहिब में बीता। बचपन से ही उन्होंने गुरु मर्यादा सीखी जिसके कारण गुरु बनने से ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि हे करतार ऐसी बुद्धि दो, जिससे मैं संतों, साधुओं की सेवा करके और उनके चरणों का आसरा लेकर जीवन सफल कर संकू। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में रागी सुखप्रीत सिंह ने "जपउ जिन अरजन देव गुरु फिर संकट जोनि गरभ न आय शबद कीर्तन के जरिये लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### रामलला के बाल स्वरूप की भगवान शंकर ने उतारी नजर

**अमृत विचार, लखनऊ :** रामलला के बाल स्वरूप के दर्शन करने के लिए भगवान शंकर ने ब्राह्मण और कागभुसुंडी ने बालक रूप में शिष्य बनकर अयोध्या पहुंचे। वहां श्रीराम के बाल स्वरूप की नजर उतारने के बहाने दर्शन किया। इसका सजीव चित्रण वरिष्ठ संस्कृतिकर्मी सर्वेश माथुर ने किया। इंदिरानगर सेक्टर-8 स्थित ईश्वरधाम मंदिर में मंगलवार को लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा प्रभु राम के शिशु लीला पर आधारित लोक चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें लोक गायिका पद्मा गिडवानी, विमल पंत, इंद्रा श्रीवास्तव, रीना टंडन मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत विमल पंत के गणेश वंदना से हुई। नीरा मिश्रा ने राम का नाम, प्रो. उषा बाजपेयी ने मन से कहो राम राम राम, अपर्णा सिंह ने राम जपो बावरे, शंकुतला श्रीवास्तव ने अवध में राम आये हैं, अर्चना गुप्ता ने श्रीराम हमारे बाल सखा, अंतरा भट्टाचार्य के निर्देशन में सौम्या गोयल, अविका गांगुली, आद्रिका मिश्रा, अथर्व श्रीवास्तव, अव्युक्ता, कर्णिका सिंह, अमेया सिंह, सुमन मिश्रा, सोनिया धर्मपाल ने सामूहिक प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ गायिका रंजना शंकर, उषा पांडिया, शान्ति दीक्षित, कंचन सक्सेना, देवाश्री पवार, संतोष सक्सेना, गीता, सुमति मिश्रा, रुपाली श्रीवास्तव, संगीता श्रीवास्तव ने भजन गाये। इस अवसर पर आभा शुक्ला, अविनाश अरोड़ा, अनुसूइया निगम, लोक चौपाल की प्रभारी अर्चना गुप्ता उपस्थित रहीं। लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी ने बताया कि मई माह की चौपाल सूरदास जयंती के उपलक्ष्य में उनकी रचनाओं पर केन्द्रित होगी।

## वेबसाइट मेकिंग में अभय रहे प्रथम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के सेटेलाइट केंद्र में वेब मेनिया मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेटेलाइट केंद्र के निदेशक उपस्थित रहे।

निदेशक डॉ. संदीप कुमार नायक ने छात्र- छात्राओं को वेबसाइट के जुड़ी तकनीकियों के बारे में बताया और प्रोत्साहित किया। मेले में बीसीए और बीएससी आईटी के छात्रों ने वेबसाइट बनाई। बेवसाइट मेकिंग में अभय कुमार एवं सतीश को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, अंकित यादव एवं रंजीत चौधरी को द्वितीय स्थान और शुभम सिंह एवं दीपक सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रविन्द्र नाथ कटियार, डॉ. शंकर लाल, डॉ. योगधर पाण्डेय, डॉ. राजेश, डॉ. वीपी पात्रा एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मौजूद रहे।


बीबीएयू में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत छात्र- छात्राएं। अमृत विचार

**▸▸ बीबीएयू में आयोजित हुआ कार्यक्रम, सेटेलाइट केन्द्र के निदेशक ने दी जानकारियां**

### गांवों में सूखा से निटपने को बनेगी कार्ययोजना

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रामीण इलाकों में सूखा से निपटने की कार्ययोजना बनाई जाएगी। इससे जो भी कमियां या संसाधन कम होंगे वह पहले से जुटाए जाएंगे।

शासन के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने सभी बीडीओ व एडीएओ पंचायत से सूखा से निपटने की गांव-गांव कार्ययोजना बनाकर कर मांगी है। इसमें हैंडपंप, नलकूप, नहर, नदी, तालाब, पेयजल आदि का सर्वे कर स्थिति देखने को और कमियां मिलने पर सुधार के निर्देश दिए हैं। बताया कि सूखा के जो भी कारण होते हैं, वह चिह्नित किए जाएंगे। उस पर रोकथाम के कार्य पहले से करेंगे। इससे आगे सूखा की स्थिति से बचा जा सकेगा। 15 दिन में कार्ययोजना मांगी है।

## गुरुमान अकादमी की जीत में चमके रंजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ दूसरे मैच में डिवाइन क्रिकेट क्लब 15 रन से जीता**

**अमृत विचार :** मैन ऑफ द मैच राजर्षि रंजन की शानदार गेंदबाजी की बदौलत गुरुमान क्रिकेट अकादमी ने लखनऊ क्रिकेट नर्सरी को नौ विकेट से धोया।

मानस ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ नर्सरी ने 72 रन बनाए। गुरुमान अकादमी की ओर से आकर्ष गुप्ता, राजर्षि रंजन और अमन पासवान ने 2-2 विकेट चटकाए। जवाब में गुरुमान अकादमी ने एक विकेट खोकर 73 रन बनाए और जीत दर्ज की। नमन थापा ने नाबाद 44 रन बनाए।

अन्य लीग मुकाबलों में डिवाइन क्रिकेट क्लब ने यंग चैलेंजर्स को 15 रन, शैला देवी स्पोर्ट्स क्लब ने इकाना रेंजर्स को 11 रन, पैरामाउंड क्रिकेट क्लब ने संदीप क्रिकेट अकादमी को 6 विकेट से, सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी ने यार्कर क्रिकेट क्लब को 7 विकेट, स्टैंडर्ड क्रिकेट क्लब ने ग्लोबल स्टार्स क्रिकेट क्लब को 7 विकेट, सेंट एंस क्रिकेट अकादमी ने ट्रम्फ स्टारलेट्स को 10 विकेट और लखनऊ कोल्ट्स ने नकवी स्पोर्टिंग को 6 विकेट से हरा दिया।

### कांग्रेस की रूचि शर्मा रालोद में हुई शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस पार्टी की रूचि शर्मा ने मंगलवार को राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा की अध्यक्षता में सैकड़ों महिला साथियों के साथ रालोद की सदस्यता ली।

हजरतगंज स्थित पार्टी कार्यालय में सदस्यता ग्रहण समारोह में अनुपम मिश्रा ने कहा कि आप महिलाएं इसे दल नहीं, परिवार समझिए, आज से यह आपका नया परिवार है। अंकुर सक्सेना ने कहा कि किसी भी राजनीतिक और सामाजिक संगठन के आगे बढ़ने में नारी शक्ति की अहम भूमिका होती है। इस मौके पर शालिनी सिंह, अंबुज पटेल, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाघ के बच्चे को बिल्ली समझ कर पाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यायावर रंगमंडल द्वारा आयोजित 40 दिवसीय बहुआयामी थियेटर वर्कशॉप में तैयार नाटक हैप्पी का मंचन मंगलवार को संगीत नाटक अकादमी के वाल्मीकि रंगशाला में हुआ।

नाटक के माध्यम से दिखाया गया कि बाघ का एक बच्चा अपने परिवार से भटक कर फॉरेस्ट अफसर संजीव के घर के बागीचे में पहुंचता है। संजीव की आठ साल की बेटी सुनैना बाघ के बच्चे को बिल्ली का बच्चा समझकर घर ले आती है और काफी दिनों तक मां राधिका और बेटी दोनों मिलकर संजीव से उसको छुपाते हुए लालन-पोषण करती है, लेकिन संजीव को पता चल जाने के बाद दोनों में बाघ के बच्चे को रखने और न रखने को लेकर बहस होती है।

बाघ का बच्चा घर में बढ़ते कलह को महसूस करने के बाद खुद ही जंगल चला जाता है और वहां उसकी मृत्यु हो जाती है। पुनीत मित्तल के निर्देशन में तैयार नाटक को दर्शकों ने खूब सराहा और दर्शकों से भरे प्रेक्षागृह में सभी ने तालियों से प्रतिभागियों का स्वागत किया।


नाटक हैप्पी का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**▸▸ नाटक हैप्पी में बाघ के बच्चे की कहानी देख भावुक हुए दर्शक**


नाट्य मंचन प्रस्तुत करते भाषा विवि के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### नाट्य मंचन के सहारे दिखाई प्रतिभा

**अमृत विचार :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की ओर से डेथ ऑफ ए सेल्समैन नामक नाट्य का मंचन किया गया। प्रस्तुतिकरण में कला एवं अंग्रेजी विभाग से जुड़े छात्र-छात्राएं शामिल रहे। नाट्य मंचन में एमए सेमेस्टर और अंग्रेजी विभाग के छात्र शामिल हुए। प्रो. तनवीर खदीजा की देखरेख में नाटक डेथ ऑफ ए सेल्समैन का आयोजन हुआ। यह नाटक विली लोमन की कहानी पर आधारित था, जिसमें निराश सेल्समैन अपनी असफलताओं से जूझता हुआ दिखाई दिया। नाटक में विली की भूमिका सुशील कुमार सिंह परमार ने निभाई।

## एक नजर

### आपराधिक मामला लंबित होना पासपोर्ट से इनकार का आधार नहीं: हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि आपराधिक मामला लंबित होना पासपोर्ट से इनकार का आधार नहीं है। न्यायमूर्ति करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने यह आदेश अंबेडकर नगर निवासी अशोक कुमार की याचिका पर पारित किया। याची का कहना था कि उसने अंबेडकर नगर की एक निचली अदालत में पट्टीदार से मारपीट का एक मुकदमा लंबित होने के कारण पासपोर्ट प्राप्त करने की अनुमति मांगी थी। कहा गया कि निचली अदालत ने उसके प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया। न्यायालय ने निचली अदालत के उक्त आदेश को निरस्त करते हुए कहा कि पासपोर्ट से संबंधित अधिसूचना के तहत बस यह घोषित करना होता है कि आवेदक को किसी आपराधिक मामले में दो अथवा अधिक साल के कारावास की सजा नहीं मिली है। न्यायालय ने कहा कि हमारे विचार से भारत के नागरिक को पासपोर्ट का अधिकार है।

### रेखा वर्मा के समर्थन में पांच मई को आएंगे प्रधानमंत्री

**अमृत विचार, सीतापुर :** लोकसभा चुनाव में लखीमपुर, सीतापुर तथा धौरहरा के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच मई को हरगांव स्थित चीनी मिल की लैगून फील्ड में एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री धौरहरा लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा के समर्थन में 5 मई को एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसकी सूचना मिलते ही भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों ने सोमवार शाम से ही डेरा डाल दिया है। जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड में है।

# हाइटेंशन लाइन में लगी आग घंटों बिजली सप्लाई रही बाधित

## रहीमाबाद, फैजुल्लागंज में दिक्कत, पानी की भी किल्लत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिस गोमती के राजाजीपुरम इलाके में मंगलवार को सुबह 5 बजे हाईटेंशन लाइन में आग लग गई। जिसके बाद ए-ब्लॉक की बिजली सप्लाई ठप हो गई। सुबह 7 बजे तक बिजली सप्लाई के सामान्य न होने की दशा में लोगो के घरों में पानी का संकट खड़ा हो गया। इससे परेशान लोगों ने उपकेंद्र अधिकारियों से लेकर कई आला अधिकारियों को फोन मिलाया, लेकिन इसके बावजूद सप्लाई को सामान्य नहीं किया गया। जिसके चलते बच्चे महिलाएं समेत लोगो को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सप्लाई के ठप होने की सूचना पर पहुंचे जेई, एसडीओ ने 13 घंटे की मशक्कत के बाद फॉल्ट को ठीक कर शाम 6 बजे बिजली सप्लाई चालू की।

रहीमाबाद उपकेंद्र के तरौना, गढ़ी जिन्दौर, शेरनगर, लालता खेड़ा, गदिया खेड़ा सहित करीब दो दर्जन गांव में सोमवार रात 11:30 बजे बिजली गुल हो गई। परेशान लोगों ने कई बार उपकेंद्र पर फोन किया, लेकिन कर्मचारियों ने फोन उठाने तक की जहमत नही उठाई। जिसके बाद लोग सुबह उपकेंद्र पहुंचे जहां मंगलवार सुबह करीब 7 बजे बिजली सप्लाई को चालू किया जा सका। इसके अलावा नटखेड़ा रोड पर दोपहर में बिजली गुल हो गई। स्थानीय लोगों ने चंदरनगर उपकेंद्र पर फोनकर बिजली कर्मियों को बुलाया। जिसके बाद फाल्ट दुरुस्त कर बिजली चालू की गई। वहीं फैजुल्लागंज उपकेंद्र के वेदनाथपुरम कॉलोनी में सोमवार की रात 12 बजे से बिजली गुल रही। इससे देर रात तक लोग परेशान रहे।

### पुराने महानगर मे लो वोल्टज, उपभोक्ता परेशान




**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसगोमती के पुरानें महानगर और आसपास के इलाके मे मंगलवार को लो वोल्टज की समस्या से उपभोक्ता खासा परेशान रहें। इस दौरान लोगों के टुल्लू पंप ना चल पाने के कारण लोग पानी की समस्या से दिनभर जूझते रहें। वही कूलर, एसी, फ्रिज, टीवी सहित कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का लोग दिनभर उपयोग नही कर सके। इसके साथ ही कई लोगो ने उपकरणों के फुंक जाने के डर से उपकरणों का स्विच ऑन तक नही किया। समस्या के निदान के लिए उपभोक्ताओ ने उपकेंद्र पर फोन करने के साथ वहां के चक्कर भी लगाये, लेकिन सिवाय आश्वासन के इस समस्या से लोग दिनभर जूझते रहे। भीषण गर्मी के बीच करीब पांच हजार की आबादी वाले पुरानें महानगर, एल पार्क और घोसियाना क्षेत्र में सुबह से बिजली की आवाजाही के बीच लो वोल्टज की समस्या खड़ी हो गई। इसके कारण जहां लोग दूर-दराज के इलाकों से पानी लाने को मजबूर हो गयें। वही बच्चें और महिलाएं गर्मी से निजात पाने के लिए घरों के बाहर टहलने को मजबूर रहें। विभागीय कर्मचारियों के अनुसार तेज हवाओं के कारण स्पार्किंग, पेटीफ्यूज और जम्फर के जलने की घटनाओं मे तेजी आई है। इस कारण लो वोल्टज की समस्या हो रही है। शिकायत मिलने पर फॉल्ट को तुरंत सही भी किया जा रहा है। पुष्पेंद्र यादव, अवर अभियंता महानगर ने कहा कि हमारे संज्ञान में लो वोल्टज की समस्या नही आई है। फिर भी अगर क्षेत्र में ऐसी कोई समस्या है तो उपभोक्ता हमे भी समस्या से अवगत करा सकता है। जिसके बाद समस्या का तुरंत निदान किया जायेगा।

# दबंगों ने किया टेंट कारोबारी पर जानलेवा हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**बाजारखाला पुलिस ने तीन नामजद व 17 अज्ञात लोगों दर्ज की एफआईआर**

अमृत विचार : बाजारखाला थाना अंतर्गत दुगावां रथखाना में दबंगों ने सोमवार देर रात टेंट कारोबारी पर धारदार हथियार से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। टेंट कारोबारी के परिजनों ने सम्बन्धित थाने में लिखित शिकायत देते हुए तीन नामजद और 17 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

दुगावां के रथखाना निवासी टेंट कारोबारी सुजीत सोमवार रात 12.15 बजे दोस्त बाजारखाला के खजुआ निवासी जितेश श्रीवास्तव के घर गए थे। यहां पहले से उनके दूसरे दोस्त शिवम शाक्या भी मौजूद थे। तीनों दोस्त घर के बाहर खड़े होकर बात कर रहे थे। तभी कार में सवार आकाश अस्थाना उर्फ गुड्डन, विकास यादव, सोनू व तीन अज्ञात लोग वहां पहुंचे और जितेश से रास्ते में खड़ी बाइक हटाने को कहने लगे। शिवम जब गाड़ी हटाने पहुंचे तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। सुजीत के विरोध पर आरोपियों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया और लोहे की रॉड व चापड़ से उनके सिर पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी जितेश के घर में घुस गए और उनके परिजनों को पीटा। इसके बाद धमकी देते हुए भाग निकले। लोगों ने सुजीत को ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर उन्हें छुट्टी दे दी। प्रभारी निरीक्षक बाजारखाला संतोष कुमार आर्य पने बताया कि हमलावरों की तलाश में दबिश दी जा रही है।



हमले में घायल कारोबारी सुजीत

### पुलिस कर्मियों ने चलती बाइक पर छात्र पर डंडे से किया हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मरीन ड्राइव का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल हो रहा है वीडियो में एक शख्स जो खुद को छात्र बता रहा है। उसका ही कहना है कि मंगलवार शाम वह अपनी बाइक से मरीन ड्राइव की तरफ आया था। इस दौरान पेट्रोलिंग कर रहे हैं पुलिसकर्मियों ने उसे पर लाठी मार दी। हालांकि वायरल हो रहा है वीडियो की अमृत विचार पुष्ट नहीं करता है। दरअसल मंगलवार देर रात करीब 12 :30 बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मरीन ड्राइव से वीडियो वायरल हुआ है। वायरल हो रहे वीडियो में एक छात्र पुलिस की बर्बता बयां कर रहा है। उसका कहना है कि देर शाम वापस स्पोर्ट्स बाइक के साथ मरीन ड्राइव की तरफ घूमने आया था इस दौरान उसके पास गाड़ी के पेपर व हेलमेट और लाइसेंस पास था। चेकिंग करने के बहाने पुलिसकर्मियों ने उसे रोका और फिर उसके साथ अभद्रता की है विरोध करने पर उसे गालियां भी दी।

# स्प्रिंग गार्डेन से जमीन वापस लेगा नगर निगम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी करने की तैयारी, पहले ही निरस्त हो चुका फर्म को जारी अनापत्ति प्रमाणपत्र**

**अमृत विचार :** आईआईएम रोड पर मुतक्कीपुर में मेसर्स स्प्रिंग गार्डेन को मनमाने तरीके से दी गई जमीन नगर निगम वापस लेगा। इसके लिए निगम ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी करने जा रहा है। मामले का खुलासा होने के बाद नगर निगम फर्म को जारी अनापत्ति प्रमाणपत्र पहले ही निरस्त कर चुका है।

नगर निगम ने प्रापर्टी डीलर को विनिमय (एक्सचेंज) के तहत जमीन देने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण को सशर्त अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किया था। नगर आयुक्त की ओर से अनापत्ति प्रमाणपत्र 15 जुलाई 2023 को एलडीए के मानचित्र सेल को भेजा गया था। मुतक्कीपुर में नगर निगम की खसरा संख्या 295 क्षेत्रफल 0.048 हेक्टेयर, खसरा संख्या 303 क्षेत्रफल 0.007 हेक्टेयर, खसरा संख्या 257 क्षेत्रफल 0.045 हेक्टेयर रास्ते की जमीन का विनिमय मेसर्स स्प्रिंग गार्डेन को किया गया था। 30 मार्च को कराई गई जांच में खसरा संख्या 295, 302 और 303 स्प्रिंग गार्डेन की सीमा के अंदर पाई गई। उक्त भूमि पर दीवार खड़ी कर दी गई थी और सड़क व नाली भी बनाई गई थी।

इस मामले में नगर निगम के सम्पत्ति विभाग ने बड़े अधिकारियों को बचाकर एक महिला लिपिक सरला वर्मा को निलंबित और संविदा कर्मचारी को बर्खास्त कर दिया है। तत्कालीन सहायक नगर आयुक्त अलंकार अग्निहोत्री, सेवानिवृत्त कानूनगो सुरेश श्रीवास्तव और लेखपाल संजय दीक्षित से स्पष्टीकरण मांगा है।

### निलंबित महिला बाबू ने नगर आयुक्त को लिखा पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** मनमाने तरीके से मेसर्स स्प्रिंग गार्डेन को नगर निगम की जमीन दिये जाने के मामले में अनापत्ति प्रमाण पत्र से सम्बंधित फाइल गायब होने पर निलंबित की गयी महिला बाबू सरला वर्मा ने नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह को पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा है कि स्प्रिंग गार्डेन के पक्ष में ले-आउट की सशर्त अनापत्ति टाइप करने से लेकर डिस्पैच का कार्य कम्प्यूटर ऑपरेटर शिप्रा मिश्रा ने किया था। सरला ने बताया कि विभाग में प्रतिदिन प्राप्त होने वाले पत्रों व पत्रावलियों को विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर के लिये भेजा जाता है। जिसकी किसी भी प्रकार से रिसीविंग की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। अभिलेखागार में पत्रावली उपलब्ध न होने के लिय वह दोषी नहीं है। इसलिए निलंबन आदेश को निरस्त करने की कृपा करें।

# वित्तीय सहायता मिले तो हो सकेगा भरण पोषण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पुजारी-पुरोहितों के सम्मेलन में सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही 20 मई को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पांच लाख से अधिक वोटों से विजयी बनाने की अपील की गई। सम्मेलन में ही भरण पोषण के लिए सरकार से वित्तीय सहायता दिए जाने की मांग की गई।

मंगलवार को केके पैलेस गेस्ट हाउस में आयोजित सम्मेलन में उक्त बातें अखिल भारतीय ब्रम्ह समाज के राष्ट्रीय महामंत्री देवेंद्र शुक्ल ने कही। एमएलसी मुकेश शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण ने सदैव धर्म को बचाने का काम किया है। भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि चुनाव का पर्व एक उत्सव की तरह है, इसे त्योहार के रूप में मनाएं। इस दौरान उद्योग किसान व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अजय त्रिपाठी, सनातन महासभा भारत के अध्यक्ष डॉ. प्रवीन वाजपेयी, राम रूप (पप्पू यादव), नीलिमा त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

दूसरी ओर भाजपा नेता नीरज सिंह ने राजस्व परिषद में आयोजित बैठक में कहा कि 20 मई को अधिक से अधिक मतदान कर राजनाथ सिंह को विजयी बनाएं। इस दौरान अवनीश दीक्षित, संतोष त्रिपाठी, राजेंद्र शुक्ला, सुनील द्विवेदी, सीएल दीक्षित, आशुतोष मिश्रा आदि मौजूद रहे।



अधिवक्ताओं को संबोधित करते भाजपा नेता नीरज सिंह।

### रक्षा मंत्री कल राधा स्वामी सत्संग व्यास जाएंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बुधवार की शाम 5 :15 बजे चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। यहां से सीधे कालीदास मार्ग के लिए प्रस्थान करेंगे। दो मई को सुबह 09 :40 बजे अटल रोड, सदर कैंट स्थित राधा स्वामी सत्संग व्यास पहुंचेंगे। वहां आध्यात्मिक प्रमुख बाबा गुरिन्दर सिंह से मुलाकात करेंगे। वहां से 10 :10 बजे लखनऊ एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे और 10 :30 पर एयरपोर्ट से पटना के लिए रवाना होंगे।

### ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने की अपील की

**अमृत विचार, लखनऊ :** विकास योजनाओं को पूरा करने के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दृढ़संकल्पित रहते हैं। लखनऊ में विकास कार्यों का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा। उक्त बातें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पंकज से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के पक्ष में मतदान की अपील करने के दौरान कही। विधायक पंकज सिंह ने अयोध्या दास प्रथम और लाला लाजपत राय वार्ड में बैठक की। कहा कि इस बार राजनाथ सिंह को पांच लाख से अधिक वोटों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री हर कार्यकर्ता की बात सुनते हैं और उसको पूरा करने की हर संभव कोशिश करते हैं। इस दौरान विधायक डॉ. नीरज बोरा, पार्षद अरविंद मिश्र, दया शंकर सिंह, राकेश पांडे़, संजय सिंह, संजय तिवारी, आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने सहादतगंज वार्ड ओमनगर वार्ड, मेयर सुषमा खर्कवाल ने अंबरगंज वार्ड में बैठक की।

### लीकेज ठीक कर रहे संविदा कर्मी पर गिरा मलबा, मौत

**अमृत विचार, रायबरेली :** पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत करने के लिए गड्ढे में उतरे संविदा कर्मी पर मलबा ढह गया। इससे हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उसे जेसीबी की मदद से किसी तरह मलबे से बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि नगर पालिका ने गुपचुप तरीके से परिजनों का इंतजार किए बगैर शव को मर्च्यूरी में रखवा दिया। जानकारी होने पर पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा किया। साथ ही नगर पालिका पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के अटौरा चौकी क्षेत्र के पूरे बाजपेई मजरे किलौली निवासी चंद्रभूषण पुत्र शंभू रतन नगर पालिका परिषद में संविदा कर्मी पद पर तैनात था। मंगलवार को वह साथियों के साथ नगर क्षेत्र के देवानंदपुर की नई बस्ती में पेयजल पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत करने के लिए गया था। बताते है कि वह गड्ढे में उतर कर मरम्मत कर ही रहा था कि तभी उसके पार मिट्टी का ढेर भरभराकर ढह गया।

# छेड़छाड़ के आरोपी को मिली चार साल की सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार :** स्कूल से लौट रही किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी को कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए चार साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 11 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। बता दें कि मौरावां थानांतर्गत एक गांव की किशोरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 21 फरवरी-2014 की दोपहर तीन बजे वह स्कूल से घर लौट रही थी। थानाक्षेत्र के मोहिद्दीनपुर गांव के मजरा अमजद अली का खेड़ा निवासी अनीश पुत्र लियाकत ने जबरन छेड़छाड़ करने लगा था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज आरोपी को गिरफ्तार किया था।

### गैंगस्टर को मिली ढाई साल की सजा

**उन्नाव।** माखी पुलिस ने गैंग बनाकर क्षेत्र में आतंक फैला कर संपति एकत्र करने वाले शातिर अपराधी चच्चू उर्फ धर्मेंद्र पुत्र चिरजू निवासी लकाइमपुर थाना फतेहपुर चौरासी पर गैंगस्टर लगाया था। जांच के बाद 27 अगस्त-2002 को चार्जशीट दाखिल की थी। मंगलवार को विशेष गैंगस्टर कोर्ट में मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद एडीजे-5 ने शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी, विश्वास त्रिपाठी व अलंकार द्विवेदी की दलीलों व पेश किए गए साक्ष्य के आधार पर चच्चू को ढाई साल की सजा सुनाई है।

### दरोगा की कैप व रिवाल्वर के साथ युवक की फोटो वायरल

**अमृत विचार, लखनऊ।** एक फोटो में दारोगा की कैप लगाकर और दूसरी में रिवाल्वर लिए हुए एक युवक की फ़ोटो वायरल हो गई है। जिसके बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। फोटो में नजर आ रहा युवक सांडी कस्बे का निवासी बताया जा रहा है। मंगलवार की सुबह सांडी इलाके में युवक की तीन फ़ोटो वायरल हुई।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र अर्जित मिश्रा की हाईस्कूल परीक्षा की अंकपत्र की मूल प्रति जिसका अनुक्रमांक 7410994 वर्ष 2021 आई.सी.एस.सी. बोर्ड से जो उत्तीर्ण की थीं। वास्तव में कहीं खो गई है। **महेश मिश्रा पुत्र स्व0 माधव प्रकाश मिश्रा निवासी– 32/7 पुरानी कालोनी, ऐशबाग, लखनऊ**

# ब्रिज का काम पूर्ण करने में क्या कठिनाई

विधि संवाददाता, लखनऊ

**हाईकोर्ट ने रेलवे व राज्य सरकार से मांगा जवाब**

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गोमती नगर के भरवारा रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित ओवर ब्रिज के संबंध में भारतीय रेलवे, राज्य सरकार, राज्य ब्रिज कॉर्पोरेशन व एलडीए से जवाब मांगा है। न्यायालय ने इन सभी को अलग-अलग हफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा है कि उक्त रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण में क्या कठिनाई सामने आ रही है। मामले की अगली सुनवाई 23 मई को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने वैज्ञानिक स्वामी सत्य प्रकाश वेद विज्ञान सेवा समिति की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया है। मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए आवश्यक जमीनों ओर अभी कब्जे नहीं लिए गए हैं और कब्जा लिए जाने से पूर्व विधि के तहत पूरी प्रक्रिया का पालन किया जाएगा तथा याचियों को क्षतिपूर्ति भी दी जाएगी। वहीं सुनवाई के दौरान न्यायालय को यह भी बताया गया कि टेंडर नोटिस में दिए गए समय के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने का सभी प्रयास किया गया लेकिन राजस्व अधिकारियों की ओर से जमीनों के सर्वेक्षण में उत्पन्न की गई कठिनाईयों के कारण उक्त प्रोजेक्ट में आ रही संपत्तियों के एवज में प्रस्तावित क्षतिपूर्ति का निर्धारण नहीं किया जा सका है। इस पर न्यायालय ने कठिनाइयों का ब्यौरा तलब कर लिया।

# व्यापारियों ने ली शपथ, मतदान अधिकार भी, कर्तव्य भी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने पदयात्रा निकाली**

**अमृत विचार:** लोकतंत्र में मतदान अधिकार भी और कर्तव्य भी है। इसे लेकर लोगों और खासतौर पर व्यापारियों को आगे आना होगा। इसे लेकर मंगलवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने प्रदेश कार्यालय से पदयात्रा निकाली। लालबाग नावेल्टी चौराहे पर संगठन अध्यक्ष संदीप बंसल ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई कि व्यापारी न केवल स्वयं मतदान करेगा बल्कि प्रतिष्ठानों से जुडे. लोगों से भी वोट कराएगा। बाजार-बाजार जागरूकता के लिए पदाधिकारी पदयात्राएं निकालें और जनसंपर्क करें।

शपथ के दौरान आकाश गौतम, राजीव कक्कड़, अनुज गौतम, दीपेश गुप्ता, राजीव अरोड़ा, अश्वन वर्मा, महिला प्रदेश अध्यक्ष अनिता जायसवाल, रमेश सिंह, सुनीत साहू, नसीम, संजय निधि अग्रवाल, रंजय शर्मा, महिला नगर अध्यक्ष कजरा, मृदुला भार्गव, हिना खान, रेखा दुआ आदि मौजूद रहे। बुधवार को संगठन कार्यालय बी 29 विधायक निवास दारुलसफा पर शाम पांच बजे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं संगठन के मुख्य संरक्षक रहे स्व. राम प्रकाश गुप्त की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा।

# रंजिश में अधिवक्ता के बेटे पर कुल्हाड़ी से हमला, हालत गंभीर

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** जमीनी रंजिश को लेकर विपक्षी बाप-बेटा ने हनुमान मंदिर से पूजा करके निकल रहे अधिवक्ता के बेटे प हमला कर दिया। योजनाबद्ध तरीके से आये हमलावरों ने लोहे की रॉड और कुल्हाड़ी से सिर पर हमला कर युवक को मरणासन्न कर दिया। वही घटना की सूचना के आधे घण्टे बाद पहुंची पुलिस उल्टे पाव वापस लौट आई। घायल अवस्था में युवक का सीएचसी में इलाज चल रहा है।

सलोन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा ममुनी गांव निवासी अधिवक्ता विनय त्रिपाठी का विपक्षी कुश त्रिपाठी, लव त्रिपाठी समेत उनके बेटों अनुपम और अनुभव से जमीनी विवाद चल रहा है।

उक्त प्रकरण में अधिवक्ता विनय त्रिपाठी ने सिविल कोर्ट रायबरेली में वाद दायर कर रखा है। सोमवार को रायबरेली से विपक्षियों का सम्मन आया हुआ था। इसी मामले से विपक्षी खुन्नस खाये हुए थे। मंगलवार को सुबह नौ बजे अधिवक्ता के बड़े लड़के अमित उर्फ़ अप्पू त्रिपाठी गांव के महावीरन हनुमान मंदिर में पूजा करने गया था। ग्रामीणों के मुताबिक पहले से घात लगाए बैठे लव व कुश एवं उसके दोनों लड़को ने कुल्हाड़ी और लोहे की रॉड से युवक पर प्राणघातक हमला बोल दिया।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that Bank of Baroda, Branch: Narhi Branch, 4A Park Road Narhi Lucknow-226001 intends to accept the under mentioned property standing in the name of M/S Gyan Cirkitronics Private Limited as a security for loan requested by our customer M/S Gyan Cirkitronics Private Limited and M/S Pramod Telecom Private Limited. In case anyone has got any right / title/ interest /claims over the undermentioned property, they are advised to approach the Bank within 10 days alongwith necesary proof to substantiate their claim. If no response received within 10 days, it is presumed that the property is free of any charge/claim /encumbrance and Bank shall proceed with the mortgage. Details of Property: Leasehold Industrial land and building admeasuring 4475.09 sq. mt. situated at 6B, Industrial area, Malviya Nagar, Aishbagh, Lucknow Owner: M/S Gyan Cirkitronics Private Limited. **which is bounded as per deed as under: North:** Plot no. 6, **South:** Plot No. 5 & Part Plot No. 6, **East:** Plot No. 6A, **West:** Plot No. 6C & Road
**Branch Details: Bank of Baroda Narhi Branch, 4A Park Road Narhi Lucknow-226001**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/डीजल उत्तर रेलवे डीजल शेड आलमबाग, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंग।**

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | DSL/AMV/MCO/WC/228 2nd Round |
| कार्य का नाम | आरडीएसओ एफआरएस संख्या एम पी–0.08.00.111 (REV.01) मई 2023 के अनुसार आवश्यक इंजीनियरिंग समर्थन के साथ EMD 710G3B इंजन पर US EPA Tier 0+ उत्सर्जन के रेट्रो–फिटमेंट द्वारा मौजूदा एलएचपी डीजल इंजनों के उन्नयन का कार्य। |
| कार्य की अनुमानित लागत(₹) | ₹18,88,00,000/- (रुपये अठारह करोड़ अट्ठासी लाख मात्र) |
| धरोहर राशि(₹) | ₹10,94,000/- (रुपये दस लाख चौरानवे हजार मात्र) |
| कार्य पूरा करने की अवधि | एक्सेप्टेन्स लेटर जारी होने की तिथि से) अगर कार्य अवधि बढ़ाई या कार्य का समापन न किया गया हो। |
| बिडिंग शुरू होने की तारीख | 30.04.2024 |
| बिडिंग समाप्त होने की तारीख तथा समय | 04.06.2024 को 15:00 बजे |

विस्तृत विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।
निविदा सूचना सं.: **DSL/AMV/MCO/WC/228 2nd Round** दिनांक: **30.04.2024**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1290/2024

## सक्रियता

चिकित्सा को सरकार ने बनाई वार्षिक योजना

# पशुओं की देखभाल पर खर्च होंगे 4 हजार करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार गोवंश समेत अन्य पशुओं के संरक्षण, चिकित्सा और सेवा पर लगभग 4 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग की तरफ से इसके लिए वार्षिक योजना तैयार की गई है। इसमें गोवंश संरक्षण, पशु चिकित्सा शिक्षा के साथ ही पशु चिकित्सालय, पॉलीक्लिनिक एवं सेवा केंद्र समेत अन्य क्षेत्रों में किए जाने वाले खर्च का पूरा ब्यौरा दिया गया है। वार्षिक योजना में इसके लिए 3907.1 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है।

गोवंश संरक्षण पर कुल 1,140 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च करने की योजना है। इसके अंतर्गत 140 करोड़ रुपये से गो-संरक्षण केंद्रों की स्थापना की जाएगी, जबकि शेष एक हजार करोड़ रुपये से छुट्टा गोवंश के रखरखाव के लिए अनुदान दिया जाएगा। पशु चिकित्सा शिक्षा पर भी 179.74 करोड़ खर्च किए जाने की योजना है। इसके अंतर्गत गोरखपुर एवं भदोही में पशु चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना पर 100 करोड़ रुपये, मथुरा में पंडित दीनदयाल पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान में वेतन सहायता एवं अनुदान के लिए 61.74 करोड़ और गैर वेतन सहायता अनुदान के रूप में 18 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

वहीं, पशु चिकित्सालय, पॉलीक्लिनिक और सेवा केंद्र पर 470.30 करोड़ रुपये खर्च होगा। इसमें पशु चिकित्सालयों की स्थापना पर 55 करोड़, पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक की स्थापना पर 6 करोड़, पशु सेवा केंद्रों की स्थापना पर 4.5 करोड़, पशु चिकित्सालयों, सेवा केंद्रों, अनुसंधान एवं निदान सेवाएं (राजस्व मद) में 71 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

### कृत्रिम गर्भाधान और बीमा का भी बजट

पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान व बांझपन निवारण के लिए 68 .24 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इस कड़ी में लखनऊ में प्रस्तावित अति हिमीकृत वीर्य उत्पादन केंद्र पर 44 .74 करोड़ रुपये, जबकि प्रस्तावित सीमेन तकनीक अनुसंधान पर 8 करोड़ के खर्च का बजट प्रस्तावित है। पशुओं के बीमा पर 77 .03 करोड़, कुक्कुट, बकरी व भेड़ संबंधी योजनाओं पर 58 करोड़ और प्रक्षेत्रों के सुदृढ़ीकरण पर 71 .01 करोड़ खर्च किए जाएंगे।

### महिला का दरवाजे पर लटकता मिला शव

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बे के सूदनखेड़ा मोहल्ला में एक महिला का घर में गेट के ग्रिल से दुपट्टे के सहारे शव लटकता मिला। परिजन आत्महत्या की बात कह रहे हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जरूरी लिखापढ़ी के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उक्त मोहल्ला निवासी सरोजनी देवी (32) पत्नी राकेश रैदास अपने आठ वर्षीय बच्चे के साथ मकान में रहती थी। घर के अन्य सदस्य बाहर कहीं नौकरी करते हैं। घटना के वक्त घर में बच्चे के अलावा और कोई मौजूद नहीं था। महिला का शव दरवाजे के ग्रिल पर दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। मृतका के बेटे ने घटना की जानकारी मोहल्ले के लोगों को दी। मृतक महिला के बच्चे औरव ने बताया कि मम्मी ने साथ में पेप्सी पी थी। उसके बाद फांसी पर लटक गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फंदा काटकर शव को नीचे उतरवाया।

**कार्यालय–संभागीय खाद्य नियंत्रक, देवीपाटन सम्भाग, गोण्डा।**

पत्रांक 3195/सं0खा0नि0/स्वी0अनु0/सिंगल स्टेज–ई–निविदा/2024–25 गोण्डा, दिनांक: 27/04/2024

**–: ई–निविदा सूचना (सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी) :–**

आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक:–956/ आ0वि0शा0/ हैण्ड0परि0/सिंगल स्टेज/आर0एफ0पी0/2023 लखनऊ, दिनांक 29 फरवरी, 2024 द्वारा शासनादेश संख्या–मु0स0–34/29–6–2021–85 सा0/2017 लखनऊ दिनांक 09.03.2021 के अनुक्रम में **सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी परिवहन व्यवस्था** हेतु शासनादेश संख्या–380/29–6–2024/ई–6099/2641/2020 दिनांक–26. 02.2024 में निहित प्राविधानों के अनुपालन में सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत हैण्डलिंग / परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति हेतु अनुमोदित टेण्डर की नयी शर्तो में निर्दिष्ट प्राविधानों के अन्तर्गत प्रथम बार जारी ई–निविदा में निम्न ब्लाकों पर अपेक्षित संख्या में तकनीकी निविदांए न प्राप्त होने के कारण देवीपाटन सम्भाग के **जनपद–गोण्डा के 02 ब्लाक (झंझरी एवं मुजेहना), जनपद बलरामपुर के 01 ब्लाक (बलरामपुर सदर) एवं जनपद बहराइच के 03 ब्लाक (चित्तौरा, फखरपुर एवं तेजवापुर)** पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली का खाद्यान्न के हैण्डलिंग एवं परिवहन कार्य (**भा0खा0नि0 डिपों से उचित दर विक्रेताओं की दुकान तक**), ठेकेदारों की नियुक्ति हेतु इस कार्यालय पत्रांक–3194/सं0खा0नि0/स्वी0 अनु0/ सिंगल स्टेज–ई–निविदा/2023–24 गोण्डा, दिनांक 27.04.2024 द्वारा **http://etender.up.nic.in** पर **द्वितीय बार** ऑनलाइन ई–निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा ई–टेण्डर बेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक **07.05.2024 को अपरान्ह 02 :00 बजे तक** अपलोड की जा सकती है। प्राप्त तकनीकी निविदा उसी दिन **अपरान्ह 02 :00 बजे** ऑनलाइन खोली जायेगी। तदोपरान्त परीक्षणोपरान्त तकनीकी रूप से अर्ह पायी गयी निविदाओं की वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि/निविदा की समस्त नियम एवं शर्ते, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी **http://etender.up.nic.in** से डाउन लोड की जा सकती हैं। समस्त इच्छुक निविदादाता निविदा की किसी भी शर्त में परिवर्तन या बदलाव की जानकारी ई–टेण्डर बेवसाइट **http://etender.up.nic.gov.in** पर उपलब्ध होगी तथा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते है। अतः समस्त इच्छुक निविदादाता उक्त बेवसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

(सरयू प्रसाद)
सम्भागीय खाद्य नियंत्रक,
देवीपाटन सम्भाग, गोण्डा।

## बेटी के साथ आज पहली बार आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** पहली बार अयोध्या आ रही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत और भ्रमण शाही अंदाज में कराए जाने की तैयारी है। वह बुधवार शाम 4:10 बजे बेटी के साथ महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचेगीं। वहां से वीवीआईपी फ्लीट से अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगी। एयरपोर्ट से अयोध्या धाम पहुंचने के मार्ग को जोन व सेक्टरों में बांट मजिस्ट्रेट व पुलिस अफसरों को तैनाती की गई है।

**सबसे पहले हनुमानगढ़ी जाएंगी राष्ट्रपतिः** राष्ट्रपति अयोध्या धाम में लगभग चार घंटे बिताएंगी। वह एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से सीधे पौने पांच बजे हनुमानगढ़ी पहुंचेगी। यहां दर्शन और आरती के बाद लगभग सवा पांच बजे नया घाट सरयू आरती स्थल पहुंचेगी। 40 मिनट सरयू पूजन व आरती के बाद लगभग साढ़े छह बजे वह भगवान राम लला के मंदिर पहुंचेंगी। यहां आधे घंटे दर्शन पूजन और आरती में बिताएंगी। इसके 7:15 कुबेर टीला पहुंचेगी।


एयरपोर्ट से बाहर निकलते मिजोरम के राज्यपाल।

## मिजोरम के राज्यपाल ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** मिजोरम के राज्यपाल डॉ. कंभमपति हरीबाबू ने मंगलवार को रामलला के दर्शन किये। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रोटोकॉल के तहत उनका स्वागत किया। इसके बाद सबसे पहले सरयू घाट पहुंचे। राम की पैड़ी की खूबसूरती को देखा। उसके बाद हनुमान गढ़ी पर दर्शन पूजन करने के बाद रामलला के दरबार पहुंचे। राम मंदिर के पास खड़े होकर फ़ोटो भी खिंचाई। उन्होंने कहा कि यह मेरा पहला दौरा था। यहां का दृश्य बहुत सुंदर है।


रामलला का दर्शन पूजन करते निरहुआ व उनकी पत्नी।

## नामांकन करने से पहले निरहुआ ने लिया रामलला का आशीर्वाद

**अयोध्या, अमृत विचार :** भोजपुरी अभिनेता व आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। दोनों ने रामलला का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। नामांकन करने से पहले रामलला की शरण में पहुंचे आजमगढ़ के सांसद निरहुआ ने कहा कि हम लोगों का है सौभाग्य की हमारे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। बुधवार को नामांकन है। प्रभु के चरणों में शीश झुकाने आया हूं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने विपक्ष पर भी हमला बोला। कहा, विपक्ष पूर्ण रूप से खत्म है। राम के दुश्मन सब जेल जाएंगे। 400 सीट जीतकर फिर मोदी ही आएंगे।


रामलला का दर्शन करने पहुंचे आकाश अंबानी।

## आकाश अंबानी ने किया रामलला का दर्शन -पूजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का दर्शन करने के लिए रिलायंस इंडस्ट्री के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर आकाश अंबानी अयोध्या पहुंचे। लखनऊ वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल मैच देखने के लिए आए आकाश अंबानी ने सबसे पहले रामलला के दर्शन किए। वह अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर चार्टर प्लेन से पहुंचे। प्रोटोकॉल के तहत आकाश अंबानी ने रामलला का दर्शन किया। इसके बाद लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

## गुप्तारघाट पर स्नान करते समय महिला की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** गुप्तारघाट पर स्नान के दौरान एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। इसके पूर्व दर्शन के दौरान रामनगरी में भक्तों की मौत का मामला प्रकाश में आ चुका है। राजस्थान से एक परिवार दर्शन-पूजन और सरयू स्नान के लिए रामनगरी आया है। परिवार के लोग सरयू स्नान के लिए गुप्तारघाट पहुंचे। घाट पर तैनात पुलिस और स्थानीय लोगों ने बताया कि परिवार के लोग सरयू में स्नान कर रहे थे। परिवार की एक 55-60 वर्षीय महिला घाट के किनारे लोटे से अपने शरीर पर जल डाल रही थी। इसी दौरान महिला चक्कर खाकर गिरी और बेहोश हो गई। महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतका का नाम-पता चंदादेवी पत्नी ओम प्रकाश निवासी ईदगाह की गली थाना सरदारपुर जिला जोधपुर, राजस्थान बताया गया है।

## शिक्षक भर्ती घोटाले में दो कर्मचारी निलंबित

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर, अमृत विचारः** शिक्षा विभाग के फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाले में मंगलवार को शिक्षा विभाग के दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया। दोनों पर प्रथम दृष्टया कार्य में लापरवाही बरतने और फर्जी ई-मेल के जरिये आए पैनल में शामिल शिक्षकों के अभिलेखों के सत्यापन न करने का दोषी पाया गया है। विभाग की ओर से 9 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

शिक्षा विभाग ने प्रधान सहायक राजन टंडन और वरिष्ठ लिपिक सुनील कुमार को सस्पेंड कर दिया है। दोनों लिपिकों को अपने कार्य को सही तरीके से न करने का आरोप है। उन्होंने फर्जी ई-मेल में शामिल पैनल में शिक्षकों के अभिलेखों का ठीक से सत्यापन नहीं किया। जिला विद्यालय निरीक्षक अरण कुमार ने कहा कि दोनों कर्मचारियों को प्रथम दृष्टया जांच में दोषी पाए जाने पर निलंबित किया गया है। यह वे आरोपी हैं जिनके नाम फर्जी ई-मेल के जरिए शिक्षा विभाग को भेजे गए थे। इनमें अरविंद सिंह यादव, स्वाती द्विवेदी, अशीष कुमार, नितिन कुमार, ज्योति यादव आदि के नाम शामिल हैं।

**सलेमपुर संसदीय सीट**

**सलेमपुर लोकसभा सीट जातीय चक्रव्यूह के त्रिकोणीय संघर्ष में फंस गई है। सपा ने इस सीट पर जातीय समीकरणों के देखते हुए 14 फीसदी राजभर मतदाताओं के साथ 13 फीसदी अल्पसंख्यक और यादव वोटरों की जुगलबंदी के सहारे भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकने के लिए तगड़ी किलेबंदी की थी। पार्टी ने राजभर बिरादरी के पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर पर दांव लगाया है। इसके जवाब में बसपा ने भी राजभर समाज के अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को मैदान में उतारकर सपा की राह में कांटे बिछा दिए हैं। लोकसभा क्षेत्र में माना जा कहा है कि बसपा ने सपा का खेल बिगाड़ दिया है।**

# जातीय चक्रव्यूह ने बना दिया संघर्ष त्रिकोणीय

**भाजपा को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनी इस सीट पर आंतरिक कलह से भी पड़ रहा जूझना, सपा ने पूर्व सांसद राजभर, बसपा ने भीम राजभर को मैदान में उतारकर संघर्ष बनाया रोचक**

**02** बार के भाजपा सांसद रवींद्र कुशवाहा मारेंगे हैट्रिक या बसपा लेगी हार का बदला


रामशंकर राजभर।


भीम राजभर।


रवींद्र कुशवाहा।

### तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज

- इस क्षेत्र की तीन विधानसभा सीटें इनमें भाटपार रानी, सलेमपुर और बांसडीह सीट भाजपा के कब्जे में है तो बेल्थरारोड पर उसकी सहयोगी सुभासपा के विधायक हैं। सपा के पास सिंकदरपुर सीट है।

**2019 का चुनाव परिणाम**

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | रविन्द्र कुशवाह | 4,67,940 | 50.72 |
| बसपा | आरएस कुशवाह | 3,55,325 | 8.52 |
| सुभासपा | राजा राम | 33,568 | 3.64 |
| कांग्रेस | राजेश कुमार मिश्र | 27,363 | 2.97 |

**2014 का जनादेश**

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | रविन्द्र कुशवाह | 3,92,213 | 45.89 |
| बसपा | रविशंकर सिंह | 1,59,871 | 18.70 |
| सपा | हरिबंश कुशवाह | 1,59,688 | 18.68 |
| सुभासपा | ओम प्रकाश राजभर | 66,084 | 7.73 |
| कांग्रेस | डॉ भोला पांडे | 41,890 | 4.90 |

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** सलेमपुर संसदीय सीट भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है। मोदी लहर में पहली बार कमल खिलाने वाले रविंद्र कुशवाहा जहां इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने के लिए मतदाताओं के बीच में हैं तो बसपा और सपा इस सीट पर जीत दर्ज कर पांव जमाने की फिराक में।

सपा ने जहां बसपा से सांसद रह चुके रमाशंकर राजभर को मैदान में उतारा है तो बसपा ने भीम राजभर पर विश्वास जताया है। राजभर मतदाताओं के बंटवारे को भाजपा अपने लिए मुफीद मान रही है तो विरोधी दल भाजपा नेताओं की आंतरिक कलह को अपने लिए शुभ संकेत मान रहे हैं। इन सबके बीच सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी का भाजपा के साथ होना भी रवींद्र कुशवाहा के लिए फायदेमंद है।




### रविंद्र कुशवाहा के पिता चार बार रहे सांसद

- रविंद्र कुशवाहा को राजनीति विरासत में मिली है। उनके पिता हरिकेवल प्रसाद इस सीट से चार बार सांसद रहे। पहली बार जनता दल के टिकट पर 1989 में जीते थे। इसके बाद 1991 के चुनाव में भी उन्हें जीत मिली, जबकि इन दोनों ही चुनावों में राम मंदिर का मुद्दा गर्म था। बावजूद इसके उन्हें यहां जीत मिली थी। इसके वे समता पार्टी में गए। समता पार्टी भाजपा के साथ आई तो 1998 में यह सीट समता पार्टी के खाते में गई। हरिकेवल प्रसाद फिर सांसद बने। इसके बाद 2004 में वे सपा के टिकट पर जीते। अब उनकी विरासत को रवींद्र कुशवाहा संभाल रहे हैं। 1991 के चुनाव में तो हरिकेवल प्रसाद ने छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध जनेश्वर मिश्रा को हराया था। जनेश्वर मिश्रा तब समाजवादी जनता पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे थे।

### टिकट न मिलने से सपा में गए थे रमाशंकर

2009 में बसपा के टिकट पर जीते रमाशंकर राजभर को पार्टी ने 2014 में टिकट नहीं दिया था। 2019 में में जब सपा- बसपा का गठबंधन हुआ तो उन्हें उम्मीद थी की पार्टी टिकट देगी बावजूद इसके उन्हें टिकट नहीं मिला। इसके बाद वे सपा में चले गए। इस बार पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार बना दिया। जबकि भीम राजभर को बसपा ने पहले आजमगढ़ संसदीय सीट से उम्मीदवार बनाया थ बाद में उन्हें सलेमपुर भेज दिया। भीमराज को उम्मीद है कि सजातीय वोटों और बसपा के परंपरागत मतदाताओं के सहारे वे मैदान मार लेंगे। हालांकि राजभर मतों के बंटवारे का डर बसपा को भी है।

### गठबंधन के बावजूद पिछला चुनाव हार गई थी बसपा

- 2019 में जब लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई तो सपा- बसपा ने गठजोड़ कर लिया। उस समय भाजपा को लगा था कि कभी सपा और बसपा का मजबूत गढ़ रही इस सीट पर मतदाता उसके उम्मीदवार को नकार देंगे लेकिन मतदाताओं ने न सिर्फ रविंद्र कुशवाहा को दोबारा सांसद बनाया बल्कि जीत के रंग और गाढ़ा किया। रविंद्र कुशवाहा बसपा उम्मीदवार आरएस कुशवाहा से 1.12 लाख से अधिक वोटों से जीते थे। बसपा 2014 और 2019 की हार का बदला लेना चाहती है। हालांकि इस बार वह मैदान में अकेले है, जबकि 2009 से जीत की राह तलाश रही सपा ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। 1996 और 2004 में सपा तो बसपा 1999 व 2009 में इस सीट पर जीत दर्ज कर चुकी है। जबकि भाजपा को पहली जीत 2014 में मिली थी। कांग्रेस के लिए यहां का मैदान 1989 में ही बंजर हो गया था।

## गाजीपुर में अफजाल की बेटी को उतार सकती सपा

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** गाजीपुर संसदीय सीट पर समाजवादी पार्टी ने फिलहाल सांसद अफजाल अंसारी को उम्मीदवार घोषित कर रखा है, लेकिन अभी उनके चुनाव लड़ने को लेकर सस्पेंस है। विधायक कृष्णानंद राय हत्या कांड के बाद गैंगस्टर एक्ट के तहत अफजाल अंसारी पर मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले में उन्हें चार साल की सजा सुनाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हाईकोर्ट को सुनवाई के लिए कहा है। हाईकोर्ट का फैसला यदि अफजाल के पक्ष में आता है तो वे चुनाव लड़ पाएंगे और विरोध में आता है तो मैदान से बाहर हो जाएंगे। यही वजह है कि उन्होंने अपनी बेटी नुसरत को अचानक क्षेत्र में सक्रिय कर दिया है। इससे इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि फैसला यदि खिलाफ आता है तो पिता की राजनीति को नुसरत ही आगे बढ़ाएंगी।



भाजपा ने इस सीट से पारसनाथ राय को मैदान में उतारा है। पारसनाथ राय जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल और गाजीपुर से सांसद रहे मनोज सिन्हा के करीबी हैं। पहले मनोज सिन्हा को ही भाजपा की ओर से मैदान में उतारने की चर्चा थी। मनोज सिन्हा के बेटे ने भी टिकट चाह रहे थे। पार्टी ने मनोज सिन्हा की पसंद पर ही पारसनाथ राय को टिकट दिया है। बसपा ने इस सीट पर उमेश सिंह को मौका दिया है।

इस संसदीय सीट से 2004 और 2019 में अफजाल अंसारी सांसद बने थे। 2019 में बसपा और 2004 में समाजवादी पार्टी से उन्हें जीत मिली। इस बार उन्होंने पाला बदल लिया और सपा के टिकट पर मैदान में आ गए। जबकि यहां से भाजपा के मनोज सिन्हा 1996, 1999 और 2014 में जीते थे। यह पहला चुनाव होगा जब मुख्तार अंसारी का हस्तपेक्ष नहीं होगा। परिवार का सदस्य मैदान में रहा हो या न रहा हो मुख्तार का हस्तक्षेप जरूर होता था। मुख्तार की मौत के बाद अफजाल अंसारी और उनका परिवार सहानुभूति के सहारे जीत हासिल करना चाहता है। हालांकि अभी कोर्ट के फैसले के बाद ही तय होगा कि अफजाल मैदान में आएंगे या नहीं। फिलहाल बिना किसी तामझाम के नुसरत क्षेत्र में घूम रही हैं। वह चुनाव लड़ेंगी या नहीं इस पर भी वह कुछ नहीं बोलतीं।

## उत्तर रेलवे के जीएम ने की कार्य प्रगति की समीक्षा

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं मंडल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की। बड़ौदा हाऊस में हुई बैठक में संरक्षा प्रोटोकॉल बढ़ाने, कर्मचारियों एवं यात्रियों की संरक्षा के मानकों को सुनिश्चित करने पर जोर दिया। अधिकारी ने संरक्षा के प्रति उत्तर रेलवे की दृढ़ प्रतिबद्धता पर बल देते हुए संरक्षा उपायों को बेहतर बनाने को कहा। बैठक में इमरजेंसी रिस्पांस प्रोटोकॉल, कर्मचारी प्रशिक्षण, अनुरक्षण शैड्यूल तथा नई संरक्षा तकनीकों के क्रियान्वयन जैसे प्रमुख विषयों को शामिल किया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि रेल ज्वाइंटों के परीक्षण व ल्यूबरिकेशन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने रात्रिकालीन गश्तों व निरीक्षणों को बढ़ाने पर जोर दिया।



ट्रैक के रखरखाव की स्थिति, जोड़ों के वेल्ड और सिग्नलिंग सिस्टम पर विस्तार से चर्चा की। महाप्रबंधक ने क्रू-चेंजिंग प्वाइंटों पर क्रू-चेंज के कारण ट्रेनों के रुके रहने का जायजा लिया और मंडलों को निर्देश दिए कि क्रू-चेंजिंग न्यूनतम संभावित समय में पूरा किया जाए ताकि ये इस कारण रेलगाडि़यों के चलने में होने वाले विलंब को रोका जा सके। अधिकारी ने विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों को समयपालनबद्धता बनाए रखने और संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मालभाड़ा लदान की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए।

## अयोध्या से पुणे के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

**अयोध्या, अमृत विचार :** यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने अयोध्या से पुणे के लिए विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन के संचालन का निर्णय लिया है। यह ट्रेन तीन से नौ मई के बीच संचालित होगी। अप-डाउन कुल चार फेरे लगाएगी। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने मंगलवार को बताया कि पुणे जंक्शन से अयोध्या कैंट को आने वाली रेलगाड़ी संख्या 01455 अप तीन और सात मई को शाम 7.30 बजे रवाना होगी। कल्याण जंक्शन, भुसवल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, झांसी, उरई, कानपुर और लखनऊ के रास्ते सुबह 8.50 बजे अयोध्या कैंट पहुंचेगी। वहीं अयोध्या कैंट से पुणे को जाने वाली रेलगाड़ी संख्या 01456 डाउन पांच और 9 मई को सुबह 3.55 बजे रवाना होगी और शाम चार बजे पुणे पहुंचेगी।

## ट्रेनों के सुरक्षित संचालन व आय बढ़ाने पर चर्चा

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** गर्मी में ट्रेनों के सुरक्षित संचालन एवं आय बढ़ाने पर जीएम की अधिकारियों से चर्चा हुई। वित्तीय वर्ष 2023-24 में सर्वाधिक प्रारंभिक आय लगभग 7566 करोड़ प्राप्त करने पर दी बधाई दी।



समीक्षा बैठक में अधिकारियों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते जीएम उत्तर पश्चिम रेलवे।

महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे अमिताभ की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में उत्तर पश्चिम रेलवे की संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक हुई। इसमें सभी विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। चारों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे थे। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार बैठक में महाप्रबंधक ने कहा रेलवे के लिए संरक्षा सर्वोपरि है। गर्मी में बरती जाने वाली सावधानियां जैसे पेट्रोलिंग, खतरे के समय गाड़ियों के सुरक्षित संचालन संबंधी नियम, स्वयं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाए जाने वाले कदम आदि पर प्रशिक्षण होती रहनी चारहिए। उन्होंने सेफ्टी ऑडिट पर विशेष ध्यान देने के साथ ही यार्ड ले-आउट मोडिफिकेशन के कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में उत्तर पश्चिम रेलवे पर गठन से अब तक वित्तीय वर्ष 2023-24 में सर्वाधिक प्रारंभिक आय लगभग 7566 करोड़ प्राप्त करने पर सभी विभागाध्यक्षों को बधाई देते हुए इसे और बढ़ाने के निर्देश दिए। विशेषकर टिकट चेकिंग, गैर किराया राजस्व एवं विविध आय बढ़ाने पर जोर दिया।

# कन्नौज में दलित-सवर्ण मत खोल सकते किस्मत का द्वार

**आकलन : जो दल अपने वोट बैंक का बंटवारा जितना ज्यादा रोक पाएगा, उतना जीत के करीब पहुंच सकेगा**

इरा अवस्थी, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कन्नौज में मतदान होने में बस 12 दिन का समय शेष है। इस कारण राजनीतिक मैदान में खिलाड़ियों ने एड़ी चोटी का जोर लगाना शुरू कर दिया है। वैसे तो प्रत्याशी जाति-समाज-वर्ग विशेष को जोड़ने की हर संभव कोशिश में लगे हैं। लेकिन असल लड़ाई आधार वोट के अलावा अन्य वोटों पर निशाना साधने की हो रही है। माना जा रहा है कि इस बार सवर्ण व दलित वोटर यहां किसी भी प्रत्याशी की ताजपोशी में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

लोकसभा कन्नौज की सियासी जंग एक तरफ सांसद सुब्रत पाठक के चौथी बार मैदान में भाग्य आजमाने तो दूसरी तरफ करीब 15 साल बाद एक बार फिर से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के ताल ठोंकने से रोचक हो चुकी है। इससे पहले सुब्रत ने पहला चुनाव भी 2009 में


अखिलेश यादव।


सुब्रत पाठक।

अखिलेश के ही खिलाफ लड़ा था। सपा अध्यक्ष के मैदान में डटने से चुनाव हाई प्रोफाइल की श्रेणी में आ गया है। पूरे देश के राजनीतिज्ञों की निगाहें कन्नौज पर हैं तो सपा मुखिया की साख भी दांव पर है। भारतीय जनता पार्टी की बात करें तो उसे सरकार द्वारा देश भर में कराए गए ऐतिहासिक कार्यों के साथ जनवरी में तैयार हुए भव्य राम मंदिर के बलबूते जीत का पूरा भरोसा है। उधर, सपा के पास गिनाने के लिए पूर्व के काम हैं जिनको लेकर आरोप है कि भाजपा ने उनको आगे नहीं बढ़ाया। अब अगर वोटों की गणित को समझें तो समाजवादी पार्टी का यादव वोट बैंक उनके ही खाते में जाना तय माना जा रहा है। मुस्लिम मतदाता की बात करें तो यह कांग्रेस का परंपरागत वोट रहा है तो इसका रुझान समाजवादी पार्टी की तरफ भी है। इस बार दोनों ही दल एक 'छाते' के नीचे हैं तो दोनों ही वर्गों के वोट का करीब 80 से 90 फीसदी 'साइकिल' को ही जाने की संभावना जताई जा रही है। उधर, बहुजन समाजवादी पार्टी

- मतदान प्रतिशत बढ़ने पर फायदा होने की उम्मीद में भाजपा ने अपनी मशीनरी को बूथों पर किया सक्रिय

के प्रत्याशी भी इस बार मैदान में हैं। अल्पसंख्यक समुदाय से होने से वे आश्वस्त हैं कि कौम का वोट खासी संख्या में ले सकेंगे। इसके साथ ही बसपा का कोर वोट जो 'दलित' माना जाता है वह बहुत ज्यादा बंटने की संभावना कम ही दिखाई दे रही है। हालांकि राजनीतिक जानकारों की माने तो प्रत्याशी इमरान बिन जफर कानपुर से चुनाव लड़ने यहां पहुंचे हैं तो स्थानीय जुड़ाव न के बराबर होने से अल्पसंख्यक वोट बहुत ज्यादा प्रभावित कर सकेंगे इसमें संदेह है। भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के लिए सकारात्मक पहलू यह है कि वह सत्ता पक्ष व अनुशासित कही जाने वाली पार्टी से ताल्लुक रखते हैं। काम की बात करें तो निजी तौर पर मतदाताओं में उनके प्रति कहीं-कहीं गुस्सा झलकता नजर आता है। खांटी भाजपाई भले ही थोड़ा नाराज हों लेकिन उनकी 'कमल' खिलाना मजबूरी है। हालांकि आम लोग इस बात पर जोर देते हैं कानून व्यवस्था अच्छी हुई है तो कई लोगों का तर्क है कि पांच साल में विकास के नाम पर शहर की एक सड़क तक नहीं बनी है। हालांकि ब्राह्मण व दलित वोट में बंटवारा होना तय है। इस बंटवारे में जितना ज्यादा हिस्सा भाजपा को जाएगा उतना ही उसका फायदा है। इसके साथ ही वोट प्रतिशत बढ़ता है तो भाजपा को फायदा है और नहीं तो इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है, ऐसा राजनीति के जानकार मान रहे हैं। इस समर में तीनो दलों भाजपा, सपा व बसपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने वोट को सहेजने और समेटने की है। जो दल अपने वोट बैंक का बंटवारा जितना ज्यादा रोकने में कामयाब होगा वह उतना ही जीत के करीब पहुंच सकेगा।

## होमगार्ड ने किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

**संवाददाता, भीतरगांव (कानपुर), अमृत विचार।** साढ़ क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी के साथ होमगार्ड ने दुष्कर्म कर दिया। होमगार्ड भाग रहा था, तभी ग्रामीणों ने उसे दबोच लिया और जमकर पिटाई की। इस बीच किशोरी के परिजन भी आ गए। उन्होंने भी होमगार्ड को पीटा। ग्रामीणों की पिटाई से होमगार्ड घायल हो गया। सूचना पर पहुंची साढ़ पुलिस ने उसे छुड़ा कर भीतरगांव सीएचसी ले गई। जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत में होमगार्ड को कानपुर के उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर होमगार्ड के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने देर रात साढ़ थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह ड्यूटी पर था। घर पर उनकी बेटी थी, इस दौरान घर के किनारे स्थित पेड़ के सहारे रात में तीस वर्षीय होमगार्ड उतर गया। आरोप है, कि उसने उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया।

## मुख्तार बाबा की 1.78 करोड़ की संपत्ति जब्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नई सड़क हिंसा का मास्टरमाइंड और गैंगस्टर एक्ट में नामजद आरोपी मुख्तार अहमद उर्फ मुख्तार बाबा की अपराध से अर्जित 1.78 करोड़ की सम्पत्ति पुलिस ने जब्त कर ली है। अब यहां पर मुनादी कराकर पुलिस सम्पत्ति पर अपना बोर्ड लगाएगी और सम्पत्ति को सरकार के आधीन ले आएगी।

तीन जून नई सड़क हिंसा में पुलिस ने आरोपी मुख्तार बाबा को फंडिंग का आरोपी।बनाकर जेल भेजा था। इसके बाद आरोपी के खिलाफ 28 जुलाई 2022 को पूर्व इंस्पेक्टर बेकनगंज अजय कुमार सिंह ने गैंगस्टर एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की थी। इसमें मुख्तार बाबा के अलावा बिल्डर हाजी वसी, अकील खिचड़ी और शफीक उर्फ भतीजा को आरोपी बनाया गया था।

डीसीपी सेन्ट्रल आर एस गौतम ने बताया कि आरोपी के खिलाफ बेकनगंज बजरिया समेत अन्य थानों में 11 अपराधिक मामले दर्ज हैं जिसमें हत्या का प्रयास, दंगा भड़काना, धोखाधड़ी, गैंगस्टर एक्ट आदि दर्ज है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

आत्मज्ञानं समारम्भः तितिक्षा धर्मनित्यता।
यमर्थान्नापकर्षन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

जो अपनी योग्यता से भली-भांति परिचित हो और उसी के अनुसार कल्याणकारी कार्य करता हो, जिसमें दुःख सहने की शक्ति हो, जो विपरीत स्थिति में भी धर्म-पथ से विमुख नहीं होता, ऐसा व्यक्ति ही सच्चा ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# कारोबार के लिए

दुनिया के तीसरे सबसे अमीर आदमी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के साथ अचानक ऐसा क्या हुआ कि वो भारत के बदले चीन पहुंच गए। मस्क का चीन जाने का निर्णय टेस्ला को पटरी पर वापस लाने की तात्कालिकता की भावना को रेखांकित करता है। फिर भी मस्क का अचानक चीन जाना बहुतों को हैरान कर सकता है। मस्क ने भारत आने से एक दिन पहले अपनी यात्रा रद्द कर दी, क्योंकि भारत में चुनाव चल रहे थे। इसलिए मस्क की चीन यात्रा को भारत की अवमानना के रुप में नहीं देखा जा सकता। मस्क की स्थगित हुई भारत यात्रा रणनीति में बदलाव को दर्शा सकती है। सीईओ ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि टेस्ला नए मॉडलों में तेजी ला रही है, जिन्हें कंपनी अपने मौजूदा लाइनअप के समान विनिर्माण लाइनों पर तैयार करेगी। विश्लेषकों ने अनुमान लगाया है कि इसका मतलब यह हो सकता है कि कार निर्माता मैक्सिको में एक कारखाने और और देरी करेगा और भारत में किसी भी संयंत्र को रोक देगा। जब मस्क के टॉप अधिकारियों के भारत का दौरा करने के बाद रेड कारपेट पूरी तरह से सज चुका था, ऐसे में चीन ने ऐसा क्या किया कि मस्क को एक झटके में सब छोड़ के चीन जाना पड़ा। दरअसल टेस्ला का मार्केट पहले ही डाउन हो रहा था। इसलिए मस्क ने आपाधापी में चीन का दौरा कर टेस्ला को चीन में नया जीवनदान दिया है। गौरतलब है कि मस्क की चीन यात्रा ऐसे समय हुई है जब चीन और अमेरिका के रिश्ते अच्छे नहीं चल रहे। यूक्रेन-रूस युद्ध समेत तमाम बड़े मसलों पर दोनों देश विपरीत खेमों में खड़े नजर आ रहे हैं।

बीते दिनों ही अमेरिका ने टिकटॉक की चीनी पैरेंट कंपनी को जो चेतावनी दी है, उससे उस पर प्रतिबंध का खतरा मंडराने लगा है। हिंदुस्तान में उन्हें एक बड़ा बाजार नजर आ रहा है, जहां इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अपार संभावनाएं हैं। टेस्ला अरसे से कोशिश में है कि भारत में उसकी एंट्री हो जाए, लेकिन चीन की तुलना में भारतीय इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार छोटा है। इसलिए भले ही अभी मस्क चीन में अपने कारोबार को संभालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी चीन यात्रा ने टेस्ला के भारतीय कारोबार के भविष्य पर सवाल खड़े किए हैं। चीन की तरह ही भारत एलन मस्क के लिए एक बड़ा मार्केट है ऐसे में मस्क की पूरी कोशिश रहेगी कि वो जल्द से जल्द भारत का रुख करेंगे।

# देवगौड़ा से बड़ी उम्मीदें लगाए हुए थे लालू



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

संयुक्त मोर्चा सरकार की अगुवाई को लेकर इसमें शामिल दलों में जबरदस्त खींचतान था। पहली पसंद विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सरकार का नेतृत्व करने से इंकार कर दिया था। ज्यादा दबाव पड़ने पर निर्णायक बैठक के दिन वे भूमिगत हो गए। ज्योति बसु को उनकी पार्टी सीपीएम के पॉलित ब्यूरो ने इजाजत नहीं दी। चंद्र बाबू नायडू आंध्र प्रदेश छोड़ने को तैयार नहीं थे।

देवगौड़ा ने कर्नाटक कैडर के आईपीएस सरदार जोगिंदर सिंह को सीबीआई का डायरेक्टर बनाया था। ज्वाइंट डायरेक्टर यू.एन विश्वास जांच टीम की अगुवाई कर रहे थे। लालू की गिरफ्तारी बहुत दूर नहीं थी। पटना से लालू के प्रधानमंत्री देवगौड़ा के फोन निरर्थक साबित हो रहे थे। सुप्रीम अदालत के निर्देश पर हो रही जांच और हाईकोर्ट की उस पर निगरानी के कारण देवेगौड़ा हाथ खड़े कर चुके थे। पर लालू मानने को तैयार नहीं थे। उन्हें लगता था कि देवगौड़ा के इशारे पर सीबीआई उन्हें घेर रही है। बेहद नाराजगी के साथ उन्होंने पटना से फोन पर देवगौड़ा से कहा, "यह सब अच्छा नहीं हो रहा है। जो आप करवा रहे हैं, इसका अंजाम बहुत बुरा होगा।

1996 में बहुमत साबित करने में असफल अटल बिहारी बाजपेई की सरकार सिर्फ तेरह दिन में गिर चुकी थी। 545 सदस्यीय सदन में भाजपा और उसके सहयोगियों की संख्या 186 थी। संयुक्त मोर्चा के 215 और कांग्रेस के 139 सदस्य थे। कांग्रेस के समर्थन से बनी अल्पजीवी चरण सिंह और चंद्रशेखर की सरकारों से कटु अनुभव संयुक्त मोर्चा के नेताओं को बखूबी याद थे। लेकिन तुरंत कोई चुनाव नहीं चाहता था। जाहिर है कि भाजपा की नाकामी के बाद संयुक्त मोर्चा की सरकार कांग्रेस के ही समर्थन से मुमकिन थी। पिछले मौकों की तरह एक बार फिर कांग्रेस ने गैर कांग्रेसी सेक्युलर दलों को बाहर से समर्थन देने का फैसला किया।

संयुक्त मोर्चा सरकार की अगुवाई को लेकर इसमें शामिल दलों में जबरदस्त खींचतान थी। पहली पसंद विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सरकार का नेतृत्व करने से इंकार कर दिया था। ज्यादा दबाव पड़ने पर निर्णायक बैठक के दिन वे भूमिगत हो गए। ज्योति बसु को उनकी पार्टी सीपीएम के पॉलित ब्यूरो ने इजाजत नहीं दी। चंद्र बाबू नायडू आंध्र प्रदेश छोड़ने को तैयार नहीं थे। तामिलनाडु के मुख्यमंत्री के.करुणानिधि ने भी इंकार कर दिया। लालू और मुलायम सिंह दोनों ही एक-दूसरे के नाम पर तैयार नहीं थे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री एचडी देवगौड़ा शुरुआती दौड़ में भले शामिल न रहे हों लेकिन वे अकेले थे, जिनके नाम पर सर्व सहमति बनी।

देवगौड़ा के पिता दूध विवतरण का काम करते थे। माली हालत ऐसी कमजोर थी कि वे अपनी चार संतानों में किसी एक की ही पढ़ाई का खर्च उठा सकते थे। ये सौभाग्य एचडी देवगौड़ा के हिस्से में आया। वे सिविल इंजीनियर बने। उनके जिले हासन के लोग काफी दिनों तक उन पुलियों का जिक्र करते थे, जो देवगौड़ा की देख-रेख में बनीं। प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालने के पहले उन्हें कर्नाटक के मुख्यमंत्री के तौर पर काम करने का अनुभव था। लेकिन केंद्र में उन्हें ऐसी सरकार की अगुवाई करनी थी, जिन्हें संयुक्त मोर्चा के दलों को संजोने के साथ ही बात-बात में तिरछी होती कांग्रेस की नजरों का भी ख्याल रखना था।

देवगौड़ा को लगभग ग्यारह महीने सरकार चलाने का मौका मिला। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने जम्मू कश्मीर में छह साल से चले आ रहे राष्ट्रपति शासन को समाप्त कर चुनाव कराए। इंद्र कुमार गुजराल उनकी सरकार में विदेश मंत्री थे। उनकी सलाह पर बांग्ला देश से गंगा जल के बंटवारे का विवाद समाप्त कर समझौता हुआ। जबरदस्त दबाव के बाद भी इस सरकार ने व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर हस्ताक्षर नहीं किए। इसी का नतीजा था कि 1998 में अटल सरकार पोखरण में परमाणु परीक्षण कर सकी। विद्रोही नगा नेताओं से शांति समझौता भी इस सरकार की एक उपलब्धि थी।

एक छोटा सा कार्यकाल। अलग दिशाओं में भागते सहयोगी। सबकी कुछ न कुछ चाहत। कांग्रेस का हर वक्त दबाव। इन हालात में प्रधानमंत्री के तौर पर कोई बड़ी छाप छोड़ जाने की देवगौड़ा से उम्मीद नहीं की जा सकती थी। लेकिन चारा घोटाले मामले में फंसे लालू की बेजा मदद से साफ इंकार करके देवगौड़ा ने एक बड़ी लकीर खींची। जनता दल की अंदरूनी खींचतान में लालू-देवगौड़ा साथ थे। प्रधानमंत्री के लिए देवगौड़ा के नाम पर मोहर लगाने वालों में लालू भी शामिल थे। संयोग से लालू पर चारा घोटाले का शिकंजा उन्हीं दिनों कसा जब प्रधानमंत्री की कुर्सी पर देवगौड़ा आसीन थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई चारा घोटाले की जांच कर रही थी। पटना हाईकोर्ट इस जांच की निगरानी कर रहा था। केंद्र सरकार के हाथ बंधे हुए थे लेकिन देवगौड़ा को अपना आदमी समझते हुए लालू उनसे बड़ी उम्मीदें लगाए हुए थे।

देवगौड़ा ने कर्नाटक कैडर के आईपीएस सरदार जोगिंदर सिंह को सीबीआई का डायरेक्टर बनाया था। ज्वाइंट डायरेक्टर यू.एन विश्वास जांच टीम की अगुवाई कर रहे थे। लालू की गिरफ्तारी बहुत दूर नहीं थी। पटना से लालू के प्रधानमंत्री देवगौड़ा के फोन निरर्थक साबित हो रहे थे। सुप्रीम अदालत के निर्देश पर हो रही जांच और हाईकोर्ट की उस पर निगरानी के कारण देवेगौड़ा हाथ खड़े कर चुके थे। पर लालू मानने को तैयार नहीं थे। उन्हें लगता था कि देवगौड़ा के इशारे पर सीबीआई उन्हें घेर रही है। बेहद नाराजगी के साथ उन्होंने पटना से फोन पर देवगौड़ा से कहा, "यह सब अच्छा नहीं हो रहा है। जो आप करवा रहे हैं, इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। कांस्पीरेसी करनी हो तो भाजपा के खिलाफ करो। हमारे क्यों पीछे पड़े हो।"

चारा घोटाले की जांच लालू- देवगौड़ा के रिश्तों को काफी खराब कर चुकी थी। लालू का धैर्य जवाब दे चुका था। "का जी देवगौड़ा, इसीलिए तुमको पीएम बनाया था कि तुम हमारे खिलाफ केस तैयार करो? बहुत गलती किया तुमको पीएम बनाके।" चारा घोटाले में बुरी तरह फंसे ये लालू यादव थे जो 7 रेस कोर्स के मीटिंग हॉल में जनता दल की संचालन समिति की बैठक में प्रवेश करते समय देवगौड़ा से तल्ख लहजे में मुखातिब थे। देवेगौड़ा का जवाब दो टूक था, "भारत सरकार और सीबीआई कोई जनता दल तो है नहीं कि उसे भैंस की तरह हांक दिया। आप पार्टी को भैंस की तरह चलाते हैं लेकिन मैं भारत सरकार चलाता हूं।" लालू की नाराजगी की देवगौड़ा को खास फिक्र नहीं थी लेकिन उनकी असली चिंता कांग्रेस को लेकर थी, जिसके समर्थन बिना सरकार का टिके रहना मुमकिन नहीं था।

कांग्रेस ने 1979 में चरण सिंह की सरकार बनवाई थी। जनता पार्टी के बिखराव के साथ कांग्रेस का मकसद पूरा हो चुका था। फिर कांग्रेस ने चरण सिंह को संसद का सामना करने तक की मोहलत नहीं दी थी। कांग्रेस को बेदखल करके 1989 में सत्ता में आए विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार भले भाजपा के समर्थन वापसी के कारण गिरी हो लेकिन चंद्रशेखर को समर्थन देकर कांग्रेस ने जनता दल में बड़े बिखराव का रास्ता साफ किया था। चंद्रशेखर सरकार को कांग्रेस का समर्थन सिर्फ चार महीने के लिए मिला। देवगौड़ा ने 1 जून 1996 को शपथ ली। मार्च तक उनकी सरकार ने नौ महीने का सफर तय कर लिया था। सरकार कुछ टिकती नजर आ रही थी। कांग्रेस चिंतित होने लगी। अटकलें लगाई गईं कि कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केसरी की प्रधानमंत्री पद पर नजर थी और उनकी महत्वाकांक्षा देवगौड़ा साकार के पतन का कारण बनी। लेकिन प्रणव मुखर्जी अपनी किताब 'द कोलिएशन ईयर्स' में इस धारणा को खारिज करते हैं। उनके मुताबिक सरकार में शामिल दल और नेता लगातार कांग्रेस के खिलाफ़ बयानबाजी कर रहे हैं। बोफोर्स जांच भी तेज कर दी गई। सीबीआई डायरेक्टर जोगिंदर सिंह ने रही-सही कसर पूरी कर दी। 22 जनवरी 1997 को वे जेनेवा से एक बॉक्स के साथ आए और नाटकीय दावा किया कि इसमें बोफोर्स में कमीशनखोरी के सबूत भरे हुए हैं। मुखर्जी के मुताबिक असलियत में ऐसा कुछ नहीं था। कांग्रेस समर्थन वापसी के लिए बहाने की तलाश में थी। इसके लिए गांधी परिवार के सम्मान की हिफाजत से माकूल वजह और क्या हो सकती थी? बजट सत्र के दौरान ही 30 मार्च 1997 को कांग्रेस ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया। देवगौड़ा 21 अप्रैल 1997 तक प्रधानमंत्री की कुर्सी पर रहे।

## प्रसंगवश

# समाजवादी वैचारिकी के पर्याय

पचास के दशक में जब डॉ. राम मनोहर लोहिया ने नेहरू और कांग्रेस की जन विरोधी नीतियों का विरोध करने का संकल्प लिया। उस समय उनके अनन्य वैचारिक सहयोगी के रूप में मधु लिमये का नाम तेजी से उभरकर सामने आया। जिनके सिद्धांतवादी एवं जनप्रतिबद्ध राजनीति के लोहिया भी कायल थे। उसी दौरान प्रजा सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना के समय लोहिया जनरल सेक्रेटरी जबकि मधु लिमये, अशोक मेहता और सादिक अली के साथ जॉइंट सेक्रेटरी बनाए गए। मधु को लेकर लोहिया के मन में विशेष सम्मान था, जिसका उदाहरण गाजीपुर में आयोजित प्रजा समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी में मधु लिमये को आमंत्रित करने के निर्णय से मिलता है। जबकि 1955 में मद्रास के अवाड़ी अधिवेशन में कांग्रेस के प्रस्ताव पर प्रजा समाजवादी पार्टी के बम्बई अध्यक्ष अशोक मेहता के समर्थन का कड़ा विरोध करने की वजह से मधु लिमये को पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। इस आमंत्रण के बाद प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष की हैसियत से आचार्य नरेंद्र देव ने गाजीपुर के प्रादेशिक सम्मेलन पर रोक लगा दी। बावजूद इसके सम्मेलन आयोजित हुआ और इसमें लोहिया के निर्देश पर केंद्रीय नेतृत्व की निंदा की गई। जिसके फलस्वरूप लोहिया को भी निलंबित कर दिया गया। इस घटनाक्रम से समाजवादी आंदोलन में मधु लिमये के महत्व को बखूबी समझा जा सकता है।



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

मधु लिमये का जन्म 1 मई 1922 को पूना में हुआ था। इनके पिता श्री राम चन्द्र महादेव लिमये थे। प्रो चंपा लिमये इनकी जीवनसंगिनी बनी। जिन्होंने सौहार्द के नाम से अपने पति के लेखों का महत्वपूर्ण संग्रह प्रकाशित करवाया। फर्गुसन कॉलेज में पढ़ाई छोड़कर छात्र जीवन में ही मधु लिमये स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और अठ्ठारह वर्ष की अवस्था मे 1940-41 में उन्हें कारावास की पहली सजा हुई।' भारत छोड़ो आंदोलन में भूमिगत रहते हुए महाराष्ट्र में उन्होंने आंदोलन का नेतृत्व किया, बाद में पकड़े गए और लंबे समय तक जेल रहे। इस पहचान ने उन्हें समूचे देश में ख्याति दिलाई। आजादी के बाद गोवा मुक्ति आंदोलन का उन्होंने लोहिया के साथ सफलतापूर्वक संचालन किया जिसकी वजह से उन्हें बारह साल की सजा हुई। जो उनके संघर्षशील व्यक्तित्व की बानगी है। मधु लिमये चार बार लोकसभा के सदस्य रहे और अत्यंत प्रखर सांसद के रूप में विख्यात हुए। संसद में उनके प्रवेश के साथ ही सत्ता दल के मंत्रियों के माथे पर बल आ जाता था। संसदीय नियमों के मर्मज्ञ मधु लिमये लोकसभा में गरीबों-मजलूमों के आवाज थे। उनके सांसद रहते प्रायः सभी महत्वपूर्ण बिल बिना बहस के पास नही हो पाता था। उनका हमेशा प्रयास रहता था कि कैसे संसद की छवि आम जनमानस में जनता की बुनियादी समस्याओं के समाधान केंद्र के रूप में मजबूत किया जा सके। इसीलिए मधु लिमये आजीवन जनप्रतिनिधि होने की मर्यादा, राजनैतिक सुचिता और ईमानदारी के पर्याय बने रहे। उनका मानना था कि जनता ने जिस भरोसे और विश्वास से आपको चुना है, उस पर खरे उतरने के लिए नैतिक चरित्र बेदाग होना चाहिए। तभी नेताओं की कही गई बातों का असर जनता पर पड़ेगा। प्रारंभ से अंत तक वे समाजवाद के प्रति समर्पित रहे और गैरबराबरी एवं राजनीतिक तिकड़मों के खिलाफ आवाज उठाते रहे। 1982 में खराब स्वास्थ्य की वजह और मूल्य आधारित राजनीति की गिरावट के कारण राजनीति को अलविदा करने के बाद पूरा समय लेखन में लगाते रहे। जिसके परिणामस्वरूप जीवन के अंतिम दशक में तीस से अधिक और कुल मिलाकर लगभग साठ पुस्तकों का लेखन करने का काम किया। जो राजनीति सहित समाज के अंतर्संबंधों को समझने की दिशा में कारगर साहित्य हैं। जेपी आंदोलन के विस्तार और संपूर्ण विपक्ष की एकता स्थापित करने में मधु लिमये की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही। उन्होंने जनता पार्टी की सरकार में शामिल विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों की दोहरी पार्टी सदस्यता का कड़ा विरोध किया एवं इसके स्थान पर इकहरी सदस्यता की वकालत की।

आपातकाल के दौरान मीसा के अंतर्गत जुलाई 1975 से फरवरी 1977 तक वे मध्यप्रदेश की विभिन्न जेलों में रहे। इसके विरोध में उन्होंने पांचवें लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। मधु लिमये ने विचार की राजनीति करने वाले नौजवानों की एक लंबी फेहरिश्त तैयार की । वो नौजवानों को हमेशा सिद्धांत आधारित राजनीति के लिए प्रेरित करते रहते थे।

# वैक्सीन पर स्वीकारोक्ति के मायने

कोरोना की कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अदालत में कुबूल किया है कि इस वैक्सीन से कुछ लोगों को हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक होने का कुछ खतरा है। यह वही वैक्सीन है जिसका भारत में सीरम इंस्टीट्यूट के जरिये बड़े पैमाने पर उत्पादन कराया गया। एक प्राइवेट इंस्टीट्यूट द्वारा उत्पादित वैक्सीन का सरकार की ओर से न सिर्फ प्रचार किया गया, बल्कि उसे आईसीएमआर की ओर से प्रमाणित कराकर सुरक्षित घोषित किया गया। जबकि सभी को पता है कि वैक्सीन के ट्रायल जल्दबाजी में किए गए थे। क्लिनिकल एवं अन्य परीक्षणों की लंबी और सालों तक चलने वाली प्रक्रिया को कुछ महीनों और हफ़्तों में यह कहकर संक्षेप में निपटा दिया गया कि यह वक्त की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने स्वयं सीरम इंस्टीट्यूट का दौरा किया और उसके एमडी अदार पूनावाला के साथ मिलकर देश को वैक्सीन उत्पादन बढ़ाने का भरोसा दिया। उन्होंने स्वयं वैक्सीन लगवाकर दिखाई और देशवासियों से वैक्सीन लगवाने की अपील भी की। इसके बाद कोबैक्सीन, कोर्बेवैक्स जैसी कई दूसरी वैक्सीन भी आईं और लगाई गईं। सरकार ने इसे बड़े पैमाने पर खरीदा और जनता को मुफ्त लगाया। देश भर में वैक्सिनेशन कैंप लगाए गए। लोगों को लंबी लाइनों में लगकर वैक्सीन लगवानी पड़ी। वैक्सीन सर्टिफिकेट बांटे गए और अनेक सरकारी सेवाओं के लिए इस सर्टिफिकेट को अनिवार्य कर दिया गया। हम सबके मोबाइल या दराज में यह सर्टिफिकेट अब भी मौजूद है।



संजय सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

यह सब हुए कई साल बीत गए हैं। बीच-बीच में कोरोना की छोटी-मोटी लहर की चर्चा को छोड़कर कोई बड़ी लहर नहीं आई है। इससे लगता है कि वैक्सीन का असर हुआ है।

यह सब हुए कई साल बीत गए हैं। बीच-बीच में कोरोना की छोटी-मोटी लहर की चर्चा को छोड़कर कोई बड़ी लहर नहीं आई है। इससे लगता है कि वैक्सीन का असर हुआ है। कोरोना के नए वैरिएंट आते हैं और बिना कोई खास असर दिखाई वापस चले जाते हैं। वैक्सीन से पुराना वैरिएंट खत्म हो गया है और इम्युनिटी बढ़ने के कारण नए वैरिएंट को अपनी ताकत दिखाने, बढ़ाने का मौका नहीं मिलता। लेकिन दूसरी तरफ अचानक हार्ट अटैक, हार्ट अरेस्ट और ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। आए दिन इस तरह की खबरें पढ़ने और वीडियो देखने, सुनने को मिलते हैं। अकेले भारत में ही नहीं, दूसरे देशों में भी, जिनमें ब्रिटेन भी शामिल है, जहां कोविशील्ड का आविष्कार हुआ था। जहां की कंपनी एस्ट्राजेनेका ने इसे सबसे पहले बनाया था और जिससे लाइसेंस या सहयोग लेकर बाकी देश और उनकी वैक्सीन कंपनियां इसका उत्पादन कर रही हैं। भारत का सीरम इंस्टीट्यूट इनमें सबसे बड़ा उत्पादक है और इसकी बनाई वैक्सीन की दुनिया भर में सप्लाई होती है। लेकिन अब एस्ट्राजेनेका मुश्किल में है और उसकी मुश्किलों की छाया सीरम इंस्टीट्यूट से लेकर भारत सरकार तक पर पड़ती दिखाई दे रही है। चूंकि भारत में इन दिनों लोकसभा चुनाव चल रहे हैं, इसलिए कर्नाटक के सेक्स स्कैंडल को लेकर पहले से विपक्ष के निशाने पर चल रहे सत्तारूढ़ दल के लिए एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। कोविशील्ड पर एस्ट्राजेनेका के कुबूलनामे ने विपक्ष को सरकार के विरुद्ध एक नया हथियार दे दिया है। कोविशील्ड के बारे में खतरनाक तथ्य सामने आने से उन विपक्षी दलों को भी नई शक्ति मिलेगी जिनके नेताओं ने शुरू में वैक्सीन का मजाक उड़ाया था और इसे भाजपाई वैक्सीन बताते हुए लगवाने से इनकार कर दिया था। हालांकि बाद में जनता के दबाव में उन्होंने वैक्सीन लगवा ली थी, लेकिन अनेक आम लोगों की तरह वैक्सीन को लेकर उनके मन का संदेह पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ था। इनमें समाजवादी पार्टी के मुखिया और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का नाम प्रमुख है। उनका दल इस चुनाव में इंडिया गठबंधन का हिस्सा है।

जबसे एस्ट्राजेनेका के अदालत में वैक्सीन की खामियों को स्वीकार करने की बात मीडिया में उजागर हुई है, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म कोरोना और कोविशील्ड की चर्चाओं से भर गए हैं। सबको जैसे भड़ास निकालने का मौका मिल गया है। कोई इसके लिए एस्ट्राजेनेका और अदार पूणावाला को दोषी ठहरा रहा है तो कोई इसे इलेक्टोरल बांड के चंदे से तो विदेशों में कारपोरेट जगत के लालच से जोड़ कर देख रहा है। यहां तक कि कोरोना महामारी को लेकर भी अब लोग संदेह करने लगे हैं। वे प्रश्न कर रहे हैं कि कहीं यह पश्चिमी धनकुबेरों और सत्ताधीशों की कोई सुनियोजित साजिश तो नहीं थी? जिसके तहत जनसंख्या घटाने के साथ फार्मेसी, हॉस्पिटल, इंश्योरेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए विश्व के करोड़ों लोगों को गिनी पिग बना दिया गया और उनके जीवन और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया गया और इसका ठीकरा चीन पर फोड़ने की कोशिश की गई।

## सोशल फोरम

# सूरत के बाद इंदौर : कैसा दौर

जैसा सूरत में कांग्रेस के साथ हुआ, बिल्कुल वैसा ही इंदौर में भी हुआ। सूरत में कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापिस ले लिया था और यही नहीं बसपा व निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन भी वापिस हो जाने पर भाजपा प्रत्याशी की निर्विरोध जीत हो गई और इसे 'ऑपरेशन निर्विरोध' के तौर पर प्रचारित करने के साथ-साथ भाजपा की लोकप्रियता के रूप में खूब प्रचारित किया गया। अब यही 'ऑपरेशन निर्विरोध' मध्य प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दोहराने की कोशिश की गई। यहां भी कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम ने अपना नामांकन वापिस लेकर एक ऐसा बम फेंका कि कांग्रेस हाईकमान हक्का बक्का ही रह गई। यही नहीं नामांकन वापिस लेने के बाद अक्षय बम ने दूसरा बम फेंकते हुए भाजपा ही ज्वाइन कर ली। यह सबसे बड़ा झटका कहा जा सकता है कांग्रेस के लिए। यहां भी निर्दलीय प्रत्याशियों के नामांकन वापिस करवा कर 'ऑपरेशन निर्विरोध' चलाने की कोशिश रही भाजपा की, कुल तेइस निर्दलियों में से नौ प्रत्याशियों ने नामांकन वापिस ले भी लिए लेकिन अभी चौदह प्रत्याशी बच रहे हैं। आप और सपा ने इंडिया गठबंधन के चलते कांग्रेस के समर्थन में अपने प्रत्याशी ही नहीं उतारे हैं। कांग्रेस या इंडिया गठबंधन का कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं बचा। बहुत मज़ेदार टिप्पणी कांग्रेस के जीतू पटवारी ने की है कि अभी तक बूथ केप्चरिंग का सुना था, यहां तो कांग्रेस प्रत्याशी का अपहरण ही कर लिया गया है। यानी अब प्रत्याशियों का अपहरण होने लगा।



कमलेश भारतीय
वरिष्ठ लेखक

कहते हैं कि अक्षय बम के खिलाफ सत्रह साल पुराने केस की याद दिला कर उन्हें आत्मसमर्पण के लिए भाजपा नेताओं ने तैयार कर लिया। इस तरह कांग्रेस व इंडिया गठबंधन बिना लड़े ही इंदौर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव से बाहर हो गए, जैसे मुक्केबाज रिंग से बाहर हो जाते हैं। अब देखिए बाकी बचे निर्दलीय प्रत्याशियों की विकेट कब आउट होती हैं। आईपीएल के किसी भी रोमांचक मैच की तरह यह 'ऑपरेशन निर्विरोध' भी बहुत रोमांचक होगा। यह ऐसा ऑपरेशन निर्विरोध है, जिसके चलते बाद में कोई, किसी प्रकार की परेशानी ही न आए । क्या नई सूरत है यह राजनीति की। कैसा दौर है यह राजनीति का ?

-फेसबुक वॉल से

# जनपदीयता नहीं मनुष्यता

एक मित्र ने सोशल साइट पर पहले अपने जनपद और जनपदीय-भाषा की जय का उद्‌घोष किया और फ़िर सवाल किया है कि जैसा काव्य इस जनपदीय-भाषा में रचा गया है, क्या वैसा काव्य किसी अन्य जनपदीय भाषा में है? स्पष्ट ही यह विभाजित, खंडित और संकीर्ण दृष्टि है। सवाल यह है कि क्या वे काव्य जनपदीय काव्य हैं और क्या उनको किसी एक जनपद की थाती कहा जा सकता है? क्या उन रचनाओं के कवि जनपदीय थे? क्या वे महाकवि इसी संकीर्ण जनपदीय दृष्टि से प्रेरित थे? उन महाकवियों के काव्य में जनपदीयता की जय का उद्‌घोष है अथवा मनुष्य की संवेदना और मनुष्यता का जयजयकार है? निश्चित ही अवधी, भोजपुरी, मैथिली, अंगिका, बज्जिका, मगही, बुंदेली, ब्रज, मालवी, निमाड़ी, गढ़वाली, कुमाउनी, कौरवी, छतीसगढ़ी, हरयाणवी, राजस्थानी , मेवाती, अहीरवाटी, बांगरू, हिमाचली, कांगड़ी, किन्नरी, डोगरी, मारवाड़ी आदि लोकभाषाएं हिन्दी की प्राण रसधाराएं हैं। राहुलजी ने तो पंजाबी को भी हिंदी की लोकभाषाओं में शामिल किया था। हिंदी की शक्ति इनकी अविच्छिन्नता और समग्रता में है। जनपदीय-भाषाएं हिंदी की कामधेनु हैं। जनपदीय-भाषाओं का साहित्य हिंदी का साहित्य है, हिंदी से अविच्छिन्न है। हिंदी के प्रवाह की निरंतरता से जुड़ा है। ये सभी लोकभाषाएं हिंदी ही हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जनपद और वहां की बोलियों को लेकर उस जमाने के साहित्य-मनीषियों में लंबी बहस छिड़ गई थी। जिन तीन मनीषियों ने हिंदी में "जनपद-आंदोलन" की टेर लगाई थी, वे तीनों ही अंतर-राष्ट्रीयतावादी थे। आचार्य वासुदेवशरण अग्रवाल विश्वविख्यात कलाविद थे। राहुल सांकृत्यायन तो विश्व-नागरिक ही थे, रूस में रहे, श्रीलंका में भी रहे। उनका साहित्य विश्वमानव का साहित्य है। पं. बनारसी दास चतुर्वेदी "विशाल भारत" के संपादक थे, उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर और महात्मा गांधी के साथ रहने का सौभाग्य पाया था। वे रामानंद चट्टोपाध्याय के विश्वस्त थे। उन्होंने फरवरी 1940 के विशाल भारत में अग्रलेख लिखा-साहित्य का विकेन्द्रीकरण। राहुलजी ने हिंदी के जनपदों की पहचान पर लेख लिखा मातृभाषाओं का प्रश्न और, बोलियों का सवाल उठाया। राहुलजी ने बोलियों के आधार पर जनपदों का रेखांकन किया था। राहुलजी ने हिंदी साहित्य के वृहद इतिहास के सोलहवें भाग में जनपदीय भाषाओं के साहित्य को सम्मिलित किया है। जनपदीय-जन की प्रतिष्ठा के लिए वासुदेवशरण जी ने स्वस्तिवाचन किया। लेख लिखा-जनपदीय-साहित्य। इन तीन लेखों पर व्यापक प्रतिक्रिया हुई। जनपद-आंदोलन का विचार था, जो टूंडेखंगार खेत में काम कर रहा है, उसी की बोली में सहित्य का अमृत-संदेश उस तक पंहुच सके, उसकी बोली में पंहुचे।

रामविलास शर्मा जी कुंडेश्वर तक गए। उन्होंने हिंदी-जाति का स्वर बुलंद किया था। पंडित बनारसीदासचतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि जनपद-आन्दोलन सांस्कृतिक-स्वराज्य की अवधारणा है। यह टेर इतनी व्यापक थी कि प्रगतिशील-आंदोलन का ध्यान गया और शिवदान सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक साहित्य मनीषियों की टीम बनी, जिसकी रिपोर्ट उनकी पुस्तक, प्रगतिशील साहित्य के मानदण्ड, के परिशिष्ट के रूप में सम्मिलित है। मधुकर पत्रिका का जनपदीय-अंक निकला। वासुदेवशरण अग्रवाल के संपादन में काशी से जनपद नाम की पत्रिका प्रकाशित हुई। प्रत्येक जनपद में साहित्यमंडल उठ कर खड़े हो गए। आकाशवाणी के रीजनल केन्द्र बने। प्रत्येक जनपद से पत्रिका का प्रकाशन होने लगा। यह अभियान हिंदी जगत के इतिहास में जनपद-आंदोलन के नाम से जाना जाता है। "भाषा-साहित्य-संस्कृति" के "लोकतंत्र" की वह टेर, पुराने साहित्य-मनीषियों के मन के किसी कोने में अवश्य गूंज रही होगी, जो आगे चल कर "जनपद-आंदोलन" के रूप में प्रकट हुई। जनपद-आन्दोलन का संबंध देश के लोकतंत्र से था, लोकजीवन से था , लोकभाषा और लोकसंस्कृति से था।

# मई दिवस का आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुरुआत 4 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर से की गई। काम के घंटे तय करने के लिए मजदूर यूनियन ने पहली हड़ताल की थी। इस दौरान शिकागो शहर के मार्केट में हुए बम धमाके में 4 मजदूर मारे गए और कुछ घायल भी हुए थे, इसी के बाद काम के घंटे 8, सामाजिक सरोकार के 8 और विश्राम के घंटे 8 को अंतिम रूप दिया गया। भारत में मजदूर दिवस 1 मई 1923 को लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान द्वारा चेन्नई में मनाया गया। आज भी देश के मजदूर, किसान और कर्मचारी बड़े उत्साह के साथ मई दिवस मनाते हैं। देश के कुछ राज्यों में मजदूर दिवस को मनाने के लिए अवकाश भी घोषित है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

बरेली में मजदूर दिवस का आयोजन लंबे समय से होता आ रहा है। एक समय था, जब शहर में फैक्ट्रियों, कारखानों और रेलवे, बैंक आदि के श्रमिक और कर्मचारी एकजुट हो कर मोती पार्क में मई दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ करते थे, लेकिन जैसे-जैसे फैक्ट्रियां और कारखाने, मिलें बंद होते गए मजदूरों और कर्मचारियों की भागीदारी भी कम होती देखी गई। विगत 25 वर्षो से मजदूर दिवस का आयोजन स्थानीय आंबेडकर पार्क में हो रहा है। पहले मई दिवस आयोजन समिति और फिर 2004 से बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन इस आयोजन को करती आ रही है। अबकी बार भी बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन ने जोरदार ढंग से मई दिवस आयोजित करने का निर्णय किया है। शहर के तमाम संगठन लोकसभा चुनावों में व्यस्त होने के बावजूद तैयारी में जुटे हैं।

## एक नजर

### जिला अदालत में दो अधिवक्ताओं के प्रवेश पर लगाई रोक

**प्रयागराज** : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के चेंबर में घुसकर दो अधिवक्ताओं द्वारा वादकारी पर हमला करने की घटना को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को दोनों अधिवक्ताओं–रणविजय सिंह और मोहम्मद आसिफ के जिला न्यायालय में प्रवेश पर रोक लगा दी। प्रयागराज के जिला जज द्वारा भेजे गए संदर्भ पर कार्रवाई करते हुए न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी ने इन दोनों अधिवक्ताओं को नोटिस जारी कर पूछा कि उन्हें आपराधिक अवमानना के लिए क्यों न दंडित किया जाए। कोर्ट ने प्रयागराज के जिला जज को इस घटना में अन्य अधिवक्ताओं या लोगों की संलिप्तता के संबंध में सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद एक रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया।

### नोएडा : 13वीं मंजिल से गिरकर महिला श्रमिक की मौत

**नोएडा** : नोएडा के पास एक सोसाइटी में मंगलवार को एक निर्माणाधीन इमारत की 13वीं मंजिल से गिरकर एक महिला श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गंगोत्री नाम की महिला ला रेजिडेंशिया सोसाइटी में एक श्रमिक के तौर पर काम करती थी। पुलिस ने बताया कि महिला अपने पति विजय टंडन के साथ उसी सोसाइटी में रहती थी। पुलिस ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### जमीन के लिए दिव्यांग चाचा की गोली मारकर हत्या

**सिंधौली/ शाहजहांपुर** : थाना सिंधौली क्षेत्र में दो भतीजों ने नौ बीघा जमीन की खातिर दिव्यांग चाचा की सोमवार रात घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी। लेखराज अपनी नौ बीघा जमीन का बैनामा थाना निगोही के गांव सालेपुर में ब्याही बहन सुनीता के बेटे अरविंद के नाम करना चाहते थे। लेकिन भतीजे संतोष व गुड्डू जमीन का बैनामा अपने नाम कराना चाहते थे।

# साक्ष्य न होने के बावजूद आरोपी की रिहाई न होना न्याय के लिए दुर्भाग्यपूर्ण

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार** : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक 11 वर्षीय लड़की की हत्या और दुष्कर्म के आरोपी को बरी करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि आरोपी के खिलाफ कोई साक्ष्य ना होने के बावजूद उसे 12 वर्षों से भी अधिक समय तक जेल में रहने के लिए बाध्य होना पड़ा।

ट्रायल कोर्ट द्वारा मुकदमे के दौरान साक्ष्य का सही मूल्यांकन न करने के कारण कोर्ट ने आक्षेपित निर्णय, दोषसिद्धि तथा सजा के

**▸▸ इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हत्या और दुष्कर्म के आरोपी को बरी किया**

आदेश को रद करने योग्य पाया। अतः कोर्ट ने अपीलकर्ता को सभी आरोपों से बरी करते हुए उसे तुरंत रिहा करने का आदेश दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने नन्हकू सिंह की अपील को स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने पाया कि अपीलकर्ता के पास से हमले का कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है और ना ही उसकी निशानदेही पर शव की बरामदगी की गई। इसके साथ ही मृतका के पिता ने स्वीकार किया कि घटना के समय वह गांव में मौजूद नहीं थे और मृतका की मां ने आरोपी को अपराध करते नहीं देखा। इसके अलावा ऐसा कोई भी व्यक्ति कोर्ट में प्रस्तुत नहीं हुआ, जिसने आरोपी द्वारा घटना को अंजाम देते हुए देखा हो। इस प्रकार कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा साक्ष्यों के मूल्यांकन में चूक पाई।

### आज भी जारी रहेगी श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले की सुनवाई

**प्रयागराज** : इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में मंगलवार को हुई लंबी सुनवाई के दौरान मंदिर पक्ष ने दावा किया कि ढाई एकड़ में बनी शाही ईदगाह कोई मस्जिद नहीं है। मंदिर पक्ष का तर्क है कि ईदगाह में केवल साल भर में दो बार नमाज पढ़ी जाती है, जबकि मस्जिद में दिन भर में पांच बार नमाज होती है। हिंदू पक्ष ने कोर्ट को बताया कि शाही ईदगाह का पूरा ढाई एकड़ का क्षेत्र भगवान का गर्भगृह है, जिस पर राजनीतिक षड्यंत्र के तहत ईदगाह का निर्माण कराया गया। बहस पूरी न होने के कारण न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ ने सुनवाई को बुधवार तक के लिए टाल दिया। बुधवार को भी उक्त मामले पर बहस जारी रहेगी।

# लोकतंत्र और संविधान को कोई खतरा नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**▸▸ खतरा सिर्फ राहुल-अखिलेश के भविष्य को : केशव प्रसाद मौर्य**

**अमृत विचार** : उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश के लोकतंत्र और संविधान को कोई खतरा नहीं है, लेकिन राहुल गांधी और अखिलेश यादव के राजनीतिक भविष्य के लिए खतरा जरूर है। उन्होंने 2014 और 2017 के बाद बरेली में हुए विकास का हवाला देते हुए कहा कि यह तो अभी ट्रेलर है। असली पिक्चर तो 4 जून के बाद दिखेगी। 2024 का चुनाव देश को सौ साल आगे ले जाएगा।

केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को बदायूं रोड पर एक रिसोर्ट में आयोजित लोकसभा युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा प्रमुख ने कोरोना काल में बनाए गए टीके पर सवाल खड़े.कर देश के वैज्ञानिकों का अपमान किया था। पुलवामा की घटना और सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल पर खड़े करने वाले इंडी गठबंधन के लोग भ्रष्टाचार के दलदल में हैं। अनुच्छेद 370 हटने के बाद बरेली की तरह जम्मू कश्मीर में भी तिरंगा लहरा है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि न खाएंगे न खाने देंगे। जिसने भी भ्रष्टाचार किया, उसकी एक-एक पाई को वसूलकर गरीबों के उत्थान में लगाएंगे, इससे ये लोग घबराए हुए हैं। उप मुख्यमंत्री ने सलमान खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम के बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत में लव, लैंड या वोट जिहाद नहीं चलने वाला है। यहां सिर्फ विकास और प्रधानमंत्री की विकसित भारत की गारंटी चलेगी।

उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव में गठबंधन फेल हो गया था। इंडी गठबंधन वाले क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पीएम बनने से रोक पाएंगे। वह मुंगेरी लाल के सपने देख रहे हैं। दो चरणों के चुनाव में उनका खाता नहीं खुला है। लोगों से पूछा, बरेली में क्या साइकिल चलने वाली है, जवाब मिला न। उन्होंने कहा कि भाजपा की सदस्यता लेने वाले भारत माता और गरीबों की सेवा करेंगे लेकिन सपा की सदस्यता लेने वाले गुंडे-माफिया का गैंग तैयार करेंगे।

# उत्तराखंड बोर्ड के नतीजे घोषित, बालिकाओं ने फिर मारी बाजी

संवाददाता, रामनगर


प्रियांशी रावत, हाईस्कूल


पीयूष खोलिया, इंटरमीडिएट


कंचन जोशी, इंटरमीडिएट

- **इंटरमीडिएट में अल्मोड़ा के पीयूष खोलिया और हल्द्वानी की कंचन जोशी प्रदेश में पहले स्थान पर**

**अमृत विचार** : उत्तराखंड विद्यालयीय शिक्षा परिषद के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के नतीजों में इस बार भी बालिकाओं ने बाजी मारी है। हाईस्कूल में जेबीएस जीआईसी गंगोलीहाट पिथौरागढ़ की छात्रा प्रियांशी रावत ने 500 में से 500 अंक लाकर प्रदेश की संयुक्त श्रेष्ठता सूची में पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि जनता एचएसएस मनीपुर चका रुद्रप्रयाग के छात्र शिवम मेहता ने 500 में से 498 अंक यानी 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

इंटरमीडियट में विवेकानंद इंटर कालेज रानीधारा रोड अल्मोड़ा के छात्र पीयूष खोलिया एवं हरगोविंद सुयाल सरस्वती विद्या मंदिर कुसुमखेड़ा हल्द्वानी की छात्रा कंचन जोशी ने 500 में से 488 कुल 97.60 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश की श्रेष्ठता सूची में संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है। रुद्रप्रयाग जवाहर एपीआइसी के छात्र अंशुल नेगी ने 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रदेश की श्रेष्ठता सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

मंगलवार को उत्तराखंड विद्यालयीय शिक्षा परिषद कार्यालय में परिषद के सभापति महावीर सिंह बिष्ट एवं सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने संयुक्त रूप से प्रातः साढे.ग्यारह बजे परीक्षाफल घोषित किया। इधर, हाईस्कूल संयुक्त वरीयता सूची में एसवीएमआईसी श्रीकोट गंगानाली (पौड़ी) के संजय शाह 495 अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे। जीएमआईसी धुमाकोट, पौड़ी की पूर्वांशी ध्यानी ने 494 अंक पाकर चौथा और जेएसएनएसएनएम इंटर कालेज गैरसैण के अर्चित ढौंडियाल ने 493 अंक लाकर पांचवां स्थान हासिल किया। इंटर में एसवीएमआईसी आवास विकास ऋषिकेश के हरीश चंद्र और गोस्वामी गणेश दत्त सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज उत्तरकाशी के आयुष अवस्थी ने 480 अंक पाकर तीसरा स्थान हासिल किया। खोलिया विवेकानंद इंटर कालेज गरुड़ (बागेश्वर) के अभय उपाध्याय 479 अंक लाकर चौथे और तुलाराम राजाराम एसवीएमआईसी काशीपुर की सोनाली यादव 478 अंक लाकर पांचवें स्थान पर रही।

> हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई। यह आपके परिश्रम और लगन का प्रतिफल है। अनुत्तीर्ण विद्यार्थी निराश न हों, अभिभावकों से अनुरोध है कि बच्चों पर दबाव न बनाएं बल्कि उनका साथ दें। ये जीवन में सफलता का आखिरी मापदंड नहीं है।
>
> – **पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

इस वर्ष हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 89.14 प्रतिशत रहा। जिसमें बालकों का रिजल्ट 85.59 प्रतिशत और बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.54 रहा। इंटर का परीक्षाफल 82.63 प्रतिशत रहा।

### दो महिलाओं की गला रेतकर हत्या

**बागपत** : जिले में दो महिलाओं की गला रेतकर कथित तौर पर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान सरोज (58) और वर्षा (28) के रुप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शक के आधार पर मृतक सरोज के बेटे मनीष को हिरासत में लिया गया है। जिससे पूछताछ जारी है।

# आदित्य यादव की लड़कियों के साथ फोटो वायरल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं/एजेंसी

**▸▸ तस्वीरें छात्र जीवन की, ये निम्न स्तर की राजनीति : सपा नेता**

**अमृत विचार** : बदायूं से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आदित्य यादव की कुछ तस्वीरें सोमवार को सोशल साइट्स पर वायरल हुई हैं। जिसमें पूल पार्टी में वह कुछ युवतियों के साथ नजर आ रहे हैं। सपा प्रत्याशी ने इन फोटो को कॉलेज के समय का बताया है और भाजपा पर निम्न स्तर की राजनीति करने का आरोप लगाया।

सोमवार सुबह एक्स पर महेंद्र विक्रम नाम की आईडी से सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के युवतियों के साथ फोटो वायरल हुए। इसमें लिखा गया कि पहचाना, इसे बदायूं वाले पहचान लेंगे। लड़के हैं लड़कों से गलतियां हो जाती हैं। साथ ही कहा गया कि यह फोटो असली और साल 2012 की हैं। फोटो तेजी से व्हाट्सएप ग्रुप्स में वायरल हुए तो लोगों ने कमेंट शुरू कर दिए। वहीं सपा प्रत्याशी आदित्य यादव ने बताया कि वायरल हुई तस्वीरें कॉलेज के दिनों की हैं। फोटो में मेरे साथ जो लड़कियां दिखाई दे रही हैं उनमें से कुछ मेरी मित्र हैं और कुछ मेरी बहन हैं। इस तरह के फोटो वायरल कर भाजपा ने उन लड़कियों की निजता का भी उल्लंघन किया है। यह व्यक्तिगत जीवन है। भाजपा को निम्न स्तर की राजनीति नहीं करनी चाहिए। अगर कोई दिक्कत है तो आधिकारिक तौर पर कहें। भ्रमित करने का प्रयास न करें। उन्होंने आशंका जाहिर की कि भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जरिये उनकी और भी अश्लील वीडियो वायरल की जा सकती हैं। इस बारे में भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि मैं बस इतना ही कहना चाहूंगा कि उनके पूर्वज मुलायम सिंह यादव ने भी कहा था लड़के हैं गलतियां हो जाती हैं तो अगर उनसे भी कुछ ऐसा हो गया है तो उसमें मुझे कुछ नहीं कहना है।

# अखिलेश मुस्लिम विरोधी नोटा दबाएं मुसलमान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**▸▸ मुस्लिम जमात के अध्यक्ष ने आंवला-बदायूं में किया बसपा का समर्थन**

**अमृत विचार** : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मुफ्ती मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने अखिलेश यादव को मुस्लिम विरोधी बताते हुए मुसलमानों से बरेली सीट पर नोटा का बटन दबाने की अपील की है। उन्होंने आंवला और बदायूं में बसपा प्रत्याशियों के भी समर्थन का एलान किया है।

मौलाना शहाबुद्दीन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चुनाव में मुसलमान सवाल कर रहे हैं कि वोट किसे दें। कहा कि अखिलेश यादव अपनी सभाओं में मुसलमान शब्द का इस्तेमाल करते हुए डर रहे हैं। मंच से मुसलमानों को धक्के देकर उतारा जा रहा है। 22 मुस्लिम बहुल लोकसभा सीटों पर मुसलमानों को टिकट न देकर गैर मुस्लिम उम्मीदवार उतारे। सदन में मुसलमानों की नुमाइंदगी को एक साजिश के तहत खत्म किया जा रहा है। बरेली में हुई सपा की सभा में आजम खां का फोटो तक नहीं लगाया गया। शहाबुद्दीन ने कहा कि अखिलेश मुसलमानों की दाढ़ी और टोपी से नफरत करते हैं। वह मुस्लिम वोटों की तिजारत कर रहे हैं लेकिन मुसलमान उनकी तिजारत को बंद कर देगा।

# सेक्सटॉर्शन सामाजिक समस्या

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि सेक्सटॉर्शन सामाजिक समस्या है और इस तरह के मामले न्यायेत्तर प्रकृति के कारण कानून प्रवर्तन के लिए चुनौती पेश करते हैं। अदालत ने एक मामले में तीन आरोपियों को जमानत देने से इनकार करते हुए यह टिप्पणी की।

कोई व्यक्ति जब किसी दूसरे की आपत्तिजनक तस्वीर या वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देता है और इसके बदले में कोई मांग रखता है तो इसे सेक्सटॉर्शन कहा जाता है। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने मंगलवार को जारी एक आदेश में कहा कि पीड़ित इस तरह के




**▸▸ दिल्ली उच्च न्यायालय ने आरोपियों को जमानत देने से किया इनकार**

मामलों में अक्सर अपनी निजता और गरिमा को लेकर मनोवैज्ञानिक सदमे में होते हैं। न्यायाधीश ने कहा कि सेक्सटॉर्शन निजता का गंभीर उल्लंघन है और एक बड़ा सामाजिक खतरा है। इसमें पीड़ितों से पैसे या मदद लेने के लिए उनकी आपत्तिजनक तस्वीरों और वीडियो का इस्तेमाल शामिल है, जो अक्सर गंभीर मनोवैज्ञानिक आघात का कारण बनता है। न्यायमूर्ति महाजन ने कहा कि यह साइबर अपराध न केवल व्यक्ति की गरिमा को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि अपनी गुप्त और न्यायेत्तर प्रकृति के कारण कानून प्रवर्तन के लिए गंभीर चुनौतियां भी पैदा करता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के विषय में नियमित आधार पर जमानत आदेश जारी नहीं किया जा सकता। मौजूदा मामले में, व्हाट्सऐप वीडियो कॉल आने के बाद शिकायतकर्ता से खुद को पुलिस अधिकारी और यूट्यूब अधिकारी बताने वाले व्यक्तियों ने 16 लाख रुपये की जबरन वसूली की। इससे पहले, शिकायतकर्ता को एक अज्ञात महिला का वीडियो कॉल आया था।

## वर्ग पहेली-56

**बाएं से दाएं**

1.1. बंधन, बंधन की अवस्था 2. कारावास 3. प्रतिबंध, शर्त।
3. कागज़-पत्रों को दबाने के लिए रखी जाने वाली कांच की वस्तु
6. तिरस्कृत, अपमानित।
8.1. डटकर मुकाबला करना, संघर्ष करना 2. लड़ना, लड़ते हुए मरना 3. विषम परिस्थितियों का सामना करना 4. तकरार करना 5. ताकत लगाकर कुछ करने की कोशिश करना।
9.1. रोकने

**ऊपर से नीचे**

1. कदंब की प्रजाति का एक वृक्ष जिसकी लकड़ी हलके पीले रंग की और बहुत मज़बूत होती है तथा इमारतों में लगती है, करमा।
2. पानी या कोई और तरल पदार्थ धीरे-धीरे गले के नीचे उतारना, पीना।
4.1. सूर्य 2. अग्नि।
5.1. अंत : प्रेरणा या अपनी इच्छा से की जाने वाली अवैतनिक सेवा 2. अपना काम ख़ुद करना।
7. दे. मंझला।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | 3 | 4 | | | |
| ■ | 5 | ■ | | ■ | ■ | |
| 6 | | | | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 7 | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 8 | | |
| 9 | | | | ■ | | ■ |

## वर्ग पहेली -55 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 घ | ■ | ■ | 2 मो | ची | ■ | 3 जे |
| मं | ■ | 4 बा | ■ | ■ | ■ | ठी |
| 5 का | 6 ति | ब | ■ | 7 मु | नी | म |
| ■ | 8 प | र | का | ला | ■ | धु |
| ■ | हि | ■ | ■ | ज़ि | ■ | ■ |
| ■ | या | ■ | 9 द | म | घों | टू |

# सत्ता में आने पर दो साल में नक्सलवाद खत्म कर देंगे : शाह

अहमदाबाद,एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार सत्ता में आए तो दो साल के भीतर देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म कर देंगे।

अहमदाबाद शहर के नरोदा इलाके में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने मतदाताओं से मोदी को फिर से चुनने का आग्रह किया ताकि वह नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म कर सकें। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद अब काफी हद तक



**▸▸ सिर्फ छत्तीसगढ़ तक ही सीमित रह गया है अब नक्सलवाद**

छत्तीसगढ़ तक ही सीमित है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह ने कहा कि पिछले पांच वर्षों के दौरान, बिहार, झारखंड, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश नक्सलवाद से मुक्त हो गए हैं। छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में नक्सली अभी भी मौजूद हैं। प्रधानमंत्री मोदी को तीसरा कार्यकाल दें, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं मोदीजी दो साल में देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म कर देंगे। शाह अहमदाबाद-पूर्व लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हसमुख पटेल के समर्थन में रैली को संबोधित कर रहे थे। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 साल से अधिक उम्र के प्रत्येक व्यक्ति को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगी।

### कांग्रेस झूठ फैला रही, भाजपा संविधान बदल देगी और आरक्षण समाप्त कर देगी

**गुवाहाटी** : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस झूठ फैला रही है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आई तो उसका इरादा संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने का है। शाह ने दावा किया कि जनता के आशीर्वाद और समर्थन से भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस इस तरह के झूठ फैला रही है कि भाजपा संविधान बदल देगी और आरक्षण समाप्त कर देगी। हम मतदाताओं को अल्पसंख्यक या बहुसंख्यक के रूप में नहीं देखते। भाजपा असम में 14 लोकसभा सीट में से 12 पर जीत दर्ज करेगी। गृह मंत्री ने कांग्रेस पर शुरुआत से ही तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और दावा किया कि विपक्षी पार्टी अपने बचे-खुचे थोड़े समर्थन आधार को बचाना चाहती है। शाह ने कहा कि भाजपा धर्म के आधार पर आरक्षण में विश्वास नहीं रखती। हम देशभर में समान नागरिक संहिता लागू करने और यह सुनिश्चित करने के पक्ष में हैं कि सभी धर्मों के लोगों के लिए एक कानून हो। कहा कि किसी धर्मनिरपेक्ष देश में धर्म के आधार पर कानून होना सही नहीं है और यह संविधान की भावना के विरुद्ध है।

## सुडोकू -135

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 3 | | | 8 | |
| 4 | | | | | | 6 | | |
| 5 | | 2 | | | 1 | | 3 | |
| | | 1 | | | | | 6 | |
| | | 3 | | | | 7 | | |
| | 6 | | 2 | 7 | | 1 | | |
| | 4 | 5 | 8 | | | | | |
| | | 9 | | | | | | 6 |
| | 2 | 7 | | | | | 1 | |

## सुडोकू -134 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 6 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 3 | 6 | 2 | 5 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 6 | 5 | 1 | 9 | 4 |
| 4 | 8 | 1 | 2 | 7 | 9 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 2 |
| 7 | 4 | 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 9 | 5 | 2 | 3 | 1 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 मई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 05.45 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** : आज व्यापार में नकदी की समस्या दूर होगी। अपनी क्षमताओं का भरपूर प्रयोग करेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। घर का माहौल सकारात्मक रहेगा। किसी आनन्दोत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं। जल्दबाजी में कोई कार्य आगे न बढ़ायें।

**वृष** : आज परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। पुराने लोन को आज चुका सकते हैं। आपको किसी विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया जा सकता है। नकारात्मक लोगों के कारण आप थोड़ा उदास हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग से अपने संबंध खराब न करें।

**मिथुन** : आज अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। गैरकानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए। रियल एस्टेट कारोबारियों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। अल्प लाभ के लिए अपने संबंधों को दांव पर न लगायें। मन में अजीबोगरीब कुण्ठा जन्म ले सकती है।

**कर्क** : आज कार्यक्षेत्र में लोग आपको काफी महत्व देंगे। ज्यादा चिन्ता के कारण आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। संतान के करियर को लेकर कुछ चिन्ता रहेगी। प्रेम संबंधों में भावनात्मक दूरियां पनप सकती हैं। अधिकतर काम आप फोन के माध्यम से करेंगे।

**सिंह** : आज सभी काम योजना बनाकर करें तो आपको लाभ मिलेगा। जो काम हाथ में लेंगे उसे समय पर पूरा कर लेंगे। व्यापार में रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी।

**कन्या** : आज पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी वाले लोगों के स्थानान्तरण की चर्चा चल सकती है। दुश्मन आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं। अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाये रखें। आपकी प्रतिभा और योग्यता की सराहना होगी।

**तुला** : आज विवाहेतर संबंधों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिए। रिश्तेदारों पर आपको ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए। सेहत को लेकर आप थोड़ा सतर्क रहें। किसी मित्र के व्यवहार से आपका मन व्यथित हो सकता है।

**वृश्चिक** : आज कार्यक्षेत्र का वातावरण अनुकूल रहेगा। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अधिकारियों के साथ वैचारिक मतभेद दूर होगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें

**धनु** : आज व्यवसाय में अचानक बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा। रोजगार में बदलाव करने से बचें। विचारों में सकारात्मकता बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में राजनीति का शिकार हो सकते हैं।

**मकर** : आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी दूर होगी। घर के बुजुर्गों के विचारों का सम्मान करें। क्रोध और आवेश से आपको बचना चाहिए। लवमेट्स के साथ आप घूमने जा सकते हैं।

**कुंभ** : आज सोचे हुए कार्य देरी से पूर्ण होंगे। सड़क पर चलते समय आपको सावधानी रखनी चाहिए। जो भी काम करें वह सोच-समझकर करें। अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराने कर्जों को चुकाने का दबाव रहेगा। एकान्त के आपको समय नहीं बिताना चाहिए।

**मीन** : आज नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति हो सकती है। नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बनायेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ायेगा। व्यापार में आपके नए सहयोगी बन सकते हैं।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 2 मई 03.11 तक तत्पश्चात घनिष्ठा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
अल्ला रक्खा
सुबह : 11.00
हम आपके है कौन
रात : 08.00

**&pictures**
डबल धमाल
सुबह : 08.16
शर्मा जी नमकीन
रात : 08.00

**SONY PIX**
द डार्क नाईट
दोपहर : 12.21
वंडर वुमन
रात : 08.29

**ZEE CINEMA**
चमकू
सुबह :09.00
एच 10
रात : 09.00

**colors CINEPLEX**
प्रिंस
सुबह :09.30
दिलवाले
शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात :09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति– शादी के समय सात फेरे लेते वक्ततुमने वचन दिया था
और स्वीकार किया थाकि मेरी इज्जत करोगी, मेरी सब बात मानोगी.
पत्नी– तो क्या इतने लोगों के सामने तुमसे बहस करती
पत्नी की बात सुनकर पति हैरान रह गया।

टीचर– कल मैं सूरज पर लेक्चर दूंगी, कोई भी क्लास मिस मत करना।
चुन्नू– लेकिन मैं नहीं आ पाऊंगा मैम।
टीचर– क्यों?
चुन्नू– मेरी मम्मी इतनी दूर जाने नहीं देगी।

इलेक्शन बायस्कोप



समाजवादी पार्टी की सांसद और मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी डिम्पल यादव इन दिनों अपने संसदीय क्षेत्र मैनपुरी के मतदाताओं से एक-एक वोट पार्टी को देने की अपील कर रहीं हैं। इस दौरान क्षेत्र की जनता खासकर महिलाएं और बच्चे उनसे काफी हिल-मिल गए हैं। मंगलवार को कुछ ऐसी ही आत्मीयता कैमरे में कैद हुई। -अमृत विचार

# प्यादा बढ़ाने से पहले शह-मात पर मंथन

### कैसरगंज, रायबरेली व अमेठी में 5वें चरण में होना है चुनाव

### तीन दिनों में कराना है नामांकन 19 दिन बचे मतदान को

### कैसरगंज से ब्रजभूषण तो रायबरेली - अमेठी से प्रियंका, राहुल को लेकर संशय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** तीन दिन नामांकन खत्म होने को और मात्र 19 दिन मतदान को बचे हैं, बावजूद इसके उत्तर प्रदेश की तीन हॉट सीटों कैसरगंज, रायबरेली और अमेठी से उम्मीदवार कौन होंगे, अटकलबाजी तक ही सीमित है। ऐसा लगता है कि मौजूदा राजनीतिक बिसात पर भाजपा और कांग्रेस प्यादा बढ़ाने से पहले इन सीटों के लिए शह-मात पर मंथन कर रहे हैं।

दरअसल, लोकसभा चुनाव के लिए दो चरणों का मतदान हो चुका है। अब सात मई को होने वाले तीसरे चरण के चुनाव के लिए राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। उप्र. की अधिकांश सीटों पर एनडीए, इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है। लेकिन अब भी कुछ सीटों को लेकर रहस्य बरकरार है। इनमें कैसरगंज, अमेठी और रायबरेली सीट है।





कांग्रेस ने जहां रायबरेली, अमेठी से अब तक अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया वहीं, कैसरगंज सीट के लिए भाजपा ने अब तक उम्मीवार की सूरत उजागर नहीं की। इन सभी सीटों पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होने वाला है। 26 अप्रैल से नामांकन जारी है। तीन मई नामांकन की अंतिम तारीख है। कांग्रेस से अमेठी सीट से राहुल गांधी के उतरने की बात अभी चर्चा तक ही सीमित है। ठीक ऐसा ही रायबरेली से प्रियंका होने बात के साथ है। पहले, कहा जा रहा था कि वायनाड में मतदान तक अमेठी से राहुल की उम्मीदवारी का ऐलान रुका है। राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से प्रत्याशी हैं।

- **अधिकांश सीटों पर एनडीए, इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है**

इस सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग हो चुकी है लेकिन अब तक अमेठी से उनका नाम घोषित नहीं हुआ है। हालांकि, स्थानीय कांग्रेसी भी चाहते हैं कि अमेठी सीट से राहुल गांधी लड़ें ताकि राजनीतिक गलियारों में इन चर्चाओं पर विराम लगे कि गांधी परिवार ने उप्र. छोड़ दिया है। अमेठी के अलावा पड़ोस की रायबरेली सीट पर भी कांग्रेस का रहस्य बना हुआ है।



रायबरेली भी गांधी परिवार की परम्परागत सीट रही है। यहां से सांसद रहीं सोनिया गांधी के राज्यसभा में चले जाने से रायबरेली से उम्मीदवारी को लेकर तरह-तरह की अटकलें चल रही हैं। इस इंतजार में भाजपा भी रुकी हुई है। इस सीट से कभी प्रियंका गांधी का नाम चल रहा है तो कभी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे का नाम।

पिछले दिनों खड़गे ने यह कहकर चर्चाओं को और तेज कर दिया था कि कांग्रेस, अमेठी और रायबरेली में चौंकाने वाला नाम देगी। फिलहाल स्थानीय कांग्रेसी ही नही भाजपाई भी इस चौंकाने वाले नामों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### क्या होगा कैसरगंज में बृजभूषण का?

उधर, भाजपा का असमंजस भी कैसरगंज सीट को लेकर खत्म नहीं हुआ है। इस सीट से वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट को लेकर पिछले कई दिनों से अटकलों का बाजार गर्म है। महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों से घिरे बृजभूषण को अदालत से राहत नहीं मिली है। ऐसे में कहा जा रहा है कि भाजपा उनके परिवार के किसी शख्स या किसी करीबी को टिकट दे सकती है। हाल ही में खुद बृजभूषण ने कहा कि पार्टी ऐसा नाम घोषित करेगी जिससे सभी खुश हो जाएंगे? अब इसके बाद विपक्ष की उत्सुकता बढ़ी नजर आ रही है। बहरहाल, तीनों सीटों के चेहरे जो भी हों, नामांकन की अंतिम तारीख तीन मई ही है इसलिए अब माना जा रहा है कि आज या कल तक पार्टियों को अपना उम्मीदवार तय कर ही लेना होगा।

## पूर्व मंत्री लालजी वर्मा समेत छह प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों के लिए मंगलवार को छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमे सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री लालजी वर्मा समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इस चरण में छह मई नामांकन की अंतिम तारीख है। 25 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, आजमगढ़ व जौनपुर में एक-एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। अम्बेडकरनगर लोकसभा सीट के लिए सपा से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा ने नामांकन किया। श्रावस्ती सीट के लिए सपा से राम शिरोमणि वर्मा ने नामांकन किया।

### अपनी ढपली अपना राग



ज्यादातर सीटों पर इंडी अलायंस के उम्मीदवार जमानत भी न बचा पायेंगे। जनता ने इनकी उम्मीदों पर ताला लगा दिया है। - ब्रजेश पाठक



चंद पैसों के लिए जनता के जान को जोखिम में डालने वालों को कांग्रेस की सरकार बनते ही उनकी असली जगह पहुंचाया जाएगा। - अजय राय



हम दायरे में रहकर सही बात कह रहे हैं तो कार्रवाई की जा रही है। कभी दिन तो कभी की रात बड़ी होती है। वक्त बदलेगा तो भूलेंगे नहीं। - जियाउर्रहमान बर्क



भाजपा का लखनऊ में 5 लाख वोटों से जीतने का दावा हवा हवाई है। दावा कुछ भी किया जा सकता है। मगर इस बार लखनऊ में बीएसपी की लहर है। - सरवर मालिक

# श्रावस्ती में हो सकता है त्रिकोणीय मुकाबला

### इस बार ईवीएम में नहीं दिखेगा हाथ का पंजा

### इंडी गठबंधन के तहत सपा के खाते में आई है सीट

### भाजपा, सपा व बसपा के बीच कड़ी टक्कर की संभावना

लालजी सिंह, बलरामपुर

**अमृत विचार:** श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार के रण में ईवीएम से कांग्रेस का चुनाव निशान हाथ का पंजा गायब रहेगा। भाजपा, सपा तथा बसपा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है। अंतिम समय में बसपा से भिनगा के हाजी दद्दन खां ने संभावित बसपा प्रत्याशी के रूप में पर्चा खरीद कर हाथी का महावत बनने का संकेत तो दे दिया है लेकिन अभी पार्टी ने उनके नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

बताते चलें कि वर्ष 2008 के परिसीमन में श्रावस्ती लोकसभा अस्तित्व में आई इस लोकसभा में श्रावस्ती जनपद की दो तथा बलरामपुर जनपद की तीन विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। 2009 से लेकर 2019 तक के चुनाव में यहां पर बसपा ने मजबूत दस्तक दी और 2019 में सपा के साथ गठबंधन कर इस सीट पर जीत का परचम भी लहराया। वर्तमान समय में सपा के निवर्तमान सांसद राम शिरोमणि वर्मा हाथी से उतरकर साइकिल पर सवार हो चुके हैं। बसपा ने उन्हें पहले ही पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप लगाकर बाहर कर दिया था।

इस बार भाजपा ने श्रावस्ती लोकसभा सीट पर नए चेहरे साकेत मिश्रा को चुनाव मैदान में उतारा है। वर्ष 2019 में मामूली मतों से चुनाव हारने वाले भाजपा प्रत्याशी दद्दन मिश्रा भी टिकट की रेस में शामिल थे। साकेत मिश्रा को टिकट मिलने के कारण वह इस समय अमेठी में जाकर स्मृति ईरानी का प्रचार कर रहे हैं। उनके समर्थक पहले तो साकेत मिश्रा के खिलाफ मुखर हुए लेकिन धीरे-धीरे चुप्पी साध ली। कांग्रेस और सपा गठबंधन के तहत यह सीट सपा के पास है। यादव तथा मुस्लिम मतदाताओं के साथ-साथ कुर्मी वोटों को साधने के लिए सपा ने नया दांव खेला है।



साकेत मिश्रा



राम शिरोमणि वर्मा



सपा ने बसपा के निवर्तमान सांसद राम शिरोमणि वर्मा को ही सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतार दिया है। पुराने सपाई धीरे-धीरे राम शिरोमणि वर्मा के साथ चुनाव में उतर चुके हैं। राम शिरोमणि वर्मा को इस बार जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान जहीर तथा जिले में सपा के संस्थापक रहे स्वर्गीय डॉक्टर एसपी यादव की कमी जरूर खलेगी।

पिछले चुनाव में मामूली अंतर से सीट गंवा चुकी भाजपा इस बार पूरे दमखम के साथ मैदान में उतर चुकी है। पार्टी के नेता व पदाधिकारी लगातार कार्यकर्ता सम्मेलन व नुक्कड़ सभा कर लोगों से समर्थन मांग रहे हैं। पिछले चुनाव में श्रावस्ती सीट से जीत का स्वाद चख चुकी बसपा अभी तक असमंजस में है। पार्टी ने अभी तक आधिकारिक रूप से इस सीट पर अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। हां यह जरूर है कि भिनगा से वर्ष 2022 में बसपा के टिकट से विधानसभा चुनाव लड़ चुके हाजी दद्दन खां ने बसपा के संभावित उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र खरीदा है। अब देखना यह है कि वर्ष 2009, 2014 और 2019 में लगातार बेहतर प्रदर्शन करने वाली बसपा को इस बार क्या हासिल होगा। पार्टी के पदाधिकारी भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। बसपा ने यदि इस बार मजबूत उम्मीदवार उतारा तो श्रावस्ती सीट का मुकाबला दिलचस्प हो सकता है। सभी की निगाहें बसपा के अगले कदम पर टिकी हुई है।

### वर्ष 2009 और 2014 में बसपा ने बिगाड़ा था सपा का खेल

श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में वर्ष 2009 तथा वर्ष 2014 में बसपा ने सपा का खेल बिगाड़ दिया था। वर्ष 2009 में बसपा से लोकसभा चुनाव लड़ चुके पूर्व सांसद के रिजवान जहीर ने 1,59,527 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहते हुए सपा का खेल बिगाड़ दिया था। इसी तरह वर्ष 2014 के चुनाव में सपा उम्मीदवार माफिया अतीक अहमद का खेल बसपा प्रत्याशी लाल जी वर्मा ने बिगाड़ दिया था। लाल जी वर्मा को इस चुनाव में 1,94,827 वोट मिले थे और वह भी तीसरे स्थान पर रहे थे। वर्ष 2019 में इस सीट पर बसपा ने सपा से गठबंधन कर जीत हासिल की थी। बसपा उम्मीदवार राम शिरोमणि वर्मा को 4,41,505 वोट मिले थे और उन्होंने भाजपा के दद्दन मिश्रा को मात्र 5320 मतों से हराया था।

## चुनावी चक्कर

- **कुछ प्रत्याशी ऐसे भी होते हैं...**

कभी-कभी चुनाव में प्रत्याशी ही ऐसा होता है कि वह जीते या हारे लेकिन लोगों के लिए प्रेरणा और आकर्षण का केन्द्र अवश्य बन जाता है। कुछ ऐसे ही एक प्रत्याशी फतेहपुर सीकरी लोकसभा से रामनाथ सिकरवार हैं। साइकिल पर सवार होकर नामांकन दाखिल करने वाले रामनाथ सिकरवार पूर्व फौजी हैं और लोग उन्हें फौजी बाबा के नाम से जानते हैं। दिलचस्प यह है कि सिकरवार अपने साथ जहां कहीं कहीं भी चुनाव प्रचार को जाते हैं, अपने खाने का जुगाड़ साथ लेकर चलते हैं और भूख लगने पर खुद खाना भी बना लेते हैं। रामनाथ सिकरवार वर्ष 2004 में सेना से रिटायर होने के बाद से समाजसेवा में जुट गए। उन्होंने लक्ष्मण सेना नामक संगठन बनाकर किसान, मजदूरों की समस्याओं के लिए संघर्ष किया। वह जिला पंचायत सदस्य भी रहे। युवाओं में रामनाथ की खासी लोकप्रियता है। इससे पहले उन्होंने खैरागढ़ से विधानसभा का चुनाव लड़ा था, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। वह चुनाव हारने के बाद भी क्षेत्र में काम करते रहे हैं और उनके जुझारूपन और कर्मठता जैसी खूबियों को देखते हुए ही कांग्रेस ने उन्हें प्रत्याशी बना दिया। वह आज भी खैरागढ़ के एक मंदिर परिसर में बने आश्रम में रहते हैं। उनकी सादगी और कार्यशैली ऐसी है कि उसको देखने के बाद हर कोई आकर्षित हुए बिना नहीं रह सकता।

# कमलेश का चौका रोकने की घेराबंदी में जुटा इंडी गठबंधन

### बांसगांव लोस क्षेत्र की पांचों विस सीटों पर भाजपा का कब्जा

### गठबंधन प्रत्याशी को दो बार पटखनी दे चुके हैं कमलेश

इंद्रभूषण दुबे, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोरखपुर की चर्चित बांसगांव लोकसभा सीट का चुनाव इस बार काफी रोचक होगा। जहां वर्तमान भाजपा सांसद चौथी बार जीत दर्ज करने के लिए जुट गए हैं। वहीं, इंडी गठबंधन कमलेश के चौके को रोकने के लिए पूरी जुगत लगाए हुए है। हालांकि गठबंधन प्रत्याशी सदल प्रसाद को दो बार पटखनी दे चुके हैं। वहीं बसपा के प्रत्याशी व पूर्व आयकर आयुक्त डॉ. रामसमुझ के सामने खाता खोलने की चुनौती है। अगर सीट की पांचों विधानसभा की बात करें तो सभी भाजपा के खाते में हैं।

बांसगांव लोकसभा सीट गोरखपुर की दूसरी महत्वपूर्ण सीट है। कभी इस सीट से वरिष्ठ कांग्रेस नेता व केंद्रीय मंत्री स्व. महाबीर प्रसाद चार बार सांसद रहे। उनकी केंद्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण दखल रहती थी। वह गांधी परिवार के करीबी माने जाते थे। राम मंदिर आंदोलन के दौरान यह सीट कांग्रेस से हाथ से निकल गई।

हालांकि महाबीर प्रसाद ने दोबारा इसे वापस हासिल कर लिया था। लेकिन जब इस सीट पर सीधा दखल गोरक्षपीठ का सीधा हुआ तो भगवा का रंग चटख होता गया। पहली बार 2009 में कमलेश पासवान व गोरक्षपीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहमति के बाद ही भाजपा के प्रत्याशी बने थे। इसके बाद इनका विजय रथ आज तक नहीं रूका। वहीं इसकी एक प्रमुख विधानसभा बांसगांव पर भी कमलेश के छोटे भाई डॉक्टर विमलेश पासवान का कब्जा है। वह दो बार से विधायक हैं।



कमलेश पासवान



सदल प्रसाद



डॉ. राम समुझ

### बांसगांव से भाजपा छह व कांग्रेस सात बार जीती

बांसगांव लोकसभा के मतदाताओं ने कांग्रेस को सात व भाजपा को छह बार नेतृत्व करने का मौका दिया। 1957 में हुए पहले चुनाव में कांग्रेस के महादेव प्रसाद विजयी हुए। इसके बाद जनता ने 1962 में दोबारा लोकसभा में भेजा। वहीं 1971 रामसूरत प्रसाद को सांसद चुना गया। कांग्रेस के महाबीर प्रसाद चार बार, 1980, 1984, 1989 और फिर 2004 में सांसद बने। जबकि भाजपा के सिर पहली बार राम लहर में जीत का सेहरा 1991 में बंधा। राजनारायण पासी को यहां से सांसद चुना गया। हालांकि उनको वर्तमान सांसद कमलेश पासवान की मां सुभावती पासवान ने 1996 में हरा दिया। वहीं, दो साल बाद 1998 में हुए चुनाव में भाजपा ने सीट वापस हासिल कर ली। राजनारायण 2004 तक सांसद रहे। 2004 में पूर्व केंद्रीय मंत्री महाबीर प्रसाद से चुनाव हार गये। 2009 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सहमति के बाद मानीराम के विधायक रहे कमलेश पासवान को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया। इसके बाद व कमलेश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पिछले तीन चुनाव में लगातार जीत दर्ज करने के साथ ही अंतर भी बढ़ाते जा रहे हैं। इस सीट पर 1967 में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के मोहलू प्रसाद और 1977 में जनता पार्टी के फिरंगी प्रसाद विशारद सांसद बने।

### जातीय समीकरण

वर्ष 20211 की जनगणना के मुताबिक यहां अनुसूचित जाति की आबादी 28 फीसद, अनुसूचित जनजाति 1 फीसद, मुस्लिम 6.39 फीसद है, यहां निषाद वोटर करीब डेढ़ से दो लाख के बीच हैं, यादव वोटर भी अच्छी तादाद में हैं, बांसगांव लोकसभा सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 21,96,918 है। सवर्ण- 5 लाख, ओबीसी- 8.34 लाख, दलित- 2.50 लाख, मुस्लिम 1.50 लाख मतदाता हैं।

### कमलेश को पिता से मिली राजनीतिक पहचान

भाजपा प्रत्याशी कमलेश पासवान को राजनीतिक पहचान उनके बाहुबली पिता स्वर्गीय ओम प्रकाश पासवान के रूप में मिली है, ओम प्रकाश गोरखपुर की तत्कालीन मानीराम विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रहे, वह लखनऊ गेस्ट हाउस कांड के मुख्य आरोपी थे, इलाके में दबंग और बहुबली के रूप में पहचान बनाने वाले मानीराम के पूर्व विधायक ओम प्रकाश पासवान की हत्या बांसगांव में बम मारकर हो गई थी। पिता की हत्या के बाद बीजेपी सांसद कमलेश पासवान की मां सुभावती पासवान (1996) में समाजवादी पार्टी (सपा) से बांसगांव सुरक्षित सीट से सांसद बनी।

### चौथी बार मैदान में हैं कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद

बसपा सरकार में मंत्री रहे सदल प्रसाद हाल ही में बसपा का साथ छोड़ कांग्रेस में शामिल हो गए और इंडी गठबंधन से प्रत्याशी हैं, बांसगांव लोकसभा सीट पर कांग्रेस का अच्छी खासा जनाधार भी है। यूं तो कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद चौथी बार बांसगांव लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे लेकिन इस बार उनकी पार्टी बदली हुई है। वर्ष 2004, वर्ष 2014 और वर्ष 2019 के चुनाव में वह दूसरे स्थान पर रहे थे। वर्ष 2004 में बसपा के टिकट पर सदल प्रसाद पहली बार चुनाव में उतरे थे।

### सेवानिवृति लेकर राजनीति में डॉ. राम समुझ

बहुजन समाज पार्टी ने पूर्व आयकर आयुक्त डॉ. राम समुझ को बांसगांव (सुरक्षित) लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। डॉ राम समुझ ने दिसम्बर 2008 में दिल्ली से आयकर आयुक्त पद से स्वैच्छिक सेवानिवृति लेकर राजनीति में कदम रखा। पहले उन्होंने भाजपा ज्वाइन किया। 2009 में वे बांसगांव लोकसभा से तैयारी कर रहे थे, लेकिन टिकट नहीं मिला। फिर वे बसपा में चले गए और 2012 में खजनी विधानसभा से बसपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े, हालांकि वे चुनाव हार गए।

### कमलेश के सामने अंतर बढ़ाने की चुनौती

तीन बार से भाजपा के सांसद चुने जा रहे कमलेश पासवान के सामने इस बार के चुनाव में जीत का अंतर बढ़ाने की चुनौती है। 2014 और 2019 का चुनाव कमलेश के लिए आसान रहा। 2014 में कमलेश ने तत्कालीन बसपा के प्रत्याशी व वर्तमान में इंडी गठबंधन के सदल प्रसाद को 1,89,516 मतों और 2019 में 1,53,468 मतों से शिकस्त दी।

### पांचों विधायक भाजपा के

बांसगांव लोकसभा सीट के तहत 5 विधानसभा सीटें आती हैं, जिसमें 3 सीटें (चौरी-चौरा, बांसगांव और चिल्लूपार सीट) गोरखपुर क्षेत्र की हैं तो देवरिया क्षेत्र की 2 सीटें (रुद्रपुर और बरहज सीट) शामिल हैं। इसमें बांसगांव विधानसभा सीट भी अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व है, यहां की सभी पांचों सीटों पर 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को जीत मिली थी। एक सीट बांसगांव से सांसद के छोटे भाई डॉ. विमलेश पासवान विधायक हैं।

### बांसगांव: 2019 के चुनाव का लेखा जोखा






| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| कमलेश पासवान | 546,673 |
| सदल प्रसाद | 3,93,205 |
| सुरेंद्र प्रसाद भारती | 8,717 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कमलेश पासवान | 4,17,959 |
| बसपा | सदल प्रसाद | 2,28,443 |
| सपा | गोरख प्रसाद पासवान | 1,33,675 |
| कांग्रेस | संजय कुमार | 50,675 |






### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1957 व 62 | महादेव प्रसाद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | मोहलू प्रसाद | संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी |
| 1971 | राम सूरत प्रसाद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | विशारद फिरंगी प्रसाद | जनता पार्टी |
| 1980,84 व 89 | महाबीर प्रसाद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 | राज नारायण पासी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | सुभावती पासवान | समाजवादी पार्टी |
| 1998 व 99 | राज नारायण पासी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | महाबीर प्रसाद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |

| 2014 नोटा | 2019 नोटा |
|---|---|
| 13,495 | 14,093 |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कमलेश पासवान | 2,23,011 |
| बसपा | श्री नाथ जी | 1,70,224 |
| सपा | शारदा देवी | 1,13,170 |
| कांग्रेस | महाबीर प्रसाद | 76,432 |

### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 18,06,641 |
| पुरुष | - 9,60,879 |
| महिला | - 8,45,674 |
| अन्य | - 88 |





# गोवा में मैच फिर टाई होने का डर

## भाजपा राज्य में दोबारा दोहराना चाहती 2014 वाला परिणाम, पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस का स्कोर 1-1 था

मनोज त्रिपाठी

गोवा में लोकसभा की दो सीटें गोवा उत्तर और दक्षिण हैं। राज्य में एक ही चरण में सात मई को दोनों सीटों के लिए मतदान होगा। इन दोनों ही सीटों के चुनावी समीकरण अलग-अलग हैं। एक सीट भाजपा का गढ़ है तो दूसरी पर कांग्रेस का वर्चस्व नजर आता है। गोवा उत्तरी लोकसभा सीट पर अब तक 14 बार चुनाव हुए हैं, जिनमें से पांच बार भाजपा, पांच बार कांग्रेस और चार बार गोमांतक पार्टी ने जीत हासिल की है। लेकिन दक्षिण गोवा लोकसभा सीट भाजपा 1962 के बाद से केवल दो बार जीत पाई है। भाजपा ने दक्षिण गोवा सीट पर 1999 और 2014 में जीत हासिल की थी। पिछले लोकसभा चुनाव में गोवा में कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला हुआ था। अभी गोवा में प्रमोद सावंत के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। राज्य में 40 विधानसभा सीटें, दो लोकसभा सीटें और एक राज्य सभा की सीट है। 2019 के लोकसभा चुनाव में गोवा उत्तर सीट से भाजपा के श्रीपद नाईक और गोवा दक्षिण सीट से कांग्रेस के फ्रांसिस्को सार्डिन्हा ने विजय पताका फहराई थी। इस बार भी राज्य की दोनों सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला है, जिसमें कांग्रेस आम आदमी पार्टी और शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट का साथ मिलने से जीत की राह तलाश रही है।

वोट शेयर 2014 चुनाव




वोट शेयर 2019 चुनाव




### 2019 का चुनाव परिणाम

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | 01 | 3,66,158 |
| भाजपा | 01 | 4,36,650 |
| अन्य | 00 | 50,395 |

### 2014 में कितनी सीटें, कितने वोट

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 02 | 4,36,679 |
| कांग्रेस | 00 | 2,98,750 |
| अन्य | 00 | 81,571 |

## दिग्गज श्रीपद नईक को स्थानीय मुद्दों से विरोधी मतों के उभरने का खतरा



गोवा उत्तर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के श्रीपद येसो नाईक चार बार से सांसद चुने जा रहे हैं। वह 2004 से लेकर 2019 तक लगातार इस सीट पर जीत हासिल कर चुके हैं। हालांकि इससे पहले जब इस सीट को पणजी लोकसभा के नाम से माना जाता था, तब भी 1999 में वह जीते थे। उनके ही कारण उत्तरी गोवा में भाजपा का दबदबा साफ नजर आता है। इसी के चलते केंद्र की मोदी सरकार ने उन्हें आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का पद दिया है। इससे पहले वह रक्षा राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। साल 2019 में श्रीपद नाईक को कुल 2,44,844 वोट मिले थे। उनके मुकाबले में मैदान में उतरे कांग्रेस उम्मीदवार गिरीश राय चंदोणकर को 1,64,597 वोट हासिल हुए थे। इस सीट पर मतदाताओं की संख्या करीब छह लाख है। भाजपा ने एक बार फिर श्रीपद नाईक पर भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले के लिए कांग्रेस ने इस बार गोवा उत्तर से पूर्व कानून मंत्री रमाकांत खलप को मौका दिया है, जबकि रिवोल्यूशनरी गोवन्स पार्टी से मनोज परब किस्मत आजमा रही है। इस लोकसभा क्षेत्र में हिंदू आबादी ज्यादा है और श्रीपद नाईक ओबीसी वर्ग के सबसे बड़े नेता गिने जाते हैं। वह गोवा के विकास के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं और केंद्र की कल्याणकारी योजनाएं गिना रहे हैं। इसके विपरीत कांग्रेस के रमाकांत खलप चुनाव को स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित करते हुए रोजगार, महादेयी नदी के पानी के बंटवारे जैसी बातों को चर्चा में ला रहे हैं। जानकार यहां एक बार फिर श्रीपद नाईक की जीत की संभावनाएं प्रबल बताते हैं, लेकिन लगातार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के कारण उनके विरुद्ध लोगों के एक वर्ग में नाराजगी के मद्धम स्वर भी हैं।

## भाजपा की धमाकेदार प्रत्याशी पल्लवी को ईसाई नहीं होना पड़ सकता है भारी



भाजपा ने 1962 के बाद से केवल दो बार दक्षिण गोवा लोकसभा सीटी जीती है। इस सीट पर भाजपा को 1999 और 2014 के चुनाव में सफलता मिली थी। इस बार पार्टी ने यहां से उद्यमी पल्लवी डेम्पो को उतार कर चौंका दिया है। वह डेम्पो ग्रुप के अध्यक्ष श्रीनिवास की पत्नी हैं। पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। यही वजह रही कि बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में उन्होंने लिखा हुआ भाषण पढ़ा था। पल्लवी 1400 करोड़ की संपत्ति की मालकिन हैं। लेकिन उनका नकरात्म पहलू यह है कि वह ईसाई नहीं है, जबकि इस लोकसभा क्षेत्र में ईसाई मतदाता ज्यादा हैं। हालांकि पल्ली को जिताने के लिए भाजपा ने पूरी ताक झोंक रखी है। मोदी जहां तीन माह में दो बार सभा कर चुके हैं, वहीं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी रैली कर चुके हैं। गोवा दक्षिण सीट से कांग्रेस के फ्रांसिस्को सरदिन्हा वर्तमान में सांसद हैं। लेकिन कांग्रेस ने उनके स्थान पर विरयातो फर्नांडिस को मैदान में उतारा है। वह नेवी में कैप्टन रह चुके हैं। पर्यावरण प्रेमी हैं और सरकार के खिलाफ आंदोलनों में आगे रहते आए हैं। हालांकि 2002 में विधानसबा चुनाव हार गए थे। विरयातो इस चुनाव को मनी और पॉवर के साथ संघर्ष बता रहे हैं। रिवोल्यूशनरी गोवन्स पार्टी ने यहां रुबर्ट परेरा को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी गोवा, गोवा के लोगों के लिए मुद्दा उठाकर क्षेत्रीयता का ज्वार तेज करने में जुटी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में फ्रांसिस्को 2,01,561 वोट हासिल करके विजयी हुए थे। उनके मुकाबले में उतरे भाजपा के नरेंद्र सवाईकर को 1,91,806 वोट मिले थे। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नरेंद्र सवाईकर ने दक्षिण गोवा लोकसभा सीट जीती थी, तब उन्होंने कांग्रेस के एलेक्सो रेना को हराया था। यहां 6,22,403 मतदाताओं हैं, जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से करीब 20 हजार ज्यादा है। गोवा दक्षिण लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली 20 विधान सभा सीटों में 12 भाजपा के पास हैं।

### पर्यटन से चलती यहां की अर्थव्यवस्था, प्रति व्यक्ति आय में देश भर में अव्वल

गोवा क्षेत्रफल के लिहाज से भारत का सबसे छोटा राज्य है, लेकिन सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। जनसंख्या के हिसाब से यह चौथा सबसे छोटा राज्य है। हालांकि गोवा में प्रति व्यक्ति आय देश में सबसे ज़्यादा है। राज्य में लगभग 60 फीसदी आबादी हिंदू और 28 फीसदी ईसाई है। यह राज्य अपनी बांस शिल्पकला के लिए मशहूर है। गोवा का एक तिहाई से ज़्यादा हिस्सा जंगलों से घिरा है। यहां प्राकृतिक दृश्यों, आकर्षक समुद्र तट, हरे-भरे सौंदर्य की भरमार है। दुनिया भर से पर्यटक यहां समुद्र तटीय सुंदरता और प्राकृतिक आकर्षण का आनंद लेने के लिए यहां आते हैं। राज्य की अर्थव्यवस्था पर्यटन से ही चलती है। यहां दुनिया भर के प्रसिद्ध कैसीनो हैं और करीब 7,000 बार संचालित होते हैं।

# खंडवा में लहर भगवा जीत तलाश रही कांग्रेस

चुनाव डेस्क



ज्ञानेश्वर पाटिल।

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश की खंडवा लोकसभा सीट कभी कांग्रेस का गढ़ थी, लेकिन इस गढ़ पर 1996 में भाजपा ने कब्जा कर जमाया तो 2004 तक इस सीट पर भगवा ध्वज लहराता रहा। 2008 में परिसमीन के बाद 2009 में जब चुनाव हुआ तो यह सीट कांग्रेस के खाते में चली गई पर 2014 की मोदी लहर में कांग्रेस का झंडा यहां से उखड़ गया फिर लहरा नहीं पाया। कांग्रेस ने 2019 में भी कांग्रेस ने खूब प्रयास किए पर सफल नहीं हुई। जब 2021 में उप चुनाव हुआ तो कांग्रेस को उम्मीद थी कि वह फिर इस सीट पर जीत दर्ज कर लेगी लेकिन पार्टी की आंतरिक कलह का परिणाम रहा कि पार्टी को यहां फिर हार का सामना करना पड़ा। इस बार 13 मई को इस सीट पर चुनाव होना है। भाजपा ने फिर चक्रव्यूह रच दिया है। अब देखना यह है कि कांग्रेस के रणनीतिकार इसे तोड़ पाते हैं या नहीं।

**सीधे मुकाबले में रहती कांग्रेस:** कांग्रेस और भाजपा के बीच ही इस सीट पर मुकाबला होता है, लेकिन इस बार कांग्रेस के लिए लड़ाई आसान नहीं दिख रही है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने आठ में से सात सीटों पर कब्जा किया था। ऐसे में भाजपा को यह उम्मीद है कि मतदाता इस चुनाव में भी उसके साथ रहेंगे। यही वजह है कि मोदी की गारंटी का खूब प्रचार किया जा रहा है। कांग्रेस उम्मीदवार बेरोजगारी, गरीबी का मुद्दा उठा रहे हैं बताने में लगे हैं कि भाजपा पुनः सत्ता में आई तो संविधान बदलकर आरक्षण खत्म कर देगी।

### ज्ञानेश्वर पाटिल पर भाजपा ने जताया विश्वास

- 2021 के उप चुनाव में इस सीट से जीते ज्ञानेश्वर पाटिल पर को भाजपा ने दोबारा मौका दिया है। जबकि कांग्रेस ने गुर्जर समाज के नरेंद्र पटेल पर विश्वास जताया है। नरेंद्र पटेल कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अरुण यादव के खास हैं। अरुण यादव को पार्टीइस सीट पर मौका देना चाहती थी लेकिन उन्होंने ही नरेंद्र पटेल का नाम आगे बढ़ाया। नरेंद्र के काका ताराचंद पटेल सांसद और विधायक रह चुके हैं।

**1996** से लगातार जीत रही भाजपा को 2009 में लगा था झटका

**2014** ,2019 और 2021 के उप चुनाव में भी लहराया भगवा

### राम लहर में पहली बार खिला था कमल

- इस सीट पर पहली बार 1952 में लोकसभा चुनाव हुआ था तब कांग्रेस यहां से जीती थी। पार्टी लगातार पांच चुनावों में यहां से जीती लेकिन 1977 यहां के मतदाताओं ने हाथ का साथ छोड़ दिया था और जनता पार्टी को अपना लिया था। 1979 में जब इस सीट पर उप चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने इसे जीतने के लिए जबरदत प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुई। जनता पार्टी ने कुशाभाऊ ठाकरे को मैदान में उतारकर कांग्रेस की रणनीति को फेल कर दिया था। हालांकि जब 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने इस सीट पर फिर से कब्जा कर लिया। 1984 में भी कांग्रेस यहां से जीती लेकिन 1989 की राम मंदिर लहर में भाजपा की बयार में यहां के मतदाता बह गए और उन्होंने पार्टी के उम्मीदवार को सिर माथे पर बैठा लिया, लेकिन यह लहर बहुत दिन तक नहीं रही। जब 1991 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने इस सीट को जीत लिया और भाजपा की रणनीति धरी की धरी रह गई। 1996 में भाजपा को नंद कुमार सिंह चौहान जैसा मजबूत सिपहसालार मिला जिसने इस सीट को न सिर्फ भाजपा की झोली में डाला बल्कि अपने काम के दम पर वे लगातार यहां से चार बार जीते। 2009 में आंतरिक कलह के कारण भाजपा यह सीट हारी पर 2014 और 2019 में नंद कुमार सिंह फिर सांसद बने। उनके निधन पर उप चुनाव हुआ तो भाजपा ने आसानी से सीट जीत लिया।



**जीत की कामना** नई दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसंपर्क कर रहीं हैं। मंगलवार को उन्होंने हवन- पूजन किया।

# अब तक के चुनाव में देश मोदी सरकार के साथ: योगी

बहरामपुर/सूरी/आसनसोल

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां दावा किया कि अब तक 191 लोकसभा सीटों पर हुए मतदान से साफ संकेत हैं कि नरेन्द्र मोदी सरकार को भारी बहुमत से तीसरा कार्यकाल मिलने जा रहा है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 सीटें मिलेंगी। इसमें यूपी अपने हिस्से की सभी 80 सीटों का उपहार भेंट करेगा।

बहरामपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी निर्मल कुमार साहा के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, 'अब तक 191 सीटों पर हुए मतदान से राजग को 400 सीटों के साथ मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का स्पष्ट संकेत सामने आया है।'



पश्चिम बंगाल के बीरभूम में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जोश भरते यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आदित्यनाथ ने यह आश्वासन भी दिया कि संदेशखालि में हुए अपराध और रामनवमी उत्सव के दौरान हुई झड़पों के जिम्मेदार लोगों को भाजपा कानून के दायरे में लाएगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, अगर ऐसी घटनाएं उनके प्रदेश में होतीं, तो अपराधियों को ऐसा सबक सिखाता कि उनकी अगली सात पीढ़ियां ऐसा कुछ करने के बारे में सोचने की हिम्मत भी नहीं कर पातीं। उन्होंने कहा कि रामनवमी के मौके पर अयोध्या में बिना किसी घटना के सैकड़ों रैलियां निकाली गईं। आज पश्चिम बंगाल को उत्तर प्रदेश जैसे मॉडल की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल अब पहले जैसा 'सोनार बांग्ला' (समृद्ध राज्य) नहीं रहा और राज्य विकास से दूर जा रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि उन्हें दुख होता है कि जिस पश्चिम बंगाल में कई राष्ट्रवादी नेताओं और महान हस्तियों का जन्म हुआ, उसे कांग्रेस, कम्युनिस्टों और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बर्बाद कर दिया। उन्होंने दावा किया कि अगर राज्य के लोग संकट में हों तो न तो राहुल गांधी और न ही कांग्रेस या टीएमसी का कोई अन्य नेता उनकी मदद के लिए आएगा। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि दीदी का स्नेह उन माफिया के प्रति है जो बंगाल को लूट रहे हैं।

# डेलकर परिवार के सहारे दादरा नगर में अब भाजपा

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली की लोकसभा सीट पर चुनाव के लिए सात मई को वोट पड़ेंगे। दादरा और नगर हवेली लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इस सीट से मौजूदा सांसद और भाजपा उम्मीदवार कलाबेन डेलकर के खिलाफ कांग्रेस से अजीत रामजीभाई महला मुकाबले में आगे आने की जी तोड़ कोशिश कर रहे हैं, जबकि सुश्री डेलकर के पुत्र अभिनव अपनी मां को एक बार फिर संसद में पहुंचाने के लिए प्रचार में दिन-रात एक किए हैं। दादरा नगर हवेली में भाजपा को अभी तक डेलकर परिवार से ही चुनौती मिलती रही है। सुश्री डेलकर ने पति और सीट से सात बार के सांसद मोहन डेलकर के निधन के बाद 2021 के उपचुनाव में शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के टिकट पर यहां से 51,269 मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की थी। भाजपा प्रत्याशी महेश गावित को हराया था। कलाबेन डेलकर पिछले दिनों भाजपा में शामिल हो गई थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में दादरा नगर हवेली सीट पर स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में मोहनभाई सांजीभाई डेलकर ने 90,421 वोट हासिल करके भाजपा के नटूभाई गोमनभाई पटेल को शिकस्त दी थी। भाजपा के नटूभाई गोमनभाई पटेल को 81,420 और कांग्रेस के प्रभु रत्नभाई टोकिया को 8,608 वोट मिले थे।

2014 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच ही मुख्य टक्कर देखी गई थी। भाजपा से चुनाव लड़े नटूभाई पटेल को 80,790 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के मोहनभाई डेलकर 74,576 वोट पाकर हार गए थे।

# राजस्थान के रण में भाजपा कर रही क्लीन स्वीप का दावा

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** राजस्थान में दो चरणों में लोकसभा की सभी 25 सीटों पर वोट डाले जाने के बाद अब भाजपा और कांग्रेस के चुनावी रणनीतिकार और संगठन के बड़े नेता जीत-हार का हिसाब-किताब लगाने में व्यस्त हैं। इसके लिए प्रत्याशियों के साथ बूथ स्तर तक के आंकड़ों का फीड बैक लिया गया है। हालांकि मतदान के बाद भाजपा राज्य में एक बार फिर क्लीन स्वीप करते हुए सभी 25 सीटें जीतने का दावा कर रही है, वहीं कांग्रेस नेता एक दर्जन सीटों पर टक्कर देने के साथ चार से पांच सीटें हाथ में आने की बात कह रहे हैं। लेकिन राजनीतिक जानकारों के अनुसार अंदरखाने भाजपा को अधिकतम दो सीटों का नुकसान होने का आकलन लगाया जा रहा है, वहीं कांग्रेस के लिए तीन से चार सीटों पर जीत का अवसर है। ऐसे में परिणाम के लिए चार जून तक का इंतजार बहुत लंबा और बेचैनी बढ़ाने वाला नजर आ रहा है। राजस्थान में दूसरे और अंतिम चरण में रविवार को 13 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ था। इससे पहले 12 सीटों पर वोट डाले गए थे। 2019 के मुकाबले राज्य में इस बार 4.55 फीसदी कम वोट पड़े हैं। लेकिन इसमें भी तथ्य यह है कि केवल 22 सीटों पर मतदान प्रतिशत घटा है। तीन सीटों पर मतदान प्रतिशत में इजाफा दर्ज किया गया है। बारमेड़, बांसवारा और कोटा लोकसभा सीट पर इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ा है। हालांकि इसकी वजह इन सीटों पर खड़े भाजपा-कांग्रेस के उम्मीदवार माने जा रहे हैं, जिनमें कड़ी प्रतिद्वंदिता देखने में आयी है।



- भाजपा नेताओं का दावा पार्टी क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक लगाएगी पूरा होगा 400 पार का लक्ष्य
- जिन सीटों पर भाजपा मान रही थोड़ी टक्कर, कांग्रेस नेताओं को वहां दिख रहा जीत का अवसर
- अटकलों का बाजार, विश्लेषकों का आकलन करीब पांच फीसदी कम मतदान से घटेगा जीत का अंतर

माना जा रहा है कि पिछले दो चुनाव में जिस तरह एकतरफा हवा बह रही थी, वैसा माहौल इस बार अनेक सीटों पर नहीं दिखा। 5 से 7 सीटों पर मुकाबला कड़ा नजर आया है। इसके चलते इस बार भाजपा का कम से कम आधा दर्जन सीटों पर जीत का अंतर घटने की संभावना जताई जा रही है। पिछले दो लोकसभा चुनाव में राज्य की 25 में से 21 सीटों पर भाजपा का जीत का अंतर काफी रहा था। भाजपा की जिन डेढ़ दर्जन सीटों पर जीत तय मानी जा रही हैं, उनमें जयपुर, जोधपुर, अजमेर, पाली, जालोर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, कोटा, झालावाड़, बीकानेर, गंगानगर, अलवर, भरतपुर, जयपुर ग्रामीण शामिल है. वहीं,कांग्रेस की झोली चूरू, झुंझुनू,सीकर,करोली, दौसा, नागौर सीट को गिना जा रहा है। उधर, कांग्रेस दौसा, सवाई माधोपुर, झुंझुनू, कोटा, भरतपुर, सीकर, जयपुर ग्रामीण सीटों पर अपनी बढ़त मानते हुए दावा कर रही है कि इनमें से कम से कम चार-पांच सीटें वह जीत सकती है। इसके मुकाबले भाजपा नेता तर्क देते हुए कह रहे हैं कि कांग्रेस कार्यकर्ता उदासीन रहे और वोट डलवाने नहीं निकले, भाजपा कार्यकर्ताओं ने वोट डलवाए हैं। राज्य की बाड़मेर -जैसलमेर लोकसभा सीट पर कांग्रेस के उम्मेदाराम व निर्दलीय रविंद्र सिंह में टक्कर बताई जा रही है। यहां तमाम लोग भाजपा के कैलाश चौधरी को त्रिकोणीय संघर्ष में पिछड़ता मान रहे हैं। इसी तरह टोंक-सवाई माधोपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा और दो बार से सांसद भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट टोंक विधानसभा सीट से ही विधायक हैं, जिसका फायदा कांग्रेस को मिला है। ऐसे ही पिछले दो चुनावों में दौसा, करौली-धौलपुर तथा टोंक-सवाई माधोपुर में भाजपा की जीत का अंतर ज्यादा नहीं था। दो सीटों पर एक लाख से भी कम था। इस बार भी यहां के मतदाता ने चुनाव को लेकर कोई उत्सुकता नहीं दिखाई है। मीणा और दलित बाहुल्य करौली-धौलपुर सीट पर दोनों समाजों ने खास रुचि नहीं दिखाई। दौसा में कांग्रेस ने दौसा से विधायक मुरारीलाल मीणा को उतारा था। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री किरोड़ी मीणा ने भाजपा प्रत्याशी बस्सी से पूर्व विधायक कन्हैया लाल मीणा के लिए प्रचार किया।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 985 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
**रामपुर :** शिवालिक-985 फ्लैग- 1100 डीएमओ-880 बोल्ड-1155

## लखनऊ मंडी

गेहूं( आरआर 21) 2360-2800, गेहूं ( के 65 ) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूँग दाल 10500-11000, मूँग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000, दाल स्पेशल 13000-14000

### म्यूचुअल फंड में संदिग्ध लेनदेन रोकने को संस्थागत व्यवस्था का गठन हो: सेबी

**नई दिल्ली।** सेबी के निदेशक मंडल ने म्यूचुअल फंड को संचालित करने वाले मानदंडों में मंगलवार को संशोधन किया। इसके तहत परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) को संभावित बाजार दुरुपयोग रोकने के लिए संस्थागत व्यवस्था बनाने का फैसला किया गया है। यह व्यवस्था पहचान और संभावित बाजार दुरुपयोग की रोकथाम के अलावा प्रतिभूतियों में फ्रंट-रनिंग और धोखाधड़ी वाले लेनदेन पर नजर रखेगी। बाजार नियामक ने कहा कि व्यवस्था में फ्रंट रनिंग, भेदिया कारोबार और संवेदनशील जानकारी के दुरुपयोग सहित गड़बड़ी की पहचान, निगरानी और समाधान के लिए प्रक्रियाएं शामिल होनी चाहिए।

# 11 प्रतिशत कम हुई गेहूं की सरकारी खरीद

## 2024-25 में अब तक 196 लाख टन खरीदा, योजनाओं के तहत सालाना जरूरत 186 लाख टन की

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने चालू विपणन वर्ष 2024-25 में अब तक 196 लाख टन से अधिक गेहूं खरीदा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम समेत सभी कल्याणकारी योजनाओं के लिए इसकी सालाना जरूरत 186 लाख टन है। खाद्यान्न की खरीद और वितरण के लिए सरकार की नोडल एजेंसी भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) अब बफर स्टॉक बढ़ाने के लिए 2024-25 में 310-320 लाख टन गेहूं खरीद के लक्ष्य को पूरा करने के प्रयास कर रही है।

जरूरत पर खुदरा कीमतों को नियंत्रित के लिए खुले बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए इस स्टॉक का इस्तेमाल होगा। हालांकि रबी सत्र की प्रमुख फसल गेहूं की खरीद पिछले साल की समान अवधि के 219.5 लाख टन से अब तक 11 प्रतिशत कम हुई है। इसका मुख्य कारण मध्य प्रदेश और पंजाब में कम खरीद का होना है। एफसीआई के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अशोक के मीणा ने बताया कि हम अनुमानित खरीद लक्ष्य को हासिल करने की राह पर हैं क्योंकि पंजाब और हरियाणा में गेहूं की आवक अच्छी है। एफसीआई अकेले इन दोनों राज्यों से 200 लाख टन गेहूं की खरीद करेगा। केंद्र ने विपणन 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में 261.97 लाख टन गेहूं की खरीद की थी। अधिकांश खरीद अप्रैल-मई के दौरान हुई है।



● पंजाब और हरियाणा में आवक अच्छी, एफसीआई करेगा 200 लाख टन गेहूं की खरीद

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुमानों के मुताबिक गेहूं का उत्पादन फसल वर्ष 2023-24 में 1,120.19 लाख टन होगा, जबकि पिछले वर्ष में यह 1,105.54 लाख टन था। कुछ राज्यों में उम्मीद से अधिक पैदावार होने पर उत्पादन 1,150 लाख (115 मिलियन) टन तक पहुंच सकता है। एफसीआई ने विभिन्न राज्यों के करीब 16 लाख किसानों से 2,275 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 45,000 करोड़ रुपये का गेहूं खरीदा है। पंजाब और हरियाणा में इस समय गेहूं की फसल की आवक अच्छी है। एफसीआई को पंजाब से 130 लाख टन और हरियाणा से 70 लाख टन की खरीद की उम्मीद है।

### उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में तेज कर सकता है एफसीआई खरीदारी

एफसीआई मई से पहले उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में खरीदारी तेज कर सकता है क्योंकि उसे यहां की मंडियों में फसलों के देर से आने की उम्मीद है। कीमतों को नियंत्रित करने के लिए जरूरत पड़ने पर खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) लाने के लिए अतिरिक्त स्टॉक रखने के बारे में सोचा जा रहा है। पिछले साल इस योजना के तहत 100 लाख टन से अधिक गेहूं आटा मिलों और अन्य गेहूं आधारित उद्योगों को भेजा गया था। मध्य प्रदेश में अब तक गेहूं की खरीद 34.66 लाख टन ही हुई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 55.59 लाख टन थी। बफर स्टॉक के संबंध में केंद्र के पास एक अप्रैल तक केंद्रीय पूल में 75.02 लाख टन गेहूं था, जबकि उस तारीख को बफर मानक 74.6 लाख टन था। एक जुलाई के लिए बफर मानक 275.8 लाख टन है। एफसीआई को सभी कल्याणकारी योजनाओं के लिए 400 लाख टन चावल की वार्षिक जरूरत के मुकाबले विपणन वर्ष (अक्टूबर-सितंबर) में 540 लाख टन की खरीद की उम्मीद है। चावल के मामले में हमारे पास एक साल का अतिरिक्त स्टॉक है। चावल का स्टॉक फिलहाल 532 लाख टन है।

# शरावती परियोजना: एलएंडटी की याचिका कोर्ट ने ठुकराई

नई दिल्ली, एजेंसी



● 8,000 करोड़ की परियोजना पर कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक में 8,000 करोड़ रुपये की शरावती बिजली परियोजना के लिए जारी अल्पकालिक निविदा को चुनौती देने वाली लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड (एलएंडटी) की याचिका खारिज कर दी है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के 25 अप्रैल के आदेश को बरकरार रखा, जिसने कर्नाटक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (केपीसीएल) की तरफ से जारी निविदा के खिलाफ इंजीनियरिंग एवं निर्माण कंपनी एलएंडटी की याचिका को नकार दिया था। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने कहा, "हम संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत विशेष अनुमति याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। इस आधार पर विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है।" एलएंडटी ने अपनी अपील में कहा था कि बिजली परियोजना के लिए निविदा प्रक्रिया मनमाने ढंग से, विकृत और अनुचित तरीके से चलाई गई। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने उसकी अपील ठुकराते हुए कहा था, "विद्युत-यांत्रिकी और जल-यांत्रिकी कार्य इस परियोजना का एक अभिन्न अंग हैं लेकिन याची सिर्फ एक सिविल ठेकेदार होने से एक विशेष एजेंसी न मिलने तक यह काम

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 82350 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73850 |
| गिन्नी (प्रति नग ) | 55000-55200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 71,750 |
| सोना रवा | 71,600 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 81,600 |
| चांदी (999) | 81,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 71700 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 70700 |
| सिल्वर ( पक्की) | 810 (अनुमानित) |

# भारत की सोने की मांग 8% बढ़कर 136.6 टन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की सोने की मांग कीमतों के ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचने के बावजूद मजबूत आर्थिक माहौल के दम पर जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 136.6 टन हो गई।

आरबीआई द्वारा सोने की खरीद से भी मांग में वृद्धि हुई। जनवरी-मार्च में मूल्य के संदर्भ में भारत की सोने की मांग वार्षिक आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 75,470 करोड़ हो गई। इसका कारण मात्रा में वृद्धि के साथ-साथ तिमाही औसत कीमतों में 11 प्रतिशत की वृद्धि भी है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने मंगलवार की रिपोर्ट गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स क्यू1 2024 जारी की। भारत की कुल सोने की मांग, जिसमें आभूषण तथा निवेश दोनों हैं...इस साल जनवरी-मार्च में बढ़कर 136.6 टन हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 126.3 टन थी। भारत में सोने की कुल मांग में से आभूषणों की मांग चार प्रतिशत बढ़कर 95.5 टन हो गई।



● वार्षिक आधार पर 20 प्रतिशत बढ़ कर 75,470 करोड़

### कोटक महिंद्रा बैंक के संयुक्त प्रबंध निदेशक मणियन ने दिया इस्तीफा

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसके संयुक्त प्रबंध निदेशक केवीएस मणियन ने इस्तीफा दे दिया है। तीन दशकों से बैंक के साथ जुड़े रहे मणियन को इसी साल जनवरी में संयुक्त प्रबंध निदेशक बनाया गया था। उनके इस्तीफे की घोषणा ऐसे समय हुई है जब आरबीआई ने सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के उल्लंघन पर बैंक को ऑनलाइन ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने से रोका है। बैंक ने कहा कि विभिन्न व्यवसायों का नेतृत्व करने वाले मणियन ने तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

# लिंडे का मूल्यांकन करे एनएसई

नई दिल्ली, एजेंसी

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शेयरधारकों से मिली शिकायतों के बाद नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को लिंडे इंडिया और उससे जुड़ी प्रैक्सएयर इंडिया के बीच हुए लेनदेन का मूल्यांकन करने के लिए मूल्यांकनकर्ता नामित करने का निर्देश दिया है।

यह मामला लिंडे इंडिया लिमिटेड (एलआईएल) और उससे जुड़ी कंपनियों प्रैक्सएयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पीआईपीएल) और लिंडे साउथ एशिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुए लेनदेन और समझौतों से संबंधित है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शेयरधारकों से कई शिकायतें मिलने के बाद मामले की जांच की थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि लिंडे इंडिया द्वारा प्रैक्सएयर इंडिया के साथ किए लेनदेन और समझौते संबंधित पक्ष लेनदेन की प्रकृति के थे और लिंडे ने इन लेनदेन पर शेयरधारकों की मंजूरी नहीं ली थी। सेबी ने कहा कि लिंडे शेयरधारकों की मंजूरी के बगैर संबंधित पक्ष लेनदेन को अंजाम दे रही थी। यह शेयरधारक आधार की कीमत पर नियंत्रक शेयरधारकों को अनुचित ढंग से लाभ पहुंचाने की संभावना रखता है।



● शेयरधारकों की शिकायतों के बाद मूल्यांकन का दिया निर्देश

### आदि, नादिर को सूचीबद्ध व चचेरे भाई-बहन को गैर सूचीबद्ध कंपनियां मिलीं

**नई दिल्ली।** 127 साल पुराने गोदरेज समूह के संस्थापक परिवार ने समूह को विभाजित करने के लिए समझौता किया है। इसके तहत आदि और उनके भाई नादिर को गोदरेज इंडस्ट्रीज का अधिकार मिला है, जिसकी पांच सूचीबद्ध कंपनियां हैं। आदि के चचेरे भाई-बहन जमशेद और स्मिता को गैर-सूचीबद्ध कंपनी गोदरेज एंड बॉयस और उससे संबंधित कंपनियों के साथ-साथ मुंबई में महत्वपूर्ण संपत्ति सहित बड़ा भूखंड मिल रहा है। इस संबंध में गोदरेज समूह ने बयान जारी किया है।

**गोदरेज बंटवारा**

## राष्ट्रीय

# भाजपा सत्ता में लौटी तो संविधान फेंक देंगी : राहुल

## मध्य प्रदेश के भिंड में भाजपा और प्रधानमंत्री पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने साधा निशाना

भिंड (मप्र), एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि अगर भाजपा केंद्र में लौटती है तो वह गरीबों, दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को अधिकार देने वाले संविधान को फाड़ कर फेंक देगी। राहुल गांधी मध्य प्रदेश के भिंड जिले में रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने संविधान की प्रति हाथ में लेते हुए कहा कि मौजूदा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है, बल्कि दो विचारधाराओं की लड़ाई है। उन्होंने दावा किया, गरीबों, दलितों, आदिवासियों, ओबीसी को संविधान के कारण अधिकार मिले हैं, जिसने लोगों को मनरेगा, भूमि अधिकार, आरक्षण और अन्य चीजें भी दीं। अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो वह इस संविधान को फाड़कर फेंक देगी। गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री, अमित शाह और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि अगर वह चुने गए, तो वे संविधान को फाड़ कर फेंक देंगे। भाजपा चाहती है कि संविधान को फेंक दिया जाए...। आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने पूछा कि यदि सत्तारूढ़ सरकार आरक्षण के खिलाफ नहीं है, तो वह सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) रेलवे और अन्य क्षेत्रों का निजीकरण क्यों कर रही है।

गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह अपनी महालक्ष्मी योजना के जरिए करोड़ों महिलाओं को लखपति बनाएगी। सरकार महिलाओं को उनके खातों में एक लाख रुपये हर साल (8,500 रुपये प्रति माह) भेजेगी। गांधी ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी 22-25 उद्योगपतियों को अरबपति बना सकते हैं, तो कांग्रेस करोड़ों महिलाओं को लखपति बना देगी। कांग्रेस ने भिंड लोकसभा (सुरक्षित) सीट से भाजपा की मौजूदा सांसद संध्या राय के खिलाफ विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है।




● दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को संविधान से ही मिले हैं अधिकार

### प्रत्याशियों से बोले - जनसंपर्क के दौरान संविधान की प्रति रखें

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों से कहा कि वह नामांकन दाखिल करते समय, सभाओं और जनसंपर्क के दौरान अपने पास संविधान की प्रति रखें तथा लोगों को यह बताएं कि जब तक उनकी पार्टी है तब तक कोई संविधान छीन नहीं सकता। राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान अपने साथ संविधान की प्रति लेकर चल रहे हैं और चुनावी सभाओं में लोगों को यह दिखाते भी हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि गरीबों के लिए वरदान, वंचितों का सम्मान और हर नागरिक का अभिमान - हमारा संविधान। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि जब तक कांग्रेस है भाजपा क्या, दुनिया की कोई ताकत संविधान छीन नहीं सकती। वह निरंतर आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा तथा प्रधानमंत्री मोदी संविधान बदलना और आरक्षण खत्म करना चाहते हैं।

### सेना नहीं चाहती अग्निवीर योजना, प्रधानमंत्री मोदी ने थोपा निर्णय

**भिंड।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि सेना और सैनिक दोनों ही अग्निवीर योजना नहीं चाहते, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने उन पर यह फैसला थोप दिया। उन्होंने कहा कि मोदी ने दो तरीके के जवान बना दिए हैं, एक पेंशन, कैंटीन और अच्छे प्रशिक्षण वाला। दूसरा वो, जिसे ये कुछ नहीं मिलेगा। सरकार दो लोगों को युद्ध में भेज रही है और एक से कह रही है कि आपको कुछ हुआ, तो आपके परिवार की रक्षा होगी। वहीं दूसरे से कह रही है कि उसे कुछ हुआ तो उसे कुछ नहीं मिलेगा, यहां तक कि शहीद का दर्जा भी नहीं मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सेना और सैनिक, दोनों ही अग्निवीर योजना नहीं चाहते। सिर्फ मोदी इसे चाहते हैं और उन्होंने अपना यह निर्णय सेना पर थोप दिया है। मध्यप्रदेश के भिंड और मुरैना (चंबल अंचल) के बहुत से युवा सेना में हैं। बीहड़ों के लिए मशहूर इस क्षेत्र से हर साल बड़ी संख्या में युवा सेना में जाते हैं। साथ ही उन्होंने इस सभा में कांग्रेस के घोषणा पत्र में महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए की गई अपनी घोषणाओं का भी जिक्र किया।

### मप्र हाईकोर्ट ने खारिज की इंदौर में कांग्रेस के 'डमी' उम्मीदवार की याचिका

**इंदौर।** कांग्रेस को इंदौर क्षेत्र में एक बार फिर निराशा हाथ लगा, जब मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने उसके डमी उम्मीदवार मोती सिंह की याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। सिंह का नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी द्वारा चार दिन पहले रद किया जा चुका है, लेकिन उन्होंने इंदौर से कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम के पर्चा वापस लेने का हवाला देते हुए अदालत से गुहार लगाई थी कि उन्हें पार्टी के चिह्न के साथ चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाए। न्यायमूर्ति विवेक रूसिया ने याचिकाकर्ता और चुनाव आयोग की दलीलें सुनने के बाद याचिका रद कर दी।

उच्च न्यायालय ने सुनवाई के दौरान मौखिक टिप्पणी की कि चूंकि सिंह का पर्चा खारिज हो चुका है और उनका नाम चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची में नहीं है, इसलिए वह चुनावी दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके हैं। एकल पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाया गया मामला चुनाव याचिका का विषय है। सिंह की ओर से अदालत में कहा गया कि निर्वाचन अधिकारी ने उनका पर्चा दस्तावेजों की छानबीन के दौरान 26 अप्रैल को केवल इस आधार पर खारिज कर दिया था कि वह महज वैकल्पिक उम्मीदवार है, जबकि बम पार्टी के स्वीकृत प्रत्याशी हैं। कांग्रेस के डमी उम्मीदवार की ओर से कहा गया कि चूंकि बम ने पर्चा वापस ले लिया है, इसलिए चुनाव चिन्ह (आरक्षण एवं आवंटन आदेश) 1968 के तहत सिंह को कांग्रेस के चुनाव चिह्न पंजे के साथ के साथ पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की अनुमति दी जानी चाहिए।

● मोती सिंह का नामांकन निर्वाचन अधिकारी ने चार दिन पहले ही कर दिया था रद

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आम चुनाव से पहले मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तार के समय को लेकर ईडी से सवाल कर जवाब मांगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से गिरफ्तारी के समय से जुड़े सवाल का जवाब देने के लिए कहा।

पीठ ने जांच एजेंसी से केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख पर जवाब देने के लिए कहा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। अगली सुनवाई शुक्रवार को होने है। मामले में 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में हैं। कोर्ट ने 15 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी किया और केजरीवाल की याचिका पर जवाब मांगा। उच्च न्यायालय ने नौ अप्रैल को केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखते हुए कहा था कि इसमें कोई अवैधता नहीं थी और बार-बार जारी समन को नजरअंदाज करने और जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास कम विकल्प बचा था।



● अगली तारीख पर जवाब देने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कहा

### दिल्ली कोर्ट ने की सिसोदिया की जमानत अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में दाखिल जमानत की अर्जी मंगलवार को खारिज कर दी। सीबीआई और ईडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले को लेकर अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। सीबीआई और ईडी के मामलों की विशेष न्यायधीश कावेरी बावेजा ने सिसोदिया को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि यह समय जमानत देने के लिए सही नहीं है।

## एक नजर

### देवेंद्र बने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को देवेंद्र यादव को दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया है। अरविंदर सिंह लवली के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद यादव की नियुक्ति की गई है। पूर्व विधायक यादव मौजूदा समय में पंजाब के प्रभारी भी हैं। संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देवेंद्र यादव को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अंतरिम अध्यक्ष बनाया है।

### हथियार डीलर 37 हथियारों के साथ गिरफ्तार

**खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के बिस्टान थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस ने डीलर को 37 हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी धर्मराज मीणा ने बताया कि सूचना पर बिस्टान थाना क्षेत्र में इंद्रावती नदी के पुल के पास घेराबंदी कर खंडवा जिले के मोघट थाना क्षेत्र के विश्वास सोनी को पकड़ा गया। इसी दौरान उसे हथियार सप्लाई करने आया सिकलीगर प्यार सिंह फरार हो गया।

### अदालत ने पूर्व कांग्रेस पार्षद इशरत जहां पर दंगे और हत्या के प्रयास के आरोप किए तय

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने उत्तर पूर्वी हिस्से में 2020 के शुरुआत में हुए दंगे के मामले में कांग्रेस की पूर्व पार्षद इशरत जहां, खालिद सैफी और 11 अन्य के खिलाफ हत्या की कोशिश सहित अन्य आरोप तय किए। मामले की सुनवाई सोमवार को अतिरिक्त सत्र न्यायधीश समीर बाजपेयी ने की। न्यायधीश ने रेखांकित किया कि पूर्ववर्ती अदालत ने 19 जनवरी को आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। अदालत ने कहा कि सभी के खिलाफ आरोप तय किया जाता है जिन्होंने खुद को बेगुनाह बताया है और मुकदमे की सुनवाई की मांग की है। दिल्ली पुलिस की ओर से विशेष लोक अभियोजक आरसीएस भदौरिया उपस्थित हुए। यह मामला जगत पुरी थाना क्षेत्र में 26 फरवरी 2020 को हुए दंगे से जुड़ा है।

# सॉरी पापा... लिखकर कोटा में एक और छात्र ने जान दी

कोटा (राजस्थान), एजेंसी

● जनवरी से अब तक कोचिंग छात्र के संदिग्ध आत्महत्या का नौवां मामला

● रविवार को हरियाणा के सुमित पांचाल ने भी छात्रावास के कमरे में दी थी जान

राजस्थान के कोटा में नीट के 20 वर्षीय अभ्यर्थी ने परीक्षा में शामिल होने के अपने तीसरे प्रयास से कुछ दिन पहले मंगलवार को कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। अभ्यर्थी के कमरे से मिले सुसाइड नोट में लिखा है, सॉरी पापा, मैं इस साल भी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाया। जनवरी से अब तक कोटा में किसी कोचिंग छात्र द्वारा संदिग्ध आत्महत्या का यह नौवां मामला है।

कोचिंग हब के तौर पर पहचाने जाने वाले कोटा में 2023 में छात्रों की आत्महत्या के 26 मामले सामने आए थे। पुलिस ने बताया कि राजस्थान के मूल निवासी भरत कुमार राजपूत का शव मंगलवार सुबह छत के पंखे से लटका हुआ पाया गया। जवाहर नगर थाने के उपनिरीक्षक गोपाल सिंह ने कहा कि राजपूत ने पहले दो बार राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) दी थी और उन्हें पांच मई को अपने तीसरे प्रयास में शामिल होना था। सिंह ने बताया कि राजपूत राजीव गांधी नगर में एक पेइंग गेस्ट के रूप में रह रहा था और पिछले एक साल से मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उसका एक रिश्तेदार रोहित भी उनके साथ ही रहता था और उसी परीक्षा की वह भी तैयारी कर रहा था।

उपनिरीक्षक ने बताया कि राजपूत ने मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। इस दौरान कमरे से रोहित बाहर गया हुआ था और जब वह सुबह करीब 11:15 बजे लौटा तो देखा कि कमरा अंदर से बंद है। इस पर उसने खिड़की से झांककर देखा तो राजपूत का शव पंखे से लटकता मिला। रविवार को नीट अभ्यर्थी और हरियाणा के मूल निवासी सुमित पांचाल (20) ने भी अपने छात्रावास के कमरे में छत के पंखे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

### सीबीआई जमीन कब्जा मामले की जांच के लिए संदेशखालि पहुंची

**कोलकाता।** सीबीआई मंगलवार को पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि पहुंची और जमीन कब्जाने का आरोप लगाने वाले शिकायतकर्ताओं से बातचीत कर उनके दस्तावेजों की जांच की। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ इलाके में गए सीबीआई अधिकारियों ने उन लोगों से बात की जिन्होंने टीएमसी से निलंबित शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया है। सीबीआई अधिकारी ने बताया कि टीम संदेशखालि का दौरा कर रही है और ग्रामीणों से बातचीत कर रही है।

# सांसद प्रज्ज्वल जदएस से निलंबित

बेंगलुरु, एजेंसी

जनता दल सेक्युलर (जदएस) ने कथित 'सेक्स स्कैंडल' में संलिप्तता के लिए हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को मंगलवार को पार्टी से निलंबित कर दिया।

हुब्बल्ली में पार्टी की कोर समिति ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी. देवेगौड़ा से रेवन्ना के निलंबन की सिफारिश की थी, जिसके चंद मिनटों बाद ही हासन के सांसद को निलंबित कर दिया गया। देवेगौड़ा, रेवन्ना के दादा हैं। निलंबन आदेश में कहा गया है कि हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा महिलाओं के कथित उत्पीड़न के वीडियो सोशल मीडिया और मीडिया में व्यापक रूप से प्रसारित हो रहे हैं, जिसके चलते पार्टी को भारी शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है।



वहीं एसआईटी ने मंगलवार को नोटिस जारी किया। दोनों को जांच के लिए सामने पेश होने को कहा गया है। रेवन्ना के घर में काम करने वाली एक महिला की शिकायत के आधार पर रविवार को हासन जिले के होलेनरसिपुरा थाने में एक मामला दर्ज किया गया था।

# छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 10 नक्सली ढेर

नारायणपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर और कांकेर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 10 नक्सलियों को मार गिराया है। राज्य के गृह विभाग का कामकाज संभाल रहे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों से आग्रह किया है कि वे समर्पण करें एवं सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है।

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात को नारायणपुर और कांकेर जिलों के अबूझमाड़ क्षेत्र में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और एसटीएफ़ के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। मंगलवार की सुबह छह बजे जवान टेकमेटा और काकूर गांवों के मध्य जंगल में थे तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसपर सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षाबलों को मौके से तीन महिलाओं समेत 10 नक्सलियों के शव के साथ एक एके 47 राइफल समेत कई हथियार, गोला बारूद भी मिले। मारे गए नक्सलियों की पहचान नहीं हो पाई है। मुठभेड़ स्थल कांकेर जिले के कल्पर गांव से 30 किमी दूर दक्षिण में है, जहां 16 अप्रैल के मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए थे।



● उप मुख्यमंत्री ने नक्सलियों से समर्पण करने और बातचीत का किया आग्रह

### 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** बीजापुर जिले में मंगलवार को 16 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले दो नक्सलियों पर 13 लाख का इनाम है। माओवादियों की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा और प्रताड़ना से वह तंग आ चुके थे। इनमें आठ लाख के इनामी पीएलजीए बटालियन नंबर एक का सदस्य अरुण कड़ती (21) और पांच लाख रुपये का इनामी माटवाड़ा एलओएस कमांडर रमेश ऊर्फ मुन्ना हेमला (42) भी शामिल हैं।

IPL
# आईपीएल
अमृत विचार
लखनऊ, बुधवार, 1 मई 2024
www.amritvichar.com


## आज का मुकाबला

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
पंजाब किंग्स
दोपहर 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 09 | 447 |
| केएल राहुल (लखनऊ) | 10 | 434 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |

# टी-20 विश्व कप के लिए क्रिकेट जगत ने कसी कमर, टीमें घोषित

भारत की टी-20 विश्व कप टीम में रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह या सूर्यकुमार यादव का चुना जाना तो तय था लेकिन बाकी खिलाड़ियों ने आईपीएल में अपने प्रदर्शन के दम पर जगह बनाई। भारत के 15 खिलाड़ियों में से नौ ने ऑस्ट्रेलिया में 2022 में भी टूर्नामेंट खेला था, लेकिन कुछ पुराने चेहरों को साथ रखते हुए भारतीय टीम ने युवाओं को आगे लाया गया है।



## दक्षिण अफ्रीका टीम में शामिल हुए दो नए चेहरे, नोर्किया की वापसी

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया चोट के कारण नौ महीने बाद वापसी करेंगे जबकि दो अनकैप्ड खिलाड़ियों रेयान रिकल्टन और ओटनील बार्टमैन को भी टीम में जगह मिली। टी20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान बनाए जाने के बाद ऐडन मार्कराम पहली बार विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की टीम की अगुआई करेंगे। दक्षिण अफ्रीका की सीमित ओवरों की टीम के कोच रॉब वाल्टर ने टी20 विश्व कप से पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैच की टी20 के लिए अस्थाई टीम की घोषणा भी की। दक्षिण अफ्रीका की टी20 विश्व कप टीम में ऐडन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिच नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स शामिल हैं वहीं, रिजर्व के रूप में नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी को रखा गया है।

## इंग्लैंड टीम में हुई आर्चर की वापसी, बटलर करेंगे अगुआई

**लंदन।** तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को यहां टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम में जगह मिली जिससे उनके 14 महीने बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का रास्ता साफ हो गया है।

ईसीबी ने कहा जोफ्रा आर्चर अपनी दाहिनी कोहनी की चोट से उबर गए हैं और उन्हें टीम में शामिल किया गया है। ऑलराउंडर टॉम हार्टले टीम में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं। ईसीबी ने कहा चार जून को बारबडोस के केनसिंगटन ओवल में स्कॉटलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के शुरुआती ग्रुप मैच से पहले विश्व कप टीम 31 मई को कैरेबिया के लिए उड़ान भरेगी। इंग्लैंड टीम में जोस बटलर (कप्तान), मोईन अली, जोफ्रा आर्चर, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, रीस टॉपले और मार्क वुड का शामिल किया है।

## खेल डायरी

### सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप आज से

**कोलकाता।** सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के 28वें सत्र का अंतिम दौर यहां खेला जाएगा। अंतिम दौर के लिए बारह टीमों को छह-छह टीम के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप में टीमें राउंड रोबिन प्रारूप में एक-दूसरे से भिड़ेंगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। अंतिम दौर की 12 टीमों में छह ग्रुप चरण विजेता, तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता और तीन सीधे प्रवेश पाने वाली टीम पश्चिम बंगाल (मेजबान), तमिलनाडु (गत चैंपियन) और हरियाणा (गत उपविजेता) शामिल हैं। मैच किशोर भारती स्टेडियम और एआईएफएफ नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे। अंतिम दौर का ग्रुप चरण 11 मई को समाप्त होगा। सेमीफाइनल 13 मई को खेले जाएंगे जबकि फाइनल 15 मई को होगा।

### उज्बेकिस्तान और जापान ने फुटबॉल ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**दोहा।** उज्बेकिस्तान ने कई बार चूकने के बाद अंततः अंडर-23 एशियाई कप फाइनल में पहुंचकर पुरुष ओलंपिक फुटबॉल के लिए क्वालीफाई किया। वहीं, जापान की फुटबॉल टीम एएफसी अंडर 23 एशियाई कप के सेमीफाइनल में इराक को 2-0 से हराकर फाइनल में पहुंच गई है। उज्बेकिस्तान ने इंडोनेशिया को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां शुक्रवार को उसकी भिड़ंत जापान से होगी। जापान ने सेमीफाइनल में इराक पर 2-0 से जीत के साथ आठवीं बार ओलंपिक में जगह बनाई। शीर्ष तीन टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी और तीसरे स्थान का फैसला गुरुवार को इराक और इंडोनेशिया के बीच प्ले ऑफ से होगा।

### रॉबर्ट की हैट्रिक से बार्सीलोना ने पिछड़ने के बाद वेलेंसिया को हराया

**बार्सीलोना।** बार्सीलोना ने दूसरे हाफ में रॉबर्ट लेवानदोवस्की की हैट्रिक की बदौलत पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में वेलेंसिया को 4-2 से हराया। बार्सीलोना ने गेंद को अपने कब्जे में लेने के मामले में दबदबा बनाया लेकिन पहले हाफ में रक्षापंक्ति की दो गलतियों के कारण मध्यांतर के समय 1-2 से पीछे थी। फेर्मिन लोपेज ने 22वें मिनट में हेडर से गोल दागकर बार्सीलोना को बढ़त दिलाई लेकिन पांच मिनट बाद ह्यूगो ड्यूरो ने स्कोर 1-1 कर दिया। पेपेलू ने पहले हॉफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल दागकर वेलेंसिया को 2-1 से आगे किया।

### उप्र की शैली और प्रवीण का इंडियन ग्रां प्री वन में शानदार प्रदर्शन

**बेंगलुरू।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता त्रिकूद खिलाड़ी प्रवीण चित्रावेल ने इंडियन ग्रां प्री 1 में मंगलवार को 17.12 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता लेकिन पेरिस ओलंपिक के लिए 17.22 मीटर का क्वालीफाइंग मार्क पार नहीं कर सके। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तमिलनाडु के चित्रावेल ने चौथे प्रयास में 17.12 मीटर का आंकड़ा छुआ। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता एल्डोस पॉल ने रजत पदक जीता। महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की विश्व अंडर 20 पदक विजेता शैली सिंह ने केरल की नयना जेम्स को हराकर महिलाओं की लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीता।

# लखनऊ ने घर में लगाया जीत का चौका

## मुंबई इंडियंस को चार विकेट से दी शिकस्त, जीत के साथ लखनऊ का प्लेआफ में पहुंचना तय



कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चुस्त क्षेत्ररक्षण और सधी हुई गेंदबाजी के बाद मार्कस स्टोइनिस (62) की केएल राहुल (28) और दीपक हुड्डा (18) के साथ टिकाऊ साझीदारी की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार को मुबंई को चार गेंद शेष रहते चार विकेट से हराकर घर में जीत का चौका लगाया। इकाना की कठिन पिच पर लखनऊ की तरह मुंबई के गेंदबाजों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया और 144 रनों के छोटे स्कोर का बचाव करने का जज्बा दिखाया जिसके चलते 45 हजार दर्शकों को गेंद और बल्ले के बीच एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। पदार्पण मैच खेल रहे अर्शीन कुलकर्णी पहली ही गेंद पर बगैर खाता खोले आउट हो गए जिसके बाद स्टायनिस ने कप्तान का बखूबी साथ दिया और 45 गेंदों की अर्धशतकीय पारी से टीम को संघर्ष में बनाए रखा। मध्य क्रम में अनुभवी निकोलस पूरन (14) ने पुछल्ले बल्लेबाजों की मदद से टीम को जीत दिलाने में महती भूमिका अदा की। हार्दिक पांड्या ने दो विकेट झटक कर अपनी टीम की जीत की उम्मीदों को हवा दी मगर मामूली स्कोर को बचाने में टीम असफल रही।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.810 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.075 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.272 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

इससे पहले इशान किशन (32) और नेहाल बढेरा (46) की मुश्किल हालात में खेली गई उपयोगी पारियों की मदद से मुबंई ने मेजबान लखनऊ के खिलाफ सात विकेट पर 144 रन बनाए। टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुबंई की शुरुआत निराशाजनक रही जब पहले पावर प्ले में लखनऊ के गेंदबाजों ने रोहित शर्मा (4), सूर्य कुमार (10), तिलक (7) और हार्दिक (0) के विकेट सस्ते में समेट दिये और छह ओवर के बाद मुबंई का स्कोर चार विकेट पर 28 रन हो गया। कठिन समय में सलामी बल्लेबाज इशान किशन ने नए बल्लेबाज नेहाल बढेरा के साथ पारी को आगे बढ़ाया और पांचवे विकेट के लिये महत्वपूर्ण 53 रन जुटाए।

### मुंबई 144/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| इशान किशन का मयंक बो बिश्नोई | 32 | 36 | 3/0 |
| रोहित शर्मा का स्टोइनिस बो मोहसिन | 4 | 5 | 1/0 |
| सूर्यकुमार का राहुल बो स्टोइनिस | 10 | 6 | 0/1 |
| तिलक वर्मा रनआउट (बिश्नोई) | 7 | 11 | 1/0 |
| हार्दिक का राहुल बो नवीन उल हक | 0 | 1 | 0/0 |
| निहाल बढेरा बोल्ड मोहसिन | 46 | 41 | 4/2 |
| टिम डेविड नाबाद | 35 | 18 | 3/1 |
| नबी बोल्ड मयंक | 1 | 2 | 0/0 |
| कोएत्जी नाबाद | 1 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टोइनिस 3-0-19-1, मोहसिन 4-0-36-2, नवीन उल हक 3.5-0-15-1, मयंक 3.1-0-31-1, रवि बिश्नोई 4-0-28-1, दीपक हुड्डा 2-0-13-0

### लखनऊ 145/6

19.2 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| केएल राहुल का नबी बो पंड्या | 28 | 22 | 3/1 |
| अर्शिन कुलकर्णी पगबाधा बो तुषारा | 0 | 1 | 0/0 |
| मार्कस स्टोइनिस का वर्मा बो नबी | 62 | 45 | 7/2 |
| दीपक हुड्डा का बुमराह बो पंड्या | 18 | 18 | 2/0 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 14 | 14 | 1/0 |
| एश्टोन टर्नर बो कोएत्जी | 5 | 9 | 0/0 |
| आयुष बडोनी रन आउट | 6 | 6 | 1/0 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** तुषारा 4-0-30 1, बुमराह 4-0-17-0, कोएत्जी 3-0-29-1, चावला 3-0-23-0, पंड्या -4-0-26-2, नबी 1.2-0-16-1

## दूसरा टी-20 मुकाबला

### भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को हराया



**सिलहट।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को वर्षा बाधित टी-20 मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस पद्धति) के आधार पर 19 रनों से हरा दिया है। यहां पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम को भारतीय गेंदबाजों ने राधा यादव 19 रन देकर तीन विकेट और दीप्ति शर्मा 14 रन देकर दो विकेट तथा श्रेयंका पाटिल 24 रन पर दो विकेट के दम पर 119 रन पर समेट दिया था।

इसके बाद बारिश और तूफान के कारण खेल रोके जाने के समय भारतीय टीम ने 5.2 ओवर में एक विकेट पर 47 रन बना लिये थे और स्मृति मंधाना (5) और दयालन हेमलता (41) रन बनाकर क्रीज पर थी। खेल पुनः शुरु नहीं होने की स्थिति में डकवर्थ लुईस नियम के तहत भारतीय टीम को 19 रनों से विजयी घोषित किया गया। श्रेयंका पाटिल और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। पूजा वस्त्रकर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## भारतीय महिला बैडमिंटन टीम चीन से 5-0 से हारी

चेंगदू, एजेंसी

भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को मंगलवार को मेजबान चीन के खिलाफ 5-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद भारत ग्रुप ए से दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में थॉमस और उबेर कप 2024 क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा। मुकाबले में भारत को 15 बार के विजेता चीन से 5-0 से हार मिली।

ईशारानी बरुआ का पहले एकल मैच में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई से सामना हुआ। 33 मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 21-12, 21-10 से हार मिली। 17 वर्षीय राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खरब को हान यू के खिलाफ दूसरे एकल मुकाबले के दौरान अपना टखना मुड़ने की वजह से रिटायर हर्ट होना पड़ा। भारत की युगल राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा को तीसरे मुकाबले में चेन किंग चेन और जिया यी फैन से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह चीन ने मुकाबले में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली।



## इगा महिला क्वार्टर फाइनल में नडाल ने केचिन को हराया



**मैड्रिड।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में तीन घंटे से अधिक चले कड़े मुकाबले में पेड्रो केचिन को तीन सेट में शिकस्त दी। नडाल ने केचिन को पुरुष एकल मुकाबले में हराया। नडाल ने इस जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल अगले दौर में 31वें नंबर के खिलाड़ी जिरी लेहेका से भिड़ेंगे। शीर्ष वरीय यानिक सिनर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाने के बावजूद पावेल कोतोव को हराने में सफल रहे। तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव हार से सिर्फ दो अंक दूर थे लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए सबेस्टियन कोर्डा को हरा दिया जबकि कास्पर रूड ने कैमरन नोरी को हराया। महिला एकल में मेडिसन कीज ने कोको गॉफ को हराकर क्वार्ट फाइनल में प्रवेश किया। वह अगले दौर में ओन्स जेब्युर से भिड़ेंगी जिन्होंने येलेना ओस्टापेंको को शिकस्त दी। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सारा सोरिबेस टोर्मो को एकतरफा मुकाबले में हराकर मैड्रिड में पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। अगले दौर में स्वियातेक की भिड़ंत बीट्रिज हदाद माइया से होगी जिन्होंने मारिया सकारी को हराया।

## महिला हॉकी लीग में पहले दिन ओडिशा, महाराष्ट्र को मिली जीत



**रांची।** ओडिशा और महाराष्ट्र ने राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के पहले दिन मंगलवार को हरियाणा और मणिपुर पर जीत दर्ज की। ओडिशा ने हरियाणा को 4-1 से हराया जबकि महाराष्ट्र ने मणिपुर पर 5-1 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के पहले मैच में हरियाणा के लिए तीसरे मिनट में शशि खासा ने गोल किया। दूसरे हाफ में ओडिशा के लिये रंभा कुजूर ने 33वें मिनट में, सोनाली इक्का ने 38वें और 49वें मिनट में और कप्तान डिपि मोनिका टोप्पो ने 57वें मिनट में गोल दागे। दूसरे मैच में महाराष्ट्र ने 14वें मिनट में तनुश्री कादु के गोल के दम पर बढत बना ली। सानिका माने ने 25वें और 33वें मिनट में गोल किए। मणिपुर के लिये एकमात्र गोल लैशराम रितु देवी ने 51वें मिनट में किया। सानिका माने ने 53वें और 56वें मिनट में दो गोल और करके टीम को जीत दिलाई।

## बॉलीवुड हलचल

### यिम्मी यिम्मी गाने में जैकलीन ने उड़ाए होश

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस के गाना ' 'यिम्मी यिम्मी' ' यूट्यूब पर 100 मिलियन व्यूज मिल गए हैं। जैकलीन फर्नांडीस इन दिनों अपने वीडियो सॉन्ग ' 'यिम्मी यिम्मी' ' को लेकर सुर्खियों में हैं। इंटरनेट पर हर कोई इस ट्रैक पर झूमता हुआ नजर आ रहा है। यूट्यूब पर यह गाना मैसिव हिट बन गया है। ' 'यिम्मी यिम्मी' ' को अब तक 100 मिलियन से ज्यादा लोग देख चुके हैं। इस वीडियो सॉन्ग को श्रेया घोषाल और फ्रेंच आर एंड बी सिंगर टायक ने अपनी आवाज दी है। जैकलीन फर्नांडीस के फैंस सिर्फ इंडिया में नहीं बल्कि पूरी दुनिया में हैं। ' 'यिम्मी यिम्मी' ' गाना में जैकलीन के डांस स्टेप्स और उनका लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है।





### प्रशांत की फिल्म राक्षस में काम करेंगे रणवीर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह तेलुगु फिल्म हनुमैन के निर्देशक प्रशांत वर्मा की फिल्म राक्षस में काम करते नजर आ सकते हैं। काफी समय से यह खबरें आ रही हैं कि रणवीर सिंह, प्रशांत वर्मा के साथ किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करते हुए नजर आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह ने फिल्म साइन कर ली है और इस फिल्म का नाम राक्षस होने वाला है। यह फिल्म इंडियन माइथोलॉजिकल होने वाली है, जिसे मैथ्री प्रोड्यूस कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग इस साल के लास्ट में शुरू हो सकती है। राक्षस को आजादी से पहले की पौराणिक पृष्ठभूमि पर आधारित एक पीरियड फिल्म बताया जा रही है।



## पंजाब पर अपना शिकंजा कसना चाहेगी सुपरकिंग्स

चेन्नई, एजेंसी

प्रदर्शन में निरंतरता की कमी से जूझ रही चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम बुधवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें खेल के सभी विभागों में एकजुट प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी। सुपरकिंग्स के नौ मैच में 10 अंक हैं जो लखनऊ सुपर जाइंट्स, हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के समान हैं और गत चैंपियन टीम निश्चित रूप से जीत के साथ इन टीमों से आगे निकलने की कोशिश करेगी।

चेपक हालांकि सुपरकिंग्स का गढ़ है जहां गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है और मेजबान टीम ने पिछले मैच में सनराइजर्स पर 78 रन की आसान जीत दर्ज की। चेन्नई में उस रात ओस नहीं पड़ी थी और बल्लेबाजों द्वारा 200 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद सुपरकिंग्स के गेंदबाजों ने अपनी सटीक और विविधता से भरी गेंदबाजी से सनराइजर्स की मजबूत बल्लेबाजी इकाई को ध्वस्त कर दिया। चेन्नई को पंजाब के खिलाफ यह प्रदर्शन दोहराना होगा और सभी की निगाहें कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर होंगी जो फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। वहीं, पंजाब किंग्स का गेंदबाजी आक्रमण कागिसो रबादा, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह और सैम कुरेन जैसे अनुभवी गेंदबाजों की मौजूदगी के बावजूद थोड़ा कमजोर दिखता है। मेहमान टीम को स्पिनरों हरप्रीत बरार और चाहर से भी बेहतर प्रदर्शन की दरकार है क्योंकि इन्होंने अब तक सात विकेट लिए हैं।



- गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की बढ़ी चिंता जीत का रास्ता ही ले जाएगा आगे

## अमेरिका-मैक्सिको 2027 विश्व कप की मेजबानी की दौड़ से पीछे हटे

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी सॉकर महासंघ और मैक्सिको का महासंघ 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी के लिए संयुक्त बोली से पीछे हट गए हैं और उन्होंने कहा है कि वे इसके बजाय 2031 टूर्नामेंट की मेजबानी की कोशिश पर ध्यान केंद्रित करेंगे।



अमेरिका और मैक्सिको के इस फैसले के बाद 2027 विश्व कप की मेजबानी की दौड़ में ब्राजील और जर्मनी-नीदरलैंड-बेल्जियम की संयुक्त दावेदारी है। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा की कांग्रेस बैंकॉक में 17 मई को बैठक के दौरान इन दोनों में से किसी एक दावेदारी का चयन करेगी। अमेरिकी महासंघ ने कहा कि 2031 की बोली में फीफा को पुरुष और महिला विश्व कप में समान रूप से निवेश करने के लिए कहा जाएगा। फीफा ने पिछले साल कहा था कि उसने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में 2026 पुरुष विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि में 89 करोड़ 60 लाख डॉलर खर्च करने की योजना बनाई है। फीफा ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में पिछले साल के महिला विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि के रूप में 11 करोड़ डॉलर दिए थे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# भारत महाशक्ति बनने की राह पर, हम मांग रहे भीख

इस्लामाबाद, एजेंसी

● पाकिस्तान के हालात पर मौलाना फजलुर रहमान बोले-अदृश्य ताकतें ले रहीं फैसले



पाकिस्तान के शीर्ष नेता और जमीयत उलेमा ए इस्लाम (एफ) के अध्यक्ष मौलाना फजलुर रहमान ने भारत से पाकिस्तान की तुलना करते हुए कहा है कि भारत आज महाशक्ति बनने की राह पर है, जबकि हम दिवालियापन से बचने के लिए भीख मांग रहे हैं। मौलाना पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद नेशनल असेंबली के पहले सत्र को संबोधित करने के दौरान यह बात कही।

मौलाना ने कहा कि 'देश की दुर्दशा के लिए पर्दे के पीछे से फैसले लेने वाली अदृश्य ताकतें जिम्मेदार हैं, जिन्होंने जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को कठपुतली बना दिया है।' उन्होंने कहा कि 'यही ताकतें दीवारों के पीछे से हमें नियंत्रित करती हैं। वही फैसले करती हैं, जबकि हम सिर्फ कठपुतलियां हैं।' पाकिस्तानी संसद की वैधता पर सवाल उठाते हुए मौलाना फजलुर रहमान ने कहा कि 'संसद सदस्यों ने सिद्धांतों को त्याग दिया है और वे लोकतंत्र को बेचने में जुटे हैं। क्या संसद हकीकत में लोगों के जनादेश को प्रतिबिंबित करती है? महलों में और नौकरशाहों द्वारा फैसला किया जाता है कि कौन प्रधानमंत्री होगा।

## उबर ने पूरे पाकिस्तान में बंद किया परिचालन

**कराची।** स्थानीय कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच ऑनलाइन टैक्सी बुकिंग की सुविधा देने वाली ग्लोबल कंपनी उबर ने पाकिस्तान में सभी परिचालन बंद कर दिए हैं। कंपनी के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को इस बात की पुष्टि की। इसके पहले उबर ने 2022 में कुछ प्रमुख शहरों में अपनी सेवाएं बंद की थीं। प्रवक्ता ने कहा, हमारा सब्सिडियरी ब्रांड करीम पूरे पाकिस्तान में टैक्सी सेवाएं देना जारी रखेगा। उबर ने 2019 में अपनी प्रतिस्पर्धी करीम का 3.1 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया था। उस समय दोनों कंपनियों ने कहा था कि वे अपनी-अपनी क्षेत्रीय सेवाओं और स्वतंत्र ब्रांडों का संचालन जारी रखेंगी। उबर ने 2022 में कराची समेत कुछ शहरों में परिचालन बंद कर दिया था। कंपनी ने कहा कि जिन उबर यूजर के खातों में बैलेंस रकम है, वे नियत समय में अपनी राशि वापस पा सकते हैं।

# कोरोना में रक्षा कवच बनी कोविशील्ड पर ब्रिटेन का सवालिया निशान

*साल 2020 में कोरोना वायरस महामारी आने के बाद एस्ट्राजेनेका कंपनी ने इसकी वैक्सीन को तैयार किया था। भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने एस्ट्राजेनेका को कोविशील्ड के नाम से ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर बनाया। 2021 में पहली बार तैयार हुई एस्ट्राजेनेका वैक्सीन (कोविशील्ड) लगातार सवालों के घेरे में रही है। कई देशों ने 2021 में ही इस वैक्सीन पर प्रतिबंध लगा दिया था। कोविशील्ड जिस तेजी से तैयार की गई थी, उस पर वैज्ञानिक समुदाय में तभी सवाल उठने लगे थे। इसके बाद इस बात को लेकर जांच शुरू हुई कि टीका अपने काम में सुरक्षित भी या नहीं। अब लंदन हाईकोर्ट में कंपनी ने दुर्लभ' दुष्प्रभाव को स्वीकार लिया। इसके बाद वैक्सीन नए विवादों में घिर गई है।*

**क्या है एस्ट्राजेनेका-** एस्ट्राजेनेका वैक्सीन को भारत में कोविशील्ड के नाम से जाना जाता है। ये एक वायरल वेक्टर वैक्सीन है जिसे एसएआरएस-कॉवी-2 वायरस से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है जो कि कोविड-19 का प्रेरक एजेंट है। इस वायरस के काम करने के तरीके पर बात की जाए तो ये चिंपांजी में पाए जाने वाले एक सामान्य सर्दी के वायरस (एडेनोवायरस) के कमजोर संस्करण का उपयोग करके काम करता है। इसे एसएआरएस-कॉवी-2 वायरस से प्रोटीन के जीन को ले जाने के लिए मॉडीफाई किया गया है। ये शरीर में इंजेक्ट होने के बाद टीका इंसान के इम्यून सिस्टम को एंटीबॉडी बनाने और टी-कोशिकाओं को सक्रिय करने के लिए प्रेरित करता है ताकि इंसान की बॉडी संक्रमित होने की दिशा में इस वायरस से लड़ सके।




### क्यों हो रहा वैक्सीन पर नया विवाद

फरवरी में यूके की एक अदालत में जमा किए गए दस्तावेजों में एस्ट्राजेनेका कंपनी ने कहा कि इसके इस्तेमाल से थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) के साथ थ्रोम्बोसिस नामक एक दुर्लभ दुष्प्रभाव हो सकता है। कंपनी ने कहा है कि वैक्सीन कुछ मामलों में टीटीएस का कारण बन सकती है। दस्तावेज में साथ ही कहा गया है कि टीकाकरण ना होने पर भी टीटीएस हो सकता है। कैम्ब्रिज मुख्यालय वाली ब्रिटिश-स्वीडिश बहुराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल और बायोटेक्नोलॉजी कंपनी अब एक क्लास-एक्शन मुकदमे का सामना कर रही है, जिसमें दावा किया गया है कि ये वैक्सीन कई मौतों की वजह बनी है।

### केंद्र को चिंताओं को तुरंत दूर करना चाहिएः स्वास्थ्य मंत्री

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि केंद्र को कोविशील्ड टीके के कथित दुष्प्रभावों से जुड़ी चिंताओं को तुरंत दूर करना चाहिए क्योंकि भारत में करोड़ों लोगों को कोविड महामारी के दौरान यह टीका लगाया गया था। भारद्वाज ने इस टीके के दुष्प्रभाव और भारत में सिलसिलेवार रूप से अचानक कई मौतें होने के बीच कथित संबंध को लेकर चिंता जताई। दावा किया कि कोविशील्ड के सुरक्षित होने संबंधी आशंकाओं के चलते यह टीका जर्मनी, फ्रांस, स्पेन, फिनलैंड, नार्वे और डेनमार्क सहित कई यूरोपीय देशों में शुरू से ही प्रतिबंधित है।

### वैक्सीन का निर्माण

पुणे स्थित फार्मा कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने भारत और कुछ दूसरे गरीब देशों के लिए कोविशील्ड वैक्सीन के निर्माण के लिए जनवरी 2021 में एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के साथ डील की। इस साझेदारी के तहत सीरम को भारत और विश्व स्तर पर भारी मांग को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर वैक्सीन का कोविशील्ड के नाम से उत्पादन करने की अनुमति मिली। कोविशील्ड बनने के बाद भारत में इसके वितरण को भारत सरकार और राज्य सरकारों के सहयोग से सुविधाजनक बनाया गया और लोगों तक टीका पहुंचाया गया।

## एक नजर

### एयर इंडिया ने इजराइल के लिए उड़ानों का निलंबन 15 तक बढ़ाया

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच एयर इंडिया ने तेल अवीव (इजराइल) के लिए अपनी उड़ानों का निलंबन 15 मई तक के लिए बढ़ा दिया है। विमानन कंपनी ने 19 अप्रैल को कहा था कि तेल अवीव के लिए उसकी उड़ानें 30 अप्रैल तक निलंबित रहेंगी, तनाव को की बजह से अब 15 मई तक निलंबन बढ़ा दिया है। एयर इंडिया ने कहा, हम स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं और अपने उन यात्रियों को सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिन्होंने इस दौरान तेल अवीव की यात्रा के लिए टिकट ली हुई है। इन यात्रियों को नई तारीख निर्धारित करने और टिकट रद कराने को लेकर शुल्क पर एक बार की छूट दी गई है। इजराइल और हमास के बीच संघर्ष छिड़ने के बाद से ही पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

### श्रीलंकाः कांकेसंथुरई बंदरगाह की मरम्मत का खर्च उठाएगा भारत

**कोलंबो।** श्रीलंकाई मंत्रिमंडल ने उत्तरी प्रांत में कांकेसंथुरई बंदरगाह की मरम्मत कराने का फैसला किया है और भारत इस परियोजना का 6.15 करोड़ डॉलर का पूरा खर्च उठाने के लिए राजी हो गया है। श्रीलंका के उत्तरी क्षेत्र में स्थित कांकेसंथुरई बंदरगाह या केकेएस बंदरगाह 16 एकड़ के क्षेत्र में फैला है और यह पुडुचेरी में करईकल बंदरगाह से 104 किलोमीटर दूर है। तमिलनाडु में नागपत्तिनम को जाफना के समीप कांकेसंथुरई बंदरगाह से जोड़ने वाली सीधी यात्री जहाज सेवा करीब साढ़े तीन घंटे में 111 किलोमीटर का सफर तय करती है। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा-भारत परियोजना के लिए पूरी अनुमानित लागत वहन करने पर राजी हो गया है।

### कोलंबियाई सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, नौ सैनिकों की मौत

**बोगोटा।** उत्तरी कोलंबिया में एक सैनिक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे सवार सभी नौ सैनिकों की मौत हो गई है। सेना के बयानों में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर का बेस से संपर्क टूट और बाद में पता चला कि वह बोलिवर विभाग के सांता रोजा नगर पालिका के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने खेद व्यक्त किया है। बता दें, खाड़ी कबीले को कोलंबिया में मादक पदार्थों की तस्करी और आपराधिक के रूप में जाना जाता है।

### युद्ध के खिलाफ प्रदर्शनकारियों ने कोलंबिया विवि पर किया कब्जा

**न्यूयॉर्क।** इजराइल-हमास युद्ध को लेकर कई कॉलेज परिसरों में छात्रों के प्रदर्शनों के बीच मंगलवार तड़के दर्जनों प्रदर्शनकारियों ने न्यूयॉर्क में कोलंबिया विश्वविद्यालय की इमारत पर कब्जा कर लिया और एक खिड़की से फिलिस्तीनी झंडा फहराया। वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि विश्वविद्यालय के मैनहट्टन परिसर में हैमिल्टन हॉल के सामने प्रदर्शनकारी एकत्र हैं और उन्होंने फर्नीचर एवं अन्य चीजों से इमारत को अवरूद्ध कर दिया है। छात्रों ने रेडियो स्टेशन हॉल पर कब्जे की जानकारी दी है। घटना के बाद भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन अलर्ट हो गया है।

## पन्नू मामले में रॉ अधिकारी की संलिप्तता के दावों को भारत ने किया खारिज

# अमेरिकी मीडिया के आरोप अनुचित और निराधार, भारत का पलटवार

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी मीडिया की उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया गया है कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ का अधिकारी शामिल है। दरअसल अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट में अज्ञात सूत्रों के हवाले से एक रॉ अधिकारी के नाम का खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पन्नू की हत्या की साजिश में यही अधिकारी संलिप्त था। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कथित रॉ अधिकारी ने ही गुरपतवंत सिंह पन्नू के न्यूयॉर्क स्थित घर का पता और अन्य जरूरी जानकारी मुहैया कराईं थी। मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने पलटवार करते हुए अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स को बेबुनियाद बताकर खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि 'रिपोर्ट में एक गंभीर मामले पर बेबुनियाद और अनुचित आरोप लगाए गए हैं। अमेरिकी सरकार ने संगठित अपराध, आतंकवाद और अन्य को लेकर जो सुरक्षा चिंताएं साझा की हैं, उनकी भारत सरकार द्वारा उच्च स्तरीय जांच की जा रही है।' जायसवाल ने कहा कि गैर-जिम्मेदाराना और सिर्फ अनुमानों के आधार पर टिप्पणी करने से कोई मदद नहीं मिलेगी। बता दें, बीते साल नवंबर में अमेरिका के संघीय अभियोजक ने आरोप लगाए थे कि भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता ने भारत सरकार के एक कर्मचारी के साथ मिलकर सिख कट्टरपंथी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू को अमेरिका में ही मारने की योजना बनाई थी। इस मामले में निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था।



### पन्नू मामले में भारत आरोपों को गंभीरता से ले रहाः अमेरिका

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस ने कहा कि सिख आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नूं की हत्या की साजिश के मामले में भारत आरोपों को गंभीरता से ले रहा है। हालांकि, उसने मामले की एफबीआई जांच और न्याय विभाग की ओर से दायर आपराधिक मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की। अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे की यह टिप्पणी मीडिया की एक खोजी रिपोर्ट के बाद सामने आई है। इस खबर में दावा किया गया है कि भारत की खुफिया एजेंसी रॉ के अधिकारी विक्रम यादव अमेरिका में पन्नूं की हत्या की साजिश में शामिल थे और इस काम में तत्कालीन रॉ प्रमुख सामंत गोयल ने उन्हें मंजूरी दी थी। पन्नूं खालिस्तान आंदोलन के मुख्य नेताओं में से एक है। वह भारत में सिख फॉर जस्टिस संगठन का कानूनी सलाहकार और प्रवक्ता है। जिसका मकसद एक अलग सिख राज्य के विचार को बढ़ावा देना है। भारत सरकार ने पन्नू को आतंकवादी घोषित किया हुआ है। वॉशिंगटन पोस्ट के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव पियरे ने कहा, मामले की जांच चल रही है और न्याय विभाग आपराधिक जांच कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और हम कई क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए एक महत्वकांक्षी एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं।



## मालदीव के लोगों ने भारतीय सैलानियों को पीटा, दो घायल

**माले।** मालदीव और भारतीय सैलानियों के एक समूह के बीच हुए विवाद के बाद झड़प हो गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने एक मालदीव के नागरिक को हिरासत में लिया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दोनों समूहों के बीच लड़ाई राजधानी माले से लगभग सात किलोमीटर उत्तर पूर्व में हुलहुमले में सेंट्रल पार्क के पास हुई। यह घटना सोमवार रात लगभग 9 बजे की है। माले पुलिस ने बताया है कि हिरासत में लिया गया संदिग्ध मालदीव का है।

गंभीर रूप से घायल दोनों भारतीयों को हुलहुमले अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से बाद में उन्हें इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने कहा कि पार्क के अंदर मालदीव और भारतीयों के एक समूह के बीच झड़प हुई है। पुलिस ने कहा घटना में आरोपी को हिरासत में लिया गया है, टीम आगे की जांच कर रही है। पुलिस ने कहा-भारतीयों अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

# पोर्न स्टार मामले में ट्रंप दोषी, 9 हजार डॉलर का लगा जुर्माना

न्यूयॉर्क, एजेंसी

● पूर्व राष्ट्रपति को गैग के 9 मामलों में उल्लंघन का आरोपी माना



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पोर्न स्टार से रिश्तों से जुड़े एक मामले में मंगलवार को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया गया और गैग के आदेशों का बार-बार उल्लंघन करने के लिए अदालत ने नौ हजार अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है।

चुनाव के समय में ट्रंप के लिए यह फैसला एक बड़ा झटका है। जज ने ट्रंप को चेतावनी दी कि यदि वह दोबारा ऐसा करते हैं, तो उन्हें जेल की सजा हो सकती है। गैग ने ट्रंप पर गुप्त धन मामले से जुड़े गवाहों, जूरी सदस्यों सहित अन्य चीजों के बारे में सार्वजनिक रूप से बयान देने पर प्रतिबंध लगाया था। अभियोजकों ने ट्रंप पर 10 उल्लंघनों का आरोप लगाया था, लेकिन न्यूयॉर्क के न्यायाधीश जुआन एम मर्चन ने नौ उल्लंघन के मामले में उन्हें दोषी ठहराया। कोर्ट ने ट्रंप को शुक्रवार तक जुर्माना भरने तक का समय दिया है। गौरतलब है कि अमेरिका में इस साल के अंत में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच सीधा मुकाबला है। ऐसा पहली बार हुआ कि ट्रंप के साथ उनके परिवार का कोई सदस्य उनके आपराधिक मुकदमे में शामिल हुआ।

### ब्रिटेन में पुलिसकर्मी व लोगों पर तलवार से हमला

**लंदन।** पूर्वोत्तर लंदन में एक शख्स ने तलवार से पुलिसकर्मियों और आम लोगों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, हमलवार ने पहले एक घर में अपनी कार घुसा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 36 साल के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना से पहले शख्स ने किशोर समेत पांच लोगों और पुलिसकर्मियों पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे कई लोग घायल हुए है। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराय जहां, किशोर की मौत हो गई। सुनक ने स्तब्ध करने वाली घटना करार दिया और कहा कि देश की सड़कों पर ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।

### घाटी में भूस्खलन



**जम्मू:** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते जम्मू-कश्मीर में अलर्ट जारी है। तीन दिन से वर्षा का सिलसिला जारी है। मंगलवार को भूस्खलन से रामबन और बनिहाल में तीन लोगों की मौत हो गई और उफनते नालों में दो अन्य लोग बह गए। राजमार्गों को वाहनों के लिए बंद कर दिया है। हिमस्खलन से कई वाहन फंसे रहे। वहीं गुलमार्ग में हल्की बर्फबारी हुई है। ● एजेंसी

## मेटा की कार्यप्रणाली सरकारी विभाग से भी बदतर : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा की कार्यप्रणाली सरकारी विभाग से भी बदतर है, मीडिया समूह को उसकी शिकायत पर ठीक से जवाब देने में विफल रही।

अदालत ने इंस्टाग्राम पर मीडिया समूह के पेज हार्पर बाजार इंडिया को ब्लॉक करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा की खिंचाई करते हुए कहा कि अगर मीडिया संस्थान की शिकायत पर फैसला नहीं किया जाता है, तो अदालत प्रथम दृष्टया टिप्पणी करेगी कि सोशल मीडिया मंच के वकील को चक्कर लगवा रहा है। पीठ ने कहा, आप सरकारी विभाग से भी बदतर हैं, आपको सावधान रहना चाहिए। आपको स्थिति के प्रति सचेत रहना होगा। आपकी प्रणाली काम नहीं कर रही है। इसे ठीक करना होगा। पीठ ने कहा कि मेटा को चीजें दुरुस्त करनी चाहिए अन्यथा अदालत आदेश पारित कर सकती है।

# 7 साल तक नाबालिग से करता रहा दरिंदगी, निजी डायरी ने खोला राज

मुंबई, एजेंसी

● पीड़िता की 27 पन्नों में लिखी आपबीती से सामने आया आरोपी पति-पत्नी का सच
जमानत अर्जी खारिज होने पर पहुंच हाईकोर्ट

बॉम्बे हाईकोर्ट ने लड़की के साथ कई बार बलात्कार करने वाले आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया। लड़की जब 10 साल की थी आरोपी तब से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। कोर्ट ने कहा, पीड़िता से दरिंदगी का वर्णन करने के लिए शब्द कम पड़ जाएंगे। आरोपी को जमानत देना उसके घावों को कुरेदने के समान होगा, जो अब भी उसके दिमाग, शरीर और आत्मा में ताजा हैं।

न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की एकल पीठ ने अपने आदेश में पीड़िता द्वारा लिखी गई 27 पन्नों की निजी डायरी का जिक्र किया, जिसमें पीड़िता ने आपबीती दस्तान लिखी। जज ने कहा कि अपराध केवल एक विवेकशील व्यक्ति की अंतरात्मा को झकझोरने वाला है। परिजनों ने बताया कि साल 2021 में लड़की की उम्र 17 साल थी। उस दौरान एक लड़के का साथ भाग गई थी। जब हमने उसके कमरे की तलाशी ली थी तो एक डायरी मिली, जिसमें लड़की के साथ कई बार दुष्कर्म की बात सामने आई। डायरी में लड़की ने जिक्र किया है कि वह जब चौथी कक्षा (10 साल) में थी, तबसे आरोपी उसका बलात्कार कर रहा है। आरोपी उसे यौन उत्तेजित दिया करने के लिए दवाई देता था। आरोपी की पत्नी को इस घटना की पूरी जानकारी थी। वो अपने पति का साथ देती थी। परिवार ने कहा कि, डायरी मिलने के बाद साल 2021 में आरोपी और उसकी पत्नी के खिलाफ के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। बाद में विशेष अदालत ने आरोपी की पत्नी को जमानत दे दी थी, लेकिन आरोपी की जमानत खारिज कर दी थी। इसके बाद आरोपी ने जमानत के लिए हाईकोर्ट दरवाजा खटखटाया।

## कोरोना की जानकारी साझा करने वाले वैज्ञानिक को निकाला

**शंघाई।** चीन में कोरोना पर रिसर्च में शामिल वैज्ञानकि को लैब से बाहर निकालने दिया है।

चीन में कोविड-19 वायरस के एक अनुक्रम को प्रकाशित करने वाले पहले वैज्ञानिक उन्हें अपनी प्रयोगशाला से निकाले जाने के बाद रविवार से धरने पर बैठे थे। वायरोलॉजिस्ट झांग योंगझेन ने सोमवार को एक ऑनलाइन पोस्ट में लिखा कि उन्हें और उनकी टीम को अचानक जानकारी दी गई कि उन्हें उनकी प्रयोगशाला से बाहर किया जा रहा है। उन्होंने पहली बार जनवरी 2020 की शुरुआत में कोरोना वायरस पर अनुक्रम प्रकाशित किया था। इस कदम से नाराज चीनी सरकार ने उनको लैब से बहार का रास्ता दिखा दिया है।

# क्यों न भ्रूण का लिंग परीक्षण कर की जाए कन्या भ्रूण रक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

● आईएमए प्रमुख बोले-सामाजिक बुराई दूर करने से ही खत्म होगी कन्या भ्रूण हत्या



कानून के माध्यम से लिंग परीक्षण पर प्रतिबंध लगाने से कन्या भ्रूण हत्या रुक सकती है लेकिन बच्ची के जन्म के बाद उसके लिए खतरे बरकरार रहेंगे। इंडियन मेडिकल असोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष डॉ. आर.वी. अशोकन ने बताया है कि, किसी सामाजिक बुराई का कोई चिकित्सीय समाधान नहीं हो सकता।

बोले-आईएमए मौजूदा गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी-पीएनडीटी) अधिनियम को संशोधित करने के लिए एक दस्तावेज पर काम कर रहा है। यह अधिनियम भ्रूण के लिंग के निर्धारण के लिए प्रसव पूर्व निदान तकनीकों पर प्रतिबंध लगाता है और डॉक्टरों को जवाबदेह बनाता है। उन्होंने कहा, क्यों न भ्रूण के लिंग का पता लगाया जाए और फिर कन्या भ्रूण की रक्षा की जाए, उनमें से एक यह भी सुझाव है। आईएमए अध्यक्ष ने कहा, सामाजिक बुराई को दूर नहीं करेंगे तो कन्या भ्रूण हत्या खत्म हो जाएगी, लेकिन बच्ची के पैदा होने के बाद उसके लिए खतरे बरकरार रहेंगे। उन्होंने कहा, कन्या भ्रूण हत्या को रोकने में पीसी-पीएनडीटी अधिनियम द्वारा अपनाई गई पद्धति से सहमत नहीं हैं। आईएमए पीसी-पीएनडीटी अधिनियम पर फिर से विचार करने की मांग कर रहा है।

**विज्ञान** मैकगायर ग्रुप नामक वैज्ञानिकों की टीम को रसायनों का पता लगाने में मिली सफलता

# अंतरिक्ष में सबसे बड़े जटिल परमाणु की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने अंतरिक्ष मे एक नए जटिल परमाणु की खोज की है। यह मेथॉक्सी अणुओं की श्रेणी में आता है। इसका नाम 2-मेथॉक्सीएथेनॉल है। अंतरिक्ष में इस तरह के परमाणुओं की संख्या 13 पहुंच गई है। अब तक खोजा गया सबसे बड़ा और सबसे जटिल परमाणु माना जा रहा है।

रासायनिक तत्वों की उत्पत्ति व इनकी उपयोगिता को लेकर वैज्ञानिक अंतरिक्ष में रसायनों की खोज में जुटे रहते हैं। खगोलविदों के अनुसार धूमकेतुओं व क्षुद्रग्रहों में इनकी मौजूदगी मिलती है। साथ ही अंतरिक्ष में स्वतंत्र रूप से तैरते रहते हैं। जीवन के निर्माण में सहयोगी अमीनो एसिड जैसे अणु भी अंतरिक्ष में मौजूद हैं। यह खोज मैकगायर ग्रुप नामक वैज्ञानिकों की एक टीम ने की है। यह ग्रुप अंतरिक्ष में रसायनों का पता लगाने की महत्वपूर्ण खोज करती है। इस खोज में मैकगायर ग्रुप के साथ फ्लोरिडा और फ्रांस के वैज्ञानिक भी शामिल थे। यह खोज विज्ञान पत्रिका द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में प्रकाशित हुई है। शोध के मुख्य वैज्ञानिक फ्राइड के अनुसार अंतरिक्ष में कई 'मेथॉक्सी' अणु हैं, जैसे डाइमिथाइल ईथर, मेथॉक्सीमेथेनॉल, एथिल मिथाइल ईथर और मिथाइल फॉर्मेट हैं, लेकिन 2-मेथॉक्सीथेनॉल अब तक देखा गया सबसे बड़ा और सबसे जटिल है। यह खोज तारा निर्माण क्षेत्र एनजीसी 63341 में हुई है। इस खोज को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



पमाणुओं का चित्र।

### खगोलीय घटना तो नहीं थी कोरोना की महामारी

दुनिया में महामारी फैलाने वाले वायरस कोरोना कहां से आया, इसका अभी तक पता नही लग सका है। अंतरिक्ष में रासायनिक तत्वों की खोज करने वाले कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि संभवत : कोरोना का वायरस अंतरिक्ष से आया होगा। इसके पीछे एस्टिरॉइड के जरिए पृथ्वी पर पहुचने के कुछ तथ्य मानते हैं, लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नही हो पाई है

# एडमिरल दिनेश ने संभाला नौसेना प्रमुख का कार्यभार

नई दिल्ली, एजेंसी

● आर हरि के सेवानिवृत्त होने के बाद 26वें नौसेना प्रमुख बने त्रिपाठी



एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को आर हरि कुमार के सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद 26वें नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। बता दें कि दिनेश कुमार त्रिपाठी एक संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ भी हैं।

सैनिक स्कूल रीवा के पूर्व छात्र, एडमिरल त्रिपाठी बल की बागडोर संभालने से पहले नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। 15 मई 1964 को जन्मे एडमिरल त्रिपाठी को 1 जुलाई 1985 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ, उनकी लगभग 39 वर्षों की लंबी और विशिष्ट सेवा रही है। नौसेना के उप प्रमुख का पद संभालने से पहले, उन्होंने पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया था। एडमिरल त्रिपाठी ने भारतीय नौसेना के जहाजों विनाश, किर्च और त्रिशूल की कमान संभाली है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, हमारी नौसेना एक युद्ध-तैयार एकजुट, विश्वसनीय के रूप में विकसित हुई है।